वर्ष-31, अंक- 287, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
03 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## एक नजर

### दुष्कर्म मामले में प्रज्वल रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** दुष्कर्म और अश्लील वीडियो मामले में बेंगलुरु की एमपी/एमएलए विशेष अदालत ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने पूर्व जेडी (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को मृत्यु तक आजीवन कारावास के साथ-साथ 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट ने यह फैसला सुनाया है। दालत ने प्रज्वल रेवन्ना को बार-बार दुष्कर्म के लिए आईपीसी की धारा 376 (2) (एन) के तहत मृत्यु तक आजीवन कारावास और 5 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

### पुलिस ने विस्फोट पदार्थ किया बरामद

**सरायकेला-खरसावं।** शनिववार को पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावां को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित भाकपा (माओ0) नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा कुचाई थाना के दलभंगा ओपी अन्तर्गत ग्राम-सिकरम्बा के समीप पहाड़ी क्षेत्र में गोला-बारूद छिपाकर सुरक्षा बलों के विरूद्ध उनका अभियान रोकने तथा क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से कुछ वर्ष पूर्व छिपाकर रखा गया है। जिसके आलोक में सरायकेला-खरसावां पुलिस के साथ चाईबासा पुलिस, झारखण्ड जगुआर, सीआरपीएफ एवं एसएसबी का एक संयुक्त अभियान का गठन करते हुए शनिवार को कुचाई थाना के दलभंगा ओपी अन्तर्गत ग्राम-सिकरम्बा के आस-पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




## अमेरिकी टैरिफ के बीच बोले पीएम मोदी

# किसानों और छोटे उद्योगों का कल्याण 'सर्वोच्च प्राथमिकता'

- **पीएम ने कहा, देश को अपने आर्थिक हितों के प्रति सतर्क रहना चाहिए**



**वाराणसी (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि किसानों, छोटे उद्योगों और युवाओं का कल्याण सरकार की 'सर्वोच्च प्राथमिकता' है। साथ ही कहा कि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की गई है। अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी से पैदा हुई उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की पुष्टि करते हुए कहा कि देश को अपने आर्थिक हितों के प्रति सतर्क रहना चाहिए और 'स्वदेशी' उत्पादों को अपनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में एक रैली के दौरान कहा, वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का माहौल है। सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इसलिए भारत को अपने आर्थिक हितों के प्रति सतर्क रहना होगा। इस सप्ताह की शुरूआत में, ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। साथ ही कहा था कि रूसी तेल खरीदने पर भारत को अतिरिक्त टैरिफ दंड का भी सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा यह दावा किए जाने के बाद कि भारत ने संभवतः रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, सरकारी सूत्रों ने शनिवार को स्पष्ट किया कि रूस से तेल आयात पर ऐसी कोई रोक नहीं है। सूत्रों के अनुसार, भारत की ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हितों और बाजार की ताकतों से प्रेरित है। हमारे पास भारतीय तेल कंपनियों द्वारा रूसी आयात रोकने की कोई रिपोर्ट नहीं है। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत और अमेरिका साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जन-जन संबंधों पर आधारित एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं और इस साझेदारी ने कई बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है। इधर, प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, सरकार देश के सर्वोत्तम हित में हर संभव प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने रैली में अपने भाषण के दौरान कहा, जो लोग शेष पेज 11 पर...

# राहुल दुबे गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार, पिस्तौल-कारतूस समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद

- **कोल साइडिंग में आगजनी और गोलीबारी की वारदातों में संलिप्त, विशेष ऐप से हो रही थी गैंग की बातचीत**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पुलिस ने कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये आरोपी मगध कोलियरी (बालूमाथ), फुलबसिया (बरियातू) और टोरी कोल साइडिंग में हुई आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं में शामिल थे। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि इन घटनाओं के लिए गठित एसआईटी टीम ने जांच के बाद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में बल्केश्वर उर्फ सत्या, शंकर महतो, मुकेश कुमार, मनोज कुमार साहू, सागर कुमार और बबलू कुमार शामिल हैं। इनके पास से 7.65 एमएम की पिस्तौल, कारतूस, एक बाइक और 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए। मोबाइल में विशेष ऐप के जरिए गिरोह के सदस्यों की बातचीत रिकॉर्ड मिली है।

छापेमारी दल में डीएसपी बालूमाथ विनोद रवानी, डीएसपी लातेहार अरविंद कुमार, थाना प्रभारी बालूमाथ अमरेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## राज्य में मानव तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्दाफाश

# हजारीबाग पुलिस ने किया 5 को गिरफ्तार

- **डंकी रूट के जरिए अमेरिका भेजने का झांसा देकर की गई करोड़ों की ठगी**
- **मास्टरमाइंड भी गिरफ्त में, अन्य व्यक्तियों और माफिया नेटवर्क की तलाश जारी**

**नवीन मेल डेस्क**



### महत्वपूर्ण बरामदगी

- उदय कुमार के पास से सैमसंग मोबाइल, जिसमें पीड़ित और उसके पिता से व्हाट्सएप चैट की छायाप्रति।
- उसकी पत्नी के नाम से एक्सिस एवं एसबीआई बैंक डिपॉजिट पर्ची।
- नोटबुक, जिसमें डंकी रूट से भेजे गए लोगों की सूची और उनसे वसूली गई रकम का विवरण है।
- दर्शन प्रसाद के पास से रेडमी मोबाइल, जिसमें ट्रांजैक्शन स्क्रीनशॉट है।
- लालमोहन प्रसाद के पास से एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन तथा उसमें उदय कुशवा के साथ लेनदेन का व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट है।
- शंकर प्रसाद के पास से मोटोरोला मोबाइल, जिसमें उदय से लेन-देन से जुड़े व्हाट्सएप चैट हैं।

### अब तक डंकी रूट से भेजे गए व्यक्तियों की सूची :(सभी अमेरिका भेजे गए)

1. दिगंबर कुशवाहा (2018)
2. राजकुमार कुशवाहा (2013)
3. नंदू कुमार (2022)
4. पप्पू कुमार (2022)
5. चन्दन कुमार (2022)
6. शंभू दयाल (2022)
7. पृथ्वी राज कुशवाहा उर्फ सोनू (2022)
8. संजय वर्मा (2022)
9. सुमन सौरभ प्रसाद (2022)
10. प्रवीण कुमार (2022)
11. अरूण कुमार कुशवाहा (2019)
12. धीरज कुमार (2019)

**रांची।** हजारीबाग जिले की पुलिस ने मानव तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने डंकी रूट के जरिए अमेरिका भेजने का झांसा देकर की गई करोड़ों की ठगी मामले में मास्टरमाइंड उदय कुमार कुशवाहा सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें उदय कुमार कुशवाहा, सा. भराजो, वर्तमान पता - अमेरिका, दर्शन प्रसाद, सा. बुध बाजार, टाटीझरिया, लालमोहन प्रसाद, सा. केसडा, टाटीझरिया, चोहान प्रसाद, सा. भराजो, टाटीझरिया और शंकर प्रसाद, सा. मेरु, हजारीबाग शामिल हैं।

शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। अनुसंधान एवं छापेमारी के क्रम में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। हजारीबाग पुलिस इसे एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी रैकेट के रूप में देख रही है। इस मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों और माफिया नेटवर्क की तलाश जारी है। साथ ही, पुलिस ने आमलोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी झांसे में न आएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

दरअसल, हजारीबाग जिला के टाटीझरिया थाना क्षेत्र के भराजो गांव निवासी सोनू कुमार ने 30 जुलाई 2025 को थाने में एक सनसनीखेज शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें यह बताया गया था कि गांव के ही निवासी उदय कुमार कुशवाहा (जो पिछले 45 वर्षों से अमेरिका में रहकर व्यवसाय कर रहे हैं) ने उन्हें अमेरिका में नौकरी दिलाने का झांसा देकर, फर्जी दस्तावेजों और मानव तस्करी के डंकी रूट के माध्यम से वर्ष 2024 में ब्राजील के लिए रवाना किया।

वादी के अनुसार, उदय कुमार ने विकाश कुमार (दर्शन प्रसाद का पुत्र) और पिंटू कुमार दारू थाना के जरगा निवासी को भी अलग-अलग दिन दिल्ली से ब्राजील भेजा। ब्राजील पहुंचने पर इन तीनों को अंतरराष्ट्रीय डंकी माफिया के हवाले कर दिया गया। उन लोगों ने उन्हें छिपाकर रोड और नदी मार्ग से बोलिविया, पेरू, इक्वाडोर, कोलंबिया, पनामा, कोस्टा रिका, होंडुरास, ग्वाटेमाला होते हुए अमेरिका पहुंचाने की कोशिश की। वादी को 50 दिन तक माफिया के कब्जे में शेष पेज 11 पर...

# मंत्री रामदास सोरेन दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती



- **ब्रेन हेमरेज के बाद उनकी स्थिति गंभीर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को ब्रेन हेमरेज के बाद टाटा मोटर्स अस्पताल से एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह रामदास सोरेन बाथरूम में नहाने के दौरान गिर गए थे। इससे उन्हें सिर में गंभीर चोट आई। चोट के कारन खून का थक्का जम गया। आनन-फानन में उन्हें जमशेदपुर के टेल्को स्थित टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उन्हें विशेष मेडिकल टीम और बेटे सोमेश सोरेन के साथ एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना किया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

## नामकुम रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब बरामद

**रांची।** कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ रांची मंडल सतर्क मोड में कार्य कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को ऑपरेशन 'सतर्क' के तहत पोस्ट कमांडर आरपीएफ रांची के पर्यवेक्षण में आरपीएफ पोस्ट रांची और फ्लाइंग टीम रांची द्वारा नामकुम रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्र में संदिग्ध वस्तुओं, चोरी, मानव तस्करी आदि के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान नामकुम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर एक व्यक्ति भारी बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा पाया गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि बैग में शराब रखी हुई है। जांच में उसके बैग से कुल 12.750 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 35,000 रुपए है। शराब के प्रकार में ब्लैक डॉग, 100 पाइपर्स, बैलेंटाइंस और ब्लैक एंड व्हाइट स्कॉच व्हिस्की शामिल हैं। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम संजय कुमार, उम्र 45 वर्ष, निवासी बैरिया, थाना लालगंज, जिला बलिया, उत्तर प्रदेश बताया। उसने स्वीकार किया कि वह ट्रेन संख्या 18624 से पटना जा रहा था और शराब को ऊंचे दामों पर बेचने की नीयत से ले जा रहा था। वह किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बरामद शराब को गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया।

# बानो में करंट की चपेट में आने से दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो (सिमडेगा)।** सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड के कर्राडमाइर गांव में शनिवार को बिजली करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

मिली जानकारी के अनुसार कर्राडमाइर गांव निवासी अल्फोस होबो और उनकी बहु कुमुदिनी डुंगडुंग के घर का पंखा खराब हो गया था। पंखा बनाने के क्रम में दोनों बिजली के चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। वहीं, दिलीप कंडुलना सूचना मिलते ही इनको बचाने की कोशिश की। बचाने के क्रम में दिलीप कंडुलना भी बिजली के चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सूचना मिलते ही आसपास से ग्रामीण और बिजली कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना, जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, कांग्रेस महासचिव अभिषेक बागे और मंडल अध्यक्ष शमशेर अंसारी को दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल 108 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचा और ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सहदेव कोटवार और कांग्रेस महासचिव सामुएल बुढ़, बिजली कर्मी और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां अल्फोस होबो और उनकी बहु को मृत घोषित कर दिया गया।

# साहिबगंज में गंगा नदी में नाव पलटी, चार युवक डूबे, एक का शव बरामद

- **नाव में 31 लोग सवार थे, गोताखोरों की टीम नदी में लापता युवकों की कर रही तलाश**

**नवीन मेल डेस्क**

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में एक नाव शनिवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे गंगा नदी में पलट गई। इस हादसे में चार युवक नदी में डूब गए। इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि तीन युवक अब भी लापता हैं। ये चारों युवक आदिवासी समुदाय से हैं और बड़हरवा प्रखंड के बिंदुवासनी मंदिर के पास स्थित एक गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि नाव में 31 लोग सवार थे। नाव से गंगा नदी पार करने के दौरान यह हादसा गंगा नदी थाना क्षेत्र के गदाई दियारा इलाके में हुआ।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू कराया। गोताखोरों की टीम नदी में लापता युवकों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार, नाव पर सवार कुल 31 लोगों में से 28 किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, जबकि चार युवक गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय युवकों ने नदी में डुबकी लगाकर काहा हांसदा नामक युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके साथ गए कृष्णा, जमाई और एक अन्य युवक का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। तीनों युवकों की तलाश जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, ये सभी युवक रांगा थाना क्षेत्र से सुबह-सुबह चूहे पकड़ने के उद्देश्य से निकले थे। बारिश के मौसम में जब बिलों में पानी भर जाता है तो चूहे बाहर निकलते हैं और इसी मौके पर गांव के 17 युवक गंगा पार दियारा इलाके में पहुंचे थे। सुबह वे महाराजपुर घाट से नाव में सवार हुए और दियारा क्षेत्र पहुंचे, लेकिन लौटते समय नाव में आसपास के अन्य ग्रामीण भी सवार हो गए। इससे नाव में कुल 31 लोग हो गए। क्षमता से अधिक भार और गंगा के तेज बहाव के कारण नाव असंतुलित होकर बीच नदी में पलट गई। साहिबगंज के उपायुक्त हेमंत सती के अनुसार, एनडीआरएफ की टीम को तत्काल पटना के बिहटा से बुलाया गया है, जो बाढ़ की स्थिति सामान्य होने तक जिले में डटी रहेगी। गृह मंत्रालय से इस संबंध में अनुमति प्राप्त हो चुकी है। एनडीआरएफ की टीम जान-माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहेगी और गंगा में डूबे लोगों की तलाश के लिए राहत और बचाव कार्य में सहयोग करेगी। इधर, प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया गया है।

## इंडिया

# स्वच्छता सर्वेक्षण में श्रेष्ठता वाले इंदौर से सीख



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

इंदौर का स्वच्छता में श्रेष्ठता आज के प्रयास हैं, पर शुरुआत 1913 में होलकर राज्य में तभी हो गई थी, जब शहर में गंदगी करने वालों पर जुर्माना लगने लगा था। 1970-80 के दशक में जब इंदौर नया आकार ले रहा था और कॉलोनियों की शुरुआत हुई, तब भी सफाई को प्राथमिकता दी गई। इंदौर की कॉलोनियों का स्वच्छ होना 2014 के बाद स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बन गया है, जब पहली बार देश में इसको लेकर स्वच्छ शहर अवॉर्ड की शुरुआत हुई। भारत में घर-घर डस्टबीन में कचरा संग्रह कराने की शुरुआत इंदौर से ही हुई, जो मील का पत्थर भी साबित हुई। बाद में गीले-सूखे कचरे संग्रह की शुरुआत हुई। गीले कचरे के शोधन के लिए आसपास संयंत्र लगाए गए। दिल्ली और अन्य कई महानगरों जैसे इंदौर में भी देवगुराड़िया गांव के पास कचरे के ढेर मुंह चिढ़ाते थे। वहां पंद्रह लाख टन कचरे को खत्म करने की शुरुआती पहल से सभी का ध्यान इंदौर की ओर गया और पहली बार 2017 में इंदौर ने देश के स्वच्छ शहर का खिताब न केवल अपने नाम किया, बल्कि आज तक बरकरार भी रखा।

इंदौर नगर निगम का वार्षिक बजट आठ हजार करोड़ रुपयों से ज्यादा है। इसमें दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा स्वच्छता के लिए बताए जा रहे हैं। इसी में वेतन एवं अन्य विविध व्यय भी शामिल हैं। यहां के लोगों से उपयोगकर्ता यानी यूजर चार्ज शुल्क भी बहुत मामूली वसूला जाता है। झुग्गी-झोपड़ियों से 60 रुपए, मध्यम वर्ग से 90 रुपए और संपन्न से 150 रुपए हर घर का मासिक शुल्क लिया जाता है। निश्चित रूप




से यह न केवल जनभागीदारी है, बल्कि इससे जिम्मेदारी भी बनती है।शहर के साफ-सफाई में अव्वल आने से लोगों की मानसिकता बदली है। इंदौरियों में स्वच्छता का संस्कार ऐसे रच बस गया है कि वे खुद भी इधर-उधर कचरा नहीं फेंकते और दूसरों को भी नहीं फेंकने देते। लोगों की सड़कों पर जहां-तहां थूकने की आदत भी बदल गई है। इससे लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के अलावा दूसरे फायदे भी नजर आ रहे हैं, जहां स्थाई संपत्तियों की दरें बढ़ रही हैं, वहीं निवेशक भी इंदौर की तरफ आकृष्ट हो रहे हैं। रांची सहित झारखंड के अनेक शहरों में स्वच्छता बढ़ी है और गंदगी करने वालों की संख्या भी क्योंकि स्वच्छता सिर्फ सरकारी प्रयासों से पूरी नहीं हो सकती इसे आदत बनानी चाहिए और परंपरा भी जिससे झारखंड और समृद्ध होगा।

# तालीम व इतिहास की समझ, हर नागरिक के लिए अनिवार्य : सांसद संजय सिंह

- **ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड का दो दिवसीय कौमी कन्वेंशन दिल्ली में संपन्न**




**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड का दो दिवसीय कौमी कन्वेंशन 2 अगस्त 2025 को संपन्न हुआ। इस आयोजन में देशभर से उलेमा, शिक्षाविद, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में बुलबुले हिंद स्कूल की प्रिंसिपल शबाना खान, इस्लामी शिक्षा के क्षेत्र में दारुल उलूम मदनी (देवबंद) के क़ारी वलीउल्लाह अमीनी, और सोशल मीडिया में सक्रियता के लिए युवा मो. रेहान अली को सम्मानित किया गया। राजनीति के क्षेत्र में स्वयं सांसद संजय सिंह को भी सम्मानित किया गया। बोर्ड के कन्वेंशन की कमान चीफ काज़ी मुफ्ती ताहिर हुसैन मजाहिरी के नेतृत्व में रही, जबकि संचालन मौलाना मेहंदी हसन कासमी ने किया। बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव अल्लामा बुनाई हसनी ने कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विशेष रूप से निर्दोष लोगों की रिहाई के लिए कानूनी सहायता मुहैया कराने शेष पेज 11 पर...

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, दो गंभीर



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग पर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । स्थानीय और पुलिस के सहयोग से तीनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने तीनों की प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर हरिओम सिंह, रौशन कुमार जपला से अपने घर लौट रहे थे, इसी क्रम में दूसरी ओर से अमित कुमार अपनी बाइक से विपरित दिशा की ओर से आ रहा थे, उसी समय हादसा हो गया।

### ऑपरेशन सतर्क के तहत जपला आरपीएफ को मिली बड़ी सफलता

# चेकिंग के दौरान अंग्रेजी शराब के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में अधिकारी व स्टॉप द्वारा गश्त एवं आपराधिक गतिविधि निगरानी व शराब तस्करी रोकथाम के दौरान अंग्रेजी शराब के साथ दो अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश मीणा ने बताया कि जपला रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13347 अप में चेकिंग के दौरान शराब व बीयर के साथ दो अंतराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 2- 3 नवीनगर साइड के शेड के पास दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में तीन पिट्ठू बैग में वजनी सामान के साथ पाया गया। संदेह होने पर पूछताछ करने पर बैग खोलकर दिखाने को बोला गया तो उन लोगों के द्वारा आना-कानी किए जाने लगा, तब समक्ष गवाहों के समक्ष बैग को खोलकर देखा गया। तो उसमें 65 गॉड फादर बीयर, 11 रॉयल स्टेज, 9 ब्लेंडर स्प्राइट जिसकी लागत मूल्य करीब 17,850 रुपये अंग्रेजी शराब पाया गया। आगे पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों अंग्रेजी शराब बीयर बिहार में ले जाकर ऊंचे दामों में बेचते हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए शराब तस्कर में विक्की चौधरी, उम्र 25 वर्ष , पिता छटांगी चौधरी, ग्राम डेहरी , रोहतास (बिहार) एवं बिट्टू कुमार उम्र 15 वर्ष, पिता-अजय पासवान ,ग्राम-गम्हरिया थाना हुसैनाबाद का निवासी है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त बरामद माल एवं गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद अधीक्षक/ डाल्टनगंज पलामू को प्रेषित किया गया।



## चलती ट्रक में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा(पलामू)।** एनएच-39 रांची-मेदिनीनगर मार्ग पर शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे खामडीह के पास एक चलती ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। ट्रक रेणुकूट से ब्लीचिंग पाउडर लेकर रांची की ओर जा रही थी। घटना के वक्त ट्रक तेज रफ्तार में थी, लेकिन गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कूदकर जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टायर फटने के बाद ट्रक में आग लगी और कुछ ही पलों में पूरे वाहन को चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि दमकल की टीम के पहुंचने तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को तत्काल जानकारी दी गई। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि चालक से पूछताछ की जा रही है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बरसात में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छ पेयजल के उपयोग व आसपास के वातावरण की सफाई को जरूरी बताते हुए जलसहियाओं ने शनिवार को ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। भजनियां की जलसहिया शकुंतला देवी ने इसे लेकर आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों को बताया कि बरसात में मौसमी बीमारियों का खतरा बढ जाता है। इससे बचाव के लिए पानी को छान व उबाल कर पीना चाहिए। खासकर, पानी को उबालने से बारिश से इसमें फैले विषाणु नष्ट हो जाते हैं। जिससे पानी विशुद्ध हो जाता है। बरसात में अशुद्ध जल पीने से ही टायफाइड जैसी मौसमी बीमारी का प्रकोप बढ जाता है। जबकि आस पास सफाई नहीं रहने और जलजमाव से ही मच्छरों की उत्पत्ति होती है। जिससे मलेरिया जैसी बीमारी शरीर में घर कर जाती है। मौके पर प्रधानाध्यापक मनोज कुमार और शिक्षक संजय कुमार भी मौजूद थे। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि हर माह की 2 तारीख ग्राम जल स्वच्छता सभा के लिए निर्धारित तिथि है। इसी के आलोक में इन जलसहियाओं ने अभियान चलाकर ग्रामीणों और बच्चों को जागरूक करने के दायित्व को निभाया।

## करंट लगने से युवक की मौत, तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के हलुमाड गांव में खेत में काम कर रहे 25 वर्षीय युवक कुंदन कुमार सिंह की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग झुलसकर घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, हलुमाड़ गांव निवासी अलखदेव सिंह के नाती कुंदन कुमार सिंह खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर की टक्कर से खेत के किनारे खड़ा एक जर्जर विद्युत पोल गिर पड़ा, जिससे उस पर लगे 440 वोल्ट के विद्युत प्रवाहित तार सीधे ट्रैक्टर पर आ गिरे। करंट की चपेट में आने से कुंदन गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के दौरान आसपास के लोग उसे बचाने दौड़े, लेकिन वे भी करंट



की चपेट में आ गए। घायलों में देव कुमार सिंह, कुंदन की पत्नी और एक अन्य ग्रामीण शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने ही सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से आनन-फानन में तुम्बागड़ा स्थित नवजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद कुंदन को मृत घोषित कर दिया।

## हुसैनाबाद में जंग खा रही है छात्रों को मिलने वाली साइकिलें

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विभागीय उदासीनता के कारण हुसैनाबाद सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को मिलनेवाली साइकिलें खुले आसमान के नीचे बर्बाद हो रही है। बारिश के दिनों में सैकड़ों साइकिलें जंग खा रही है। नयी साइकिलों के टायर समेत अन्य पूर्जे खराब हो रहे हैं। समुचित जगह नहीं होने के कारण साइकिलों की फिटिंग भी खुले आसमान में की जा रही है। साइकिल के पार्ट-पूर्जे भी खुले में रखे हुए हैं। उक्त साइकिल पीएम श्री उर्दू राजकीय मध्य विद्यालय में लगभग 200 साइकिलों को खुले में रखकर छोड़ दिया गया है। जबकि विद्यालय में करीब 600 साइकिलें रखी गई हैं। एवन कंपनी के सुपरवाइजर ने भी स्वीकार किया कि खुले में साइकिल रखे जाने से जंग लगने की संभावना है। वहीं विद्यालय के एचएम व डीडीओ सुनील राम ने बताया कि कमरे में भी साइकिल रखा हुआ है, साथ ही बच्चों को पठन - पाठन कार्य में भी परेशानी हो रही हैं। इस विद्यालय में छात्रों की संख्या करीब 600 हैं। सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि उक्त विद्यालय के वर्ष 2024-25 के भी 94 छात्रों को साईकिल नहीं दिया गया है।



### क्या कहते हैं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी

इस संबंध में हुसैनाबाद के प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि पूर्व में छात्रों की सूची जिले को नहीं भेजी गई थी, अभी वर्तमान में हुसैनाबाद के 1206 छात्रों की सूची प्रखंड से जिला को भेज दी गई है। वहां से आदेश प्राप्त होते ही वितरण कर दिया जाएगा।

## अभिभावक गोष्ठी सह कजरी महोत्सव का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** मां शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय की गम्हरिया होलेया रोड स्थित शाखा में शनिवार को अभिभावक गोष्टी सह कजरी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरेंद्र प्रसाद ने की, जबकि संचालन रविंद्र कुमार मेहता ने किया। बच्चों द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कजरी गीत की बोल पर नृत्य से की गयी। इसके बाद कजरी गीत गायन व गीत पर कई बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में पर्यावरण से संबंधित एकाकी प्रस्तुत कर पर्यावरण संतुलन के संदर्भ में संदेश दिया गया। कार्यक्रम में श्रीकांत सिंह, भोला मीर, शिव कुमार सिंह, रमाकांत मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, भोला मीर, कविता देवी,रेणु देवी, ममता देवी, गुलाफ्शां खातून, तमन्ना खातून, अमृता देवी, इंदु कुमारी, तहजीबा बीबी,अजय कुमार मेहता, मिथुन, रेखा देवी, राज कुमारी देवी आदि समेत कई अभिभावकों ने अपनी-अपनी बातों को रखा व सुझाव दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ.जीतेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक समन्वय से शिक्षा का बेहतर माहौल बनता है। आप सभी अपने बच्चों का डायरी व कॉपी का नियमित जांच करने का काम करें। विद्यालय आते व वापसी के समय बच्चा का बैग चेक करना जरूरी है। ताकि वह अवांछित चीजों को बैग में न रखें। उन्होंने कहा कि मोबाईल से बच्चों को दूर रखें। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेश कुमार, विक्रम विशाल, राहुल गुप्ता, आरती सिंह, फिज्जा, राहुल कुमार, रूमी सिंह, रिया राज, रानी बेगम, जय नारायण सिंह, पिंकी कुमारी,रामरती देवी आदि सक्रिय रहे।

## लोक चेतना मंच का 'एक कदम पर्यावरण संरक्षण की ओर' की शुरूआत 4 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** लोक जन चेतना मंच के तत्वधान में सोमवार 4 अगस्त को दंगवार से मोहम्मदगंज तक मुख्य सड़क किनारे लगे वृक्षों का पूजन, रक्षा-सूत्र बंधन एवं खाली स्थानों पर वृक्षा रोपन कार्य किया जाएगा। इस संबंध में मंच के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में हुसैनाबाद एसडीओ, एसडीपीओ व बीडीओ को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, आध्यात्मिक संगठन भी भाग लेंगे। मंच की ओर से सभी को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम का नाम एक कदम पर्यावरण संरक्षण की ओर रखा गया है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद में सुबह 9 बजे से, हैदरनगर में सुबह 10:30 बजे व मोहम्मदगंज में 11:30 से कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत हुसैनाबाद के दंगवार से और समापन भीम बराज मोहम्मदगंज में की जायेगी।



### ऑटो व स्कूटी की टक्कर में महिला की मौत

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ पर बैरिया मोड़ के समीप कूटी एवं ऑटो की टक्कर में पांकी निवासी छोटू भुइयां की पत्नी बिगनी देवी (40) की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की दोपहर की है। जानकारी के मुताबिक बिगनी देवी अपने घर से भाई के साथ स्कूटी से मेदिनीनगर जा रही थी। इसी दौरान बैरिया मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर मेदिनीनगर से लेस्लीगंज की ओर जा रहे ऑटो से टकरा गई। इससे बिगनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस के सहयोग से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर मेदिनीनगर से दिया।

## व्यवसायी के निधन पर शोक

**हैदरनगर।** शहर के मेन रोड निवासी 52 वर्षीय व्यवसायी नरेश प्रसाद का निधन लंबी बीमारी के बाद शनिवार को ही गया। निधन की सूचना हैदरनगर बाजार क्षेत्र में फैलते ही व्यवसायियों जनसमूह मृतक के घर जाकर शोक संतप्त परिवारों से गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस मौके पर व्यवसायी सुदर्शन लाल, अनिल लाल, प्रतीक कुमार, नागेंद्र प्रसाद, पप्पू कुमार, गोविंद प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, मथुरा प्रसाद, कामता दुबे, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल आदि ने शव का अंतिम दर्शन के बाद शोकाकुल परिवारों को इस संकट की घड़ी में संयम व धैर्य रखने पर जोर दिया है।

## दिवंगत भाजपा नेता के परिजनों से मिले सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम शनिवार को दिवंगत भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे के रेहला आवास पर पहुंच कर परिजनों से मिले। उन्होंने स्व. टिकैत चौबे के पुत्र पूर्व प्रमुख संतोष चौबे से घटना की पूरी जानकारी ली और ढांढस बंधाया। कहा कि टिकैत चौबे पलामू प्रमंडल में पार्टी के एक मजबूत आधार स्तंभ थे। उनके निधन से पार्टी में जो शून्यता आयी है, उसे निकट भविष्य में भरना संभव नहीं है। उनका असमय जाना मेरे लिए तो व्यक्तिगत क्षति है। सांसद ने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि पूरी पार्टी आप लोगों के हर जरूरत पर हमेशा खड़ी मिलेगी।? मौके पर सांसद के जिला प्रतिनिधि विजय ओझा,विनय चौबे, ईश्वरी पांडेय, विश्रामपुर प्रतिनिधिअनुज पांडेय, विकाश चौबे मिंटू, लक्ष्मीकांत पांडेय, सुशील सिंह, रमेश कुमार, विजय पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम**

### हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक

## जन सहभागिता से ही फाइलेरिया उन्मूलन अभियान होगा सफल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जनसहभागिता से ही फाइलेरिया उन्मूलन अभियान सफल होगा। यह बात हुसैनाबाद की प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कही। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिए शनिवार को हुसैनाबाद प्रखंड सभागार में आयोजित प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एमडीए/आईडीए -2025 अभियान, 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान डीईसी, एल्बेंडाजोल एवं एलवारमेस्टिन की दवाएं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 अगस्त को बूथ लेवल पर तथा उसके बाद घर-घर जाकर निःशुल्क खिलाई जाएंगी। बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर फाइलेरिया से बचा जा सकता है। इस अभियान को सफल बनाने हेतु उपायुक्त के निदेशानुर्सार सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आंगनबाड़ी सेविकाएं, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी, स्वास्थ्यकर्मी सहित विभिन्न विभागीय प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील है कि इस अभियान में सहयोग दें, स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दी जा रही दवा का सेवन करें और फाइलेरिया उन्मूलन में सहभागी बनें तथा किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचें। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम हेतु आयोजित प्रखंड समन्वय समिति की प्रथम बैठक में बीडीओ के अलावे अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीपीएम विभूति प्रसाद गुप्ता,लोटनिया पंचायत के मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह, देवरी खुर्द की ममता देवी सहित कई उपस्थित थे।




## देवी धाम में भव्य महाआरती का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रसिद्ध देवी धाम हैदरनगर में पारंपरिक रुप में शुक्रवार की देर शाम साप्ताहिक भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर मां भगवती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर मालाकार निलेश कुमार ने मंदिर को आकर्षक ढंग से फूलमाला से सजावट की। इसी बीच मां भगवती से आधारित महिला श्रद्धालुओं ने भजन, संगीत गायन कर भक्तिमय माहौल बनाया। इस आयोजन को सफल बनाने में मंजीत बाबा का काफी सहरानीय योगदान रहा है। पं. सत्येन्द्र दुबे का कहना है कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से पूजा अर्चना मां भगवती को करते हैं। उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। इस आयोजन में कौशलेंद्र कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, राकेश कुमार, अंकित कुमार, मीरा देवी, प्रमिला कुमारी, अलका, बिमला देवी, बेली देवी, दीपक कुमार सहित काफी संख्या में महिला शामिल हैं।



# प्रमंडल में अव्यवस्था पर डीआईजी सख्त, अफसरों को चेतावनी– अब अनदेखी नहीं चलेगी

● "सुधारिए हालात, वर्ना उठाइए जवाबदेही", क्षेत्रीय जनता परेशान, हताश

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल की बिगड़ती नागरिक व्यवस्था और लचर पुलिसिंग को लेकर अब पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। डीआईजी नौशाद आलम ने प्रमंडल के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी कर जमीनी हालात में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में साफ चेताया गया है कि "अब और अनदेखी नहीं चलेगी।"

**जिंदगी पर लटक रही बिजली की तारें :** शहर के चौक-चौराहों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और गली-मोहल्लों में लटकते बिजली के तारों को लेकर डीआईजी ने नगर निगम व बिजली विभाग पर तीव्र नाराजगी जताई है। इन तारों को संभावित दुर्घटना की आशंका बताते हुए विद्युत विभाग और जिला प्रशासन को समन्वय कर तत्काल सुधार कार्य करने का निर्देश दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि किसी दुर्घटना की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी संबंधित अफसरों की होगी।

**हेलमेट चेकिंग में न हो आम नागरिकों की फजीहत :** डीआईजी नौशाद आलम ने यातायात विभाग को निर्देशित किया है कि हेलमेट चेकिंग अभियान जरूरी है, लेकिन यह आम नागरिकों के उत्पीड़न का जरिया नहीं बने। तेज रफ्तार बाइकर्स और नियम तोड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई हो, लेकिन सामान्य नागरिकों के साथ संवेदनशीलता बरती जाए।




**पैदल चलना बना चुनौती, फुटपाथ-नालियां बेहाल :** फुटपाथ की टूट-फूट, नालियों के खुले ढक्कन और सड़क किनारे अराजक ढंग से बिजली के खंभे लगे। हैं – ये सभी समस्याएं डीआईजी के संज्ञान में आई हैं। डीआईजी ने कहा कि पैदल चलने वालों की जान खतरे में है और नगर निकायों की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। इन मुद्दों को तत्काल दुरुस्त करने की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**अतिक्रमण से बाजारों में अराजकता, यातायात ठप :** दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान फैलाना, अस्थायी टीनशेड लगाना और सड़कों तक कब्जा कर लेना, इन प्रवृत्तियों को डीआईजी ने खुलेआम "कानून की धज्जियां उड़ाना" करार दिया है। निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे अतिक्रमणकर्ताओं पर त्वरित कार्रवाई हो और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

### सीसीटीवी बंद, निगरानी मज़ाक बन चुकी

डीआईजी कार्यालय ने उन इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी समीक्षा की जो या तो बंद हैं या तकनीकी रूप से फेल हैं। इसे "निगरानी प्रणाली का मज़ाक" बताया गया है। निर्देश दिया गया है कि सभी खराब कैमरे तत्काल चालू किए जाएं और जरूरत पड़ने पर नए कैमरे लगाए जाएं।

**हथियार अनुज्ञप्ति की समीक्षा, डराने-धमकाने वालों की खैर नहीं :** डीआईजी ने हथियार लाइसेंस को लेकर बेहद सख्त रुख दिखाया है। अब केवल उन्हीं को लाइसेंस मिलेगा जिन्हें इसकी "वास्तविक जरूरत" हो। साथ ही उन मामलों की जांच भी होगी, जहां हथियारों का इस्तेमाल प्रदर्शन, डराने या सेलिब्रिटी फायरिंग जैसी गतिविधियों में किया जा रहा है। बहरहाल बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर आम नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है। कई लोग कहते हैं कि लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है—खुले तार, अतिक्रमण, फुटपाथ की अनुपस्थिति और सड़कों की दुर्दशा ने रोजमर्रा की जिंदगी को असहनीय बना दिया है। अब जब डीआईजी स्तर से सख्ती आई है, तो लोग उम्मीद कर रहे हैं कि यह चेतावनी दिखावे की नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली होगी। डीआईजी नौशाद आलम ने सुझाव पत्र की प्रतिलिपि पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक को भी दिया है।

## उपायुक्त ने चैनपुर सीएचसी का किया निरीक्षण

# विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया गया विशेष जोर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने शनिवार को चैनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सकीय व्यवस्था, दवा भंडारण, स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति सहित अन्य बुनियादी पहलुओं की गहन समीक्षा की।

उपायुक्त ने केंद्र में चिकित्सकों और कर्मचारियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति, दवाओं का भंडारण, एमटीसी (कुपोषण उपचार केंद्र), कोल्ड चेन में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, प्रसव कक्ष, जन औषधि केंद्र, बाथरूम की सफाई, और बिजली उपकरणों की कार्यशीलता की विशेष रूप से जांच की।

उन्होंने स्वच्छता, दवाओं की नियमित उपलब्धता, चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति एवं इमरजेंसी सेवाओं की तत्परता को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन और केंद्र प्रभारी डॉ. चमन भी उपस्थित रहे।





**जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी हुआ निरीक्षण :** उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले के अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया।

अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पथरा, छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी ने पीएचसी हूटार, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी ने पीएचसी रामगढ़, सदर एसडीएम ने बभंडीह, भूमि सुधार उप समाहर्ता ने बसरिया, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने चांदो, चैनपुर अंचलाधिकारी ने हरिनामाड़, सहायक समाहर्ता ने करसो व जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने नावाडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया।

**इन प्रमुख बिंदुओं पर किया गया निरीक्षण :** निरीक्षण के दौरान निम्न बिंदुओं को आधार बनाया गया। इनमें सामान्य बुनियादी ढांचा और परिवेश, अस्पताल परिसर की समग्र स्वच्छता, साइनबोर्ड और सूचना पट, मरीज प्रतीक्षालय की व्यवस्था, पेयजल और शौचालय की स्थिति महत्वपूर्ण है।

**प्रमुख सेवा वितरण क्षेत्र :** ओपीडी सेवा, फार्मेसी एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, पैथोलॉजी लैब, प्रसव गृह, आंतरिक रोगी विभाग, आपातकालीन (कैजुअल्टी) सेवाएं।

**सहायक सेवाएं एवं प्रबंधन :** एंबुलेंस की उपलब्धता और स्टाफ, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन m, कर्मचारियों की जिम्मेदारी और समन्वय प्रमुख विषय है।

पदाधिकारियों ने निरीक्षण के उपरांत संबंधित प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं जनहित में दुरुस्त की जाएं तथा गुणवत्ता में कोई समझौता न हो।

## एमके डीएवी में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम सम्पन्न

# सीबीएसई के निर्देश पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने किया पौधारोपण



● पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज में सीबीएसई द्वारा प्रायोजित 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने वरिष्ठ शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया।

प्रभारी प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि सीबीएसई केवल पाठ्यक्रम ही नहीं कराती, बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विविध कार्यक्रम आयोजित करती है। केंद्र सरकार की इस पहल को सभी सीबीएसई विद्यालयों में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी पर्यावरण के प्रति सजग हैं और इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 'एक वृक्ष दस पुत्रों के समान' होता है, इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक — सी.एस. पांडे, नीरज श्रीवास्तव, ए.के. पांडे, कन्हैया राय, जितेंद्र तिवारी, प्रदीप बोराल, विक्रम चंदेल, ए.के. भारद्वाज, विक्रम रॉय, चंदन कुमार, मंजू चंदेल, शिल्पी सिंह — तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# यातायात जांच में 13 दोपहिया वाहन जब्त, 8 पर 14,150 का फाइन



● बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल राइडिंग कर रहे चालकों के खिलाफ की गई कार्रवाई, वाहन थाना परिसर में सुरक्षित रखे गए

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक पर यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को चारपहिया और दोपहिया वाहनों की जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोड (तीन सवारी) के साथ पकड़े गए।

इस अभियान के तहत 13 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षा के तहत रखा गया है। सभी जब्त वाहनों का मामला जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को चलान और फाइन के लिए भेजा गया था। 02 अगस्त 2025 को जिला परिवहन कार्यालय पलामू द्वारा 8 दोपहिया मोटरसाइकिलों का कुल 14,150 का जुर्माना निर्धारित किया गया। उक्त राशि का चलान संबंधित वाहन मालिकों पर जारी किया गया है। यह कार्रवाई यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से की गई थी।

# एनएसयूआई का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त, मांगों पर मिली विश्वविद्यालय प्रशासन से निदान के आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) में चल रहा एनएसयूआई का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। धरना के दौरान छात्र नेताओं और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच कई चरणों में वार्ता हुई, जिसके परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एक ओर जहां एनएसयूआई के दबाव ने प्रशासन को वार्ता के लिए विवश किया। छात्र संगठनों का कहना है कि यह आंदोलन इसलिए भी जरूरी था क्योंकि प्रशासनिक ढिलाई से छात्र समुदाय लंबे समय से हताश और परेशान था।




**शिक्षकों का तबादला और बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य :** धरना स्थल पर हुए समझौते के अनुसार, एक ही कॉलेज में वर्षों से पदस्थापित शिक्षकों का तबादला किया जाएगा ताकि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। शिक्षकों के लिए अब सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अनिवार्य बायोमेट्रिक उपस्थिति देनी होगी।

**पीएचडी जांच और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के निर्देश :** पीएचडी प्रवेश परीक्षा में अनियमितता के आरोपों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच समिति गठन करने का निर्णय लिया है। साथ ही कई कॉलेज परिसरों में टूटे हुए ट्रेंच को जल्द ही बदला जाएगा ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

एमएड और एलएलबी कोर्स शुरू करने को लेकर विश्वविद्यालय जल्द ही राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजेगा। कॉलेज परिसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारद्वारी निर्माण का भी निर्णय लिया गया है।

**समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो फिर आंदोलन :** एनएसयूआई नेताओं ने प्रशासनिक सहमति का स्वागत तो किया है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि अगर तय समय-सीमा में वादों को अमल में नहीं लाया गया, तो आंदोलन का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा।

### बारिश बनी मुसीबत, मूसलाधार बारिश से कई परिवार हुए बेघर

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** लगातार मूसलाधार बारिश के कारण जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत में कई गरीब परिवार बेघर हो चुके हैं। बीते रात मूसलाधार बारिश से तुलबुल निवासी कौशल्या देवी पति आदित्य प्रजापति और चिल्हिया निवासी मुनिया देवी पति शंभू राणा का घर क्षतिग्रस्त होने के साथ धवस्त हो गया। गनीमत हुआ की कोई हताहत या किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। पीडितों ने बताया कि रात्रि जब घर में सोए हुए थे तो घर का मिट्टी जैसे ही बैठना चालू हुआ तो ऊपर में घर का कंडी टूटा और जोर से आवाज हुई, तो उठकर देखे की दीवाल टूट गया है, आनन फानन में खंभे के शहारे से छप्पर को रोकने का कार्य किया और सो रहे बच्चों को निकाला। कौशल्या देवी के पति आदित्य प्रजापति गुजरात में रहकर किसी तरह से अपना गुजर बसर करते हैं, पर एकाएक घर धस जाने के कारण उनके सर पर इस बरसात में एक आफत आ बन गई है। मुनिया देवी के पति शंभू राणा गांव में ही दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह से अपना घर-परिवार को चलाते थे। पर एकाएक घर बारिश से ध्वस्त हो जाने के कारण बेघर हो गए हैं। इनके पास रहने के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। ताजुब की बात यह है कि दोनो परिवार को आज तक कोई सरकारी आवास भीं नहीं मिला है। पीड़ितों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। वहीं पंचायत के मुख्य पति जयनंदन भारती, वार्ड सदस्य पति उमेश प्रसाद केसरी ने हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

### तेज बहाव में सड़क बहा, आवागमन बाधित

**चतरा।** बीते दिनों हुए लगातार बारिश के पानी ने लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर तो कहर बरपाया ही। अब खेतों, बांधो एवं तालाबों में लबालब भरे पानी ने भी अपना तांडव शुरू कर दिया है। बीते दिनों जल रिसाव के कारण सिकनी गांव में पीसीसी पथ टूटने, बेलाटांड गांव में गाडवाल धंसने एवं लावालौंग पांकी मुख्य सड़क के कीचड़ में तब्दील होने से लोग परेशन थे। अब लावालौंग पंचायत के भलवाही चांनी गांव के समीप कालीकरण सड़क तेज बहाव में लगभग दस फीट बह गया है। जिसके कारण सड़क दो भागों में बंट गया है। सड़क के किनारे तालाब में भारी मात्रा में जमे पानी के रिसाव और दबाव के कारण सड़क बह गया। जिसके कारण प्रखंड मुख्यालय से भलवाही चांदी का संपर्क लगभग टूट गया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि किसी तरह बहते पानी से होकर लोग पैदल आवागमन करने को मजबूर हैं। मोटरसाइकिल और छोटी वाहनों का आवागमन तो बिल्कुल ठप हो चुका है।

## गढ़वा डीसी ने खनन क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण

# पारदर्शिता व मानकों के अनुपालन का दिया सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड में संचालित विभिन्न पत्थर खदानों एवं क्रशर प्लांटों का गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य खनन गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, पर्यावरणीय एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन की स्थिति का मूल्यांकन करना, साथ ही दस्तावेजीय सुसंगतता की जाँच करना रहा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त सर्वप्रथम इशान स्टोन क्रशर प्लांट पहुंचे।

जहां उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली के संबंध में संचालक से विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित सभी दस्तावेजों की सूक्ष्मता से जांच की। उन्होंने क्रशर प्रबंधन को पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने एवं सुरक्षित खनन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने एमजीसीपीएल द्वारा संचालित पत्थर खदान का भी स्थल निरीक्षण किया, जहां उन्होंने खनन प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में उन्होंने सोखा बाबा स्टोन माइन्स का भी भ्रमण किया और संपूर्ण खनन क्षेत्र की स्थिति का अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि खनन कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों का कठोरता से पालन और सुरक्षा मानकों की अनिवार्य रूप से पालना अत्यंत आवश्यक है। नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। इसके अतिरिक्त उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बेलचंपा क्षेत्र का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने बालू घाटों की स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने पाया कि वर्तमान में जिले में बालू उठाव पर रोक लगी हुई है और ऐसे में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं होनी चाहिए।

इस संदर्भ में उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि बालू उठाव वाले संभावित स्थलों के समीप जाने वाले मार्गों को अविलंब अवरुद्ध किया जाए, ताकि बालू के अवैध दोहन की कोई संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान जिला खनन पदाधिकारी राजेन्द्र उराँव, खान निरीक्षक भाव प्रकाश महतो एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खनन से जुड़ी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखें और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## दो दिवसीय कृषि उद्यम मेला 2025 का समापन

# उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को किया गया सम्मानित प्रगतिशील किसानों ने साझा किए अनुभव

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित दो दिवसीय कृषि उद्यम मेला 2025 का समापन शनिवार को हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में हुआ। इस अवसर पर नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कृषि अधिकारियों, कृषक मित्रों व प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल कृषि तकनीक, नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला मंच बना, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम भी सिद्ध हुआ। संपूर्णता अभियान के अंतर्गत नीति आयोग द्वारा आयोजित अवार्ड सेरेमनी में कृषि क्षेत्र के कर्मठ योगदानकतार्ओं को उपायुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं आकांक्षा कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतापपुर के प्रगतिशील किसान शत्रुध्न प्रजापति एवं मोहन प्रजापति द्वारा सब्जी उत्पादन, जैविक खेती, मल्चिंग, टपक सिंचाई जैसे तकनीकी विषयों पर अनुभव साझा किए गए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वैज्ञानिक तकनीकों एवं जैविक विधियों के माध्यम से उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव की ओर ध्यान आकृष्ट कर जैविक खाद के प्रयोग पर विशेष बल दिया। जेएसएलपीएस से वर्ष 2014 से जुड़ी तरुणा देवी ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाएं अब समूहों के माध्यम से आजीविका के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रही हैं।

समापन सत्र में उपायुक्त कीर्तिश्री ने जिले के सभी किसानों, कृषि अधिकारियों, नीति आयोग एवं सहयोगी संस्थाओं को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद देते हुए कहा कि यह मेला न केवल ज्ञान और नवाचार का मंच था, बल्कि चतरा जिले की समग्र कृषि-आधारित विकास यात्रा का प्रतीक भी है। हमें इसी ऊर्जा और एकजुटता के साथ आगे बढ़ते रहना है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम समेत जिले के सभी कार्यालय प्रधान, जनप्रतिनिधि कृषक मित्र समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**कृषि में लगाए गए थे 40 स्टॉल :** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में आयोजित दो दिवसीय कृषि उद्यम मेला 2025 में 40 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। मेले में विभिन्न विभागों, कृषक समूहों, एएचजीएस व एफपीओ द्वारा 40 से अधिक स्टॉलों के माध्यम से न केवल बेहतर कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई, बल्कि सरकारी योजनाओं, जैविक उत्पादों एवं स्थानीय संसाधनों की प्रदर्शनी भी की गई। इस दौरान झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के महिला समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की खरीददारी में किसानों और आम नागरिकों ने विशेष रुचि दिखाई। वहीं नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों में विकास के लिए प्रारंभ किए गए संपूर्णता अभियान के अंतर्गत यह आयोजन चतरा जिले में ग्रामीण विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ।

## एसडीओ ने किया बरडीहा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार को बरडीहा प्रखंड कार्यालय का औचक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड प्रशासन की कार्य संस्कृति, कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति, नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता तथा विकास योजनाओं की प्रगति की सरसरी तौर पर समीक्षा की। एसडीएम ने अंचल में भूमि विवादों को लेकर भी संबंधित कर्मियों से आवश्यक पूछताछ और समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के क्रम में उन्होंने आम नागरिकों एवं लाभुकों से बात कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया तदनुरूप संबंधित पदाधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ और समस्याओं का निष्पादन ससमय पर सुनिश्चित करवायें। निरीक्षण के उपरांत एसडीएम ने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, विशेष रूप से उप प्रमुख सकेंद्र पासवान, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इस दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों और आरटीआई कार्यकर्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राकेश सहाय के विरुद्ध असहयोग, पारदर्शिता की कमी,जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार न करने की शिकायत की। शिकायतकताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कई कार्य योजनाएं बिना जनप्रतिनिधियों की जानकारी के ही संचालित की जा रही हैं, जिससे विकास कार्यों में समन्वय की कमी देखी जा रही है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम संजय कुमार ने सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों को आगामी सोमवार को एसडीएम कार्यालय में आमंत्रित किया है, ताकि प्रखंड में आपसी समन्वय और कार्यशैली संबंधी विषयों पर खुलकर चर्चा की जा सके।

## भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव की तबीयत बिगड़ी



**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें रांची स्थित मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया के माध्यम से फैली, क्षेत्र में उनके समर्थकों के बीच चिंता और मायूसी का माहौल पसर गया। विधायक के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा ने सबसे पहले सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए अपने पिता के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसके बाद बड़ी संख्या में समर्थकों ने विधायक की अस्पताल में भर्ती तस्वीर साझा कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। शनिवार को रांची के मेडिका अस्पताल में विधायक का हालचाल जानने के लिए कई राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां पहुंचीं। इनमें पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ताहिर अंसारी और वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर पांडेय प्रमुख रहे। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के कई कार्यकर्ता भी इस दौरान अस्पताल पहुंचे और विधायक के स्वास्थ्य लाभ की कामना की। समर्थकों ने उम्मीद जताई है कि विधायक अनंत प्रताप देव जल्द ही स्वस्थ होकर अपने कर्तव्यों का पुनः निर्वहन करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण हेतु समय निर्धारित

**मझिआंव।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी सरकारी व गैर सरकारी स्थान पर ध्वजारोहण हेतु प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक ने की। इस बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, जिला परिषद जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक ने कहा कि सरकारी व गैर सरकारी ध्वजारोहण हेतु समय सारणी निर्धारित की गई है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय 8:30 बजे, थाना परिसर 8:50, प्रेस कार्यालय 9:05, रेफरल अस्पताल 9:15 बजे, पशु चिकित्सालय 9:30 बजे, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय 9:45 बजे, नगर पंचायत कार्यालय 10:00 बजे, सभी पंचायत भवन 10:5, प्रगतिशील यूनियन कार्यालय 10:10, भारतीय किसान संघ 10:15 बजे, शिवेशवर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज 10:20, चैंबर ऑफ कॉमर्स 10:30, दूरसंचार कार्यालय 10:35 ध्वजारोहण होना समय निर्धारित किया गया है।

## गढ़वा जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा को दुरुस्त करने के लिए उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश




**गढ़वा।** गढ़वा जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा को शीघ्र बहाल कर आम नागरिकों को निर्बाध आपात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने त्वरित एवं सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने गढ़वा अनुमंडल, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल एवं रंका के अनुमंडल पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में 108 एम्बुलेंस सेवाओं की वस्तुस्थिति का गहन निरीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। यह निर्देश झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी द्वारा उपायुक्त को सौंपे गए आवेदन के आलोक में दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि गढ़वा जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा का संचालन सम्मान फाउंडेशन पटना द्वारा ठीक से नहीं किया जा रहा है। विशेष रूप से संस्था के जिला प्रबंधक मोहम्मद शमशाद आलम के अनुचित कृत्यों के कारण सेवा बाधित हो रही है, जिससे आम नागरिकों को आपात स्थिति में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर विषय को देखते हुए उपायुक्त ने तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि वे असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.जॉन एफ कैनेडी से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में परिचालित सभी 108 एम्बुलेंस की अद्यतन स्थिति जैसे कुल संख्या, चालू-खराब एम्बुलेंस की संख्या आदि की रिपोर्ट तैयार करें। विशेष रूप से खराब पड़ी एम्बुलेंसों को अविलंब दुरुस्त कर सेवा में बहाल करने की जिम्मेवारी तय की गई है।

## सर्पदंश से महिला घायल

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी अरविंद पासवान की पत्नी 22 वर्षीया काजल देवी शनिवार को सांप काटने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि काजल कुछ काम कर रही थी। उसी दौरान सांप ने उसे काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल लाया।

### डीआईजी ने एसडीपीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कहा-

# सभी थाना प्रभारी टीम भावना के साथ काम करें

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** डीआईजी नौशाद आलम ने शनिवार की देर शाम एसडीपीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया साथ ही स्वच्छता को लेकर सख्त निर्देश दिये। निरीक्षण के बाद डीआईजी ने एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक और अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और आपसी समन्वय पर जोर देते हुये कई दिशा-निर्देश दिये। डीआईजी ने कहा कि यह उनका श्री बंशीधर नगर का पहला दौरा है। उन्होंने एसडीओ से आग्रह किया कि



एसडीओ और एसडीपीओ मिलकर परिसर को सुंदर और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने एसडीपीओ के कार्यों की सराहना की और अपेक्षा जताई कि सभी थाना प्रभारी इसी तरह टीम भावना से कार्य करते रहें। इसके पूर्व उनके आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उस मौके पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, श्री बंशीधर नगर के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, महिला थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे। उधर डीआईजी ने श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर श्री बंशीधर जी से पलामू में अमनचैन एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने चेचरिया मस्जिद में जाकर नमाज अता की। इस दौरान अंजुमन कमेटी ने उन्हें सम्मानित किया।

## मध्य विद्यालय ताली में रसोईया को दी गयी विदाई

**केतार।** प्रखंड के मध्य विद्यालय ताली में शनिवार को समारोह आयोजित कर रसोईया लालती देवी और दुलारी कुंवर को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय ने कहा कि पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोईया लालती देवी और दुलारी कुंवर विगत २००5 से विद्यालय में सेवा दें रही थी। जो आज सेवानिवृत्त हो रही है। उन्होंने कहा कि दोनों रसोईया आपसी तालमेल से ससमय भोजन बनाकर बच्चों को प्रेम-भाव से खिलाती थीं। अपने मधूर व्यवहार से बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय रही। इनकी निष्ठापूर्वक सेवा को विद्यालय परिवार सदैव याद रहेगा। मुखिया मूंगा साह ने कहा कि एमडीएम योजना की रीढ़ कार्यरत रसोईया होती है। प्रतिदिन विद्यालय में भोजन बनाकर बच्चों को खिला देना रसोईया कि सेवा भावना को दशार्ता है। मुखिया मूंगा साह और प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय ने दोनों रसोईया को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, रामराज गुप्ता,शिक्षक सतिश चौबे, दशरथ तिवारी, मनोज दास, संध्या कुमारी, भीम साह,सुचुन साह, राजेन्द्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जांच शिविर का आयोजन

**कांडी।** संसाधन केंद्र में शनिवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को दिव्यांग बच्चों 3 से 18 वर्ष के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद, डॉक्टर विशाल कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविर में प्रखंड के सभी कोटि के विद्यालयों से दिव्यांग बच्चे शामिल हुए। डॉक्टर विशाल कुमार व अन्य डॉक्टरों ने सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर उपकरण उपलब्ध कराया गया। उसमें श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, बैसाखी दिए गए। मौके पर बीआरपी सुनील कुमार, सीआरपी धर्मेन्द्र कुमार दुबे, प्रभु राम, मनोहर चौबे, शिक्षक सुदीप पाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### एसडीओ ने प्रखंड कार्यालय केतार का किया निरीक्षण, कहा

## ससमय योजनाओं को पूरा करने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने प्रखंड कार्यालय केतार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। जहां निलंबित पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता, बीडीओ का वाहन चालक सुभाष कुमार, अंचल कार्यालय के निलंबित सहायक रामाशीष पासवान बीना जानकारी दिए कार्यालय से अनुपस्थित मिले। वहीं निलंबित पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता विगत एक माह से और निलंबित सहायक रामाशीष पासवान फरवरी माह से अब तक कार्यालय में लगातार अनुपस्थित पाये गये। एसडीओ ने अनुपस्थिति कर्मियों का हाजरी काटी तत्पश्चात प्रखंड कार्यालय में उपस्थित कर्मियों से विकास योजनाओं के बारे में पूछताछ की और पारदर्शी तरीके से ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड के उप प्रमुख शंभू सिंह ने एसडीओ से शिकायत की गयी कि वन अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत केतार प्रखंड से व्यक्तिगत या सामुदायिक एक भी वन पट्टा का अभिलेख जिला वन अधिकार समिति द्वारा पारित करने के लिए नहीं भेजा गया है। जब एसडीओ ने प्रधान सहायक से पूछताछ की तो बताया गया कि तीन-चार माह पहले व्यक्तिगत वन पट्टा का 94 अभिलेख जिला भेजा गया था जो स्वीकृति नहीं मिलने पर वापस भेज दिया गया है। एसडीओ ने अंचल निरीक्षक केतार एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी भवनाथपुर को निर्देशित किया कि दो-तीन दिन के अंदर उपरोक्त सभी अभिलेख का संयुक्त रूप से स्थल जांचकर अभिलेख स्वीकृति हेतु अनुमंडल वन अधिकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

# मेराल ग्राम स्टेशन पर रुकेगी पटना-सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर पटना सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस एक्सप्रेस का ठहराव 2 अगस्त शनिवार से होगा। इसकी जानकारी देते हुए मेराल प्रखंड भाजपा के नेताओं ने बताया कि सांसद बीडी राम रात्रि 11 बजे हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे। विदित हो कि कोरोना के समय से सिंगरौली पटना लिंक एक्सप्रेस का ठहराव मेराल में बंद था। सिंगरौली पटना लिंक एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने के लिए भाजपा नेताओं तथा स्थानीय लोग सांसद बी डीराम से कई बार गुहार लगा चुके थे। स्थानीय लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मेराल में लिंक एक्सप्रेस की ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की जिस पर उन्होंने सार्थक पहल करते हुए एक्सप्रेस की तरह की मंजूरी दे दी। एक्सप्रेस ठहराव की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी है। भाजपा के नेताओं ने सांसद बीडी राम के प्रति आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुशवाहा मनोज कुमार जायसवाल, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, धनंजय शर्मा, रोहित कुमार, संतोष डेविड, रविंद्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, वीरेंद्र चौधरी, धनंजय चौधरी, रमाकांत गुप्ता, आनंद चंद्रवंशी, कंचन पांडे आदि शामिल है।

# अबुआ आवास नहीं मिलने की शिकायत पर जांच करने पहुंचीं जिला परिषद सदस्य

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान अबुआ आवास नहीं मिलने की शिकायत के आलोक में जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने शनिवार को चपरी के टीकर टोला पहुंचकर शिकायतकर्ता के आवास की स्थिति का जांच की। जहां पाया कि मीना देवी पति कृष्णा प्रजापति और चंदा देवी अशोक प्रजापति का आवास पूरी तरह जर्जर होने के बाउजूद इन्हें आवास का लाभ नहीं मिला। उन्होंने लाभुकों से आवेदन देने की बात कही। मौके पर चंदा देवी और मीना देवी ने बताया कि आवास की सूची उनका नाम होने के बाऊजूद उन्हें आवास का लाभ नहीं दिया गया। इसके लिए ब्लॉक से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के पास दौड़भी लगाया, लेकिन सभी जगह से अश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि किसी प्रकार प्लास्टिक के सहारे पूरे बाल बच्चों के साथ जीवन बिताने को मजबूर हैं। इस पर जिला परिषद सदस्य ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मौके पर कुंदन ठाकुर,सीताराम प्रजापति, आदि लोग उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा
E-Mail Id :- chatra_rwd@redifffmail.com

-: कोटेशन आमंत्रण सूचना (चतुर्थ कॉल) :-

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA, PMGSY-III, PMGSY-IV & PM-JANMAN) अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्तों के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है, जिसमें पथों की सूची निम्नवत् है :–

| क्रमांक | प्रखण्ड | मद | योजना का नाम | लम्बाई (कि॰मी॰ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Lawalong | RCPLWEA | Lawalong, Rimmi, Rampur, Jharania to Panki | 35.05 |
| 2. | Chatra Sadar (Kanhachatti) | RCPLWEA | Kenduasahor to Sisiyatari | 1.00 |
| 3. | Chatra Sadar (Kanhachatti) | PMGSY-III | MRL08-Kanhachatti PWD Road to Haug | 6.280 |
| 4. | Pratappur | PMGSY-III | T09-T03 Adauriya More to T03 Humra More via Lipta, Fagua | 10.300 |
| 5. | Simaria | PMGSY-IV | B.T. Road Talsa to Banji | 2.946 |
| 6. | Tandwa | PMGSY-IV | PMGSY III B.T. Road Kathai Mishrol | 1.176 |
| 7. | Chatra Sadar | PMGSY-IV | Chatra Jaled REO to Larkua | 3.907 |
| 8. | Hunterganj | PMGSY-IV | Datam to Nonia | 2.00 |
| 9. | Hunterganj | PMGSY-IV | Gorre Ganju Tola to Narainatari | 1.500 |
| 10. | Chatra Sadar | PM-JANMAN | L023-PWD Road NH-22 to Idgha More | 1.255 |
| 11. | Kunda | PM-JANMAN | L024-Amauna to Kamal School | 1.397 |
| 12. | Kunda | PM-JANMAN | L025-Ashidari Rd to Biga Tolla | 1.290 |

नियम एवं शर्तें :–
1. कार्य अवधि 180 दिन होगा, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकता है। (शर्त्तें लागू)
2. कोटेशन दाता झारखण्ड राज्य का होना चाहिए।
3. कोटेशन दाता को पेन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
4. कोटेशन दाता को झारखण्ड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु GST निबंधन प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा। GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
5. कोटेशन दाता को संबंधित कार्य का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
6. कोटेशन दाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए। इस हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
7. कोटेशन दाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
8. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए।
9. सफल कोटेशन दाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा।
10. सफल कोटेशन दाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
11. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्तों में परिवर्त्तन किया जा सकता है।
12. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 04.08.2025 से 13.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 358826 Rural Work Department (25-26)_D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
सैरात बन्दोबस्ती सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्ष 2025–26 (15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 10.08.2025 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। डाक से संबंधित सभी कागजात दिनांक 10.08.2025 को कार्यालय में राजस्व शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 के लिए सरकारी डाक राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 5%) | रूट |
|---|---|---|---|---|
| A. सब्जी बाजार सैरात | | | | |
| 1. | सब्जी बाजार, बैरिया। | 1,25,000 | 6,250 | बैरिया सब्जी बाजार से टी0बी0 टावर तक पुनः बैरिया सब्जी बाजार से गांयत्री मंदिर सुदना। |
| B. वाहन पार्किंग सैरात | | | | |
| 2. | गांधी मैदान पार्किंग। | 3,12,499 | 15,624 | गांधी मैदान गेट के सामने तथा नगर निगम दुकान के सामने का क्षेत्र। |
| | कुल राशि | 4,37,499 | 21,874 | |

सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 358833 District(25-26)D



## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा
E-Mail ID:- scogarhwa@gmail.com

–: आम सूचना :–
कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के स्वीकृत्यादेश सं0 36 दिनांक 23.07.2025 द्वारा गढ़वा जिला हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसुन पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु **"जलनिधि"** एक महत्वाकांक्षी योजना है। उक्त योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को योजना से अच्छादित किया जायेगा। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु कृषक समूहों को 90 प्रतिशत तक अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

योजना का स्वरूपः–

1. डीप बोरिंग की योजना।

| कार्य योजना | पत्रता | योजना लागत/अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | | 4 | 5 |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter deep boring Submersible pump 1.5 HP, आवश्यक Accessories एंव संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सिमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्युनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

2. परकोलेशन टेंक

| कार्य योजना | पात्रता | योजना लागत/अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | कृषक समूह का अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Length of Percolation Tank -120ft. width of Percolation Tank -100 ft. Depth of Percolation Tank - 12ft. Length of Bound - 370ft. Side Slope-1:1 | योजना लघु एवं सिमांत कृषक समूहों क लिए लागू होगा विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्युनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43लाख) |

कृषक/संस्था का चयन
1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा ।
2. जिन कृषक/कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए मान्य नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं का ही चयन किया जायेगा साथ ही माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन की प्राप्ति
1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा के लिए भौतिक लक्ष्य **परकोलेशन टैंक –100 (ओ0एस0पी0) एवं डीप बोरिंग निर्माण–14 ओ0एस0पी0)** के विरूद्व सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
2. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय से निःशुल्क आवेदनपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
3. **आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ प्रकाशन की तिथी से दिनांक 14.08.2025 तक कार्यालय दिवस में भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा में 4.00 बजे अप्राहृन तक जमा कर सकते है।**

- संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया/पंचायत सचिव द्वारा अभिप्रमाणित।
- प्राप्त विहित प्रपत्र (आवेदन) में जमीन स्वामित्व प्रमाण–पत्र (एल0पी0सी0 अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत।
- राजस्व ग्राम का नक्शा।
- आवेदन के साथ स्वअभिप्रामाणित आधार कार्ड की छायाप्रति एवं मोबाईल संख्या अंकित होना आवश्यक है।
- स्थल का लाभूक के साथ GPS फोटोग्राफ संलग्न होना आवश्यक है।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारीयों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा**
**संयुक्त कृषि भवन, भूमि तल पिपरकला गढ़वा।**

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,गढ़वा

PR 358820 Agriculture(25-26).D

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी सड़क



नवीन मेल संवाददाता

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय के सलैया पंचायत के ग्राम कारणदाग टोला हूरटांड़ के लोगों सालों से सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन इनकी बातों को ना तो सांसद ने सुनी ना ही स्थानीय विधायक ने। आखिर में सभी जगह से हार जाने के बाद वहीं के ग्रामीणों ने खुद श्रमदान कर सड़क बनाना बेहतर समक्षा। ग्रामीणों का कहाना है कि बरसात में घर से निकला मुश्किल हो जाता है। श्रमदान करने वाले ग्रामीणों में पंचायत समिति सदस्य पति लालदेव गंझू, जितेन्द्र यादव, भोला यादव, अशोक यादव, अनिल गंझू, आशीष गंझू, प्रमोद गंझू, बिनोद यादव, मोहर भुइयां, मुकेश गंझू, राजू गंझू, सचिन गंझू समेत कई ग्रामीण शामिल हैं।

## लातेहार में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट का आयोजन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अधिकारियों व कर्मियों को सम्मान, नीति आयोग ने जिले को दिया सिल्वर मेडल

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को लातेहार जिला मुख्यालय स्थित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में ₹संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह₹ एवं ₹आकांक्षा हाट₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लातेहार विधायक प्रकाश राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने कार्यक्रम में बताया कि वर्ष 2024 की जुलाई, अगस्त और सितंबर तिमाही में लातेहार जिले ने 6 में से 5 संकेतकों पर लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसके फलस्वरूप नीति आयोग द्वारा जिले को सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि पर जिले के अधिकारी, कर्मी एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया गया।

"आकांक्षा हाट" के तहत विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूहों ने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए स्टॉल लगाए। जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का भ्रमण कर दीदियों के कार्यों की सराहना की और योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों को परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# न्यूज बॉक्स

## महिला के साथ मारपीट के चार आरोपी जेल भेजे गए

**चंदवा (लातेहार)।** बेतर ओपी क्षेत्र के बान टोली रूद गांव में महिला के साथ घर में घुसकर छेड़खानी और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित जहरुद्दीन पंवरिया की शिकायत पर पुलिस ने सफीक पंवरिया, नेमकी पंवरिया, फुलवा पंवरिया (तीनों भाई) और मेराज पंवरिया को गिरफ्तार कर लातेहार मंडल कारा भेज दिया। ओपी प्रभारी किशोर मुंडा के अनुसार घटना पुराने विवाद का हिस्सा है, जिसमें शुक्रवार की रात आरोपियों ने पीड़ित के घर पहुंचकर डराने-धमकाने की कोशिश की। पुलिस ने चंदवा थाना कांड संख्या 179/25 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। एक आरोपी अभी फरार है।

## बरवाडीह थाना प्रभारी अनुप कुमार ने लिया कार्यभार



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह थाना परिसर में शुक्रवार को नए थाना प्रभारी अनुप कुमार का स्वागत जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नेताओं और पत्रकारों द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना परिसर में एक परिचय बैठक आयोजित की गई, जिसमें थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र को अपराध और नक्सलवाद से मुक्त करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सब-इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल, अनुराग कुमार, विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## किसानों को मिला 20वीं किस्त का लाभ बालूमाथ में हुआ सीधा प्रसारण



**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को दी जा रही 20वीं किस्त का सीधा प्रसारण शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, बालूमाथ में किया गया। इस अवसर पर कुल 176 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक महेश चंद्र जेरई, डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. आरती विना इक्का और डॉ. सुनीता कमल ने किसानों को आगामी फसल योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में बालूमाथ प्रखंड के आरागुंडी पंचायत अंतर्गत पकरार लूटी एवं पतरातू गांव के किसान शामिल हुए, वहीं मनिका क्षेत्र से करीब 50 किसानों ने इस प्रसारण का लाभ लिया। वैज्ञानिकों ने धान के बाद की फसलों के चयन, उर्वरक उपयोग और जल प्रबंधन पर भी विस्तार से जानकारी दी।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** फाइलेरिया से बचाव को लेकर एलएस, आंगनबाड़ी सेविकाओं व एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। बतौर प्रशिक्षक कृष्णकांत कुमार व सीतराम कुमार ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है। डब्लयूएचओ के अनुसार फाइलेरिया,दीर्घकालिक विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है। फाइलेरिया रोग से क्षेत्र को मुक्त करने के लिए सभी लोगों की सहभागिता को जरूरत बताया गया। बताया गया कि आगामी 10 से 25 अगस्त तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाना है। दवा का सेवन करने के साथ सभी लोगों को इसका सेवन कराना सुनिश्चित करने में सहभागिता निभाएं। दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं खिलाने की हिदायत दी गई। सोने समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की बात कही गई। उम्र एवं ऊंचाई के आधार पर दवा खिलाने की बात बताई गई। बताया कि दवा के सेवन से कभी-कभी सिर दर्द शरीर में दर्द बुखार,उल्टी या खुजली जैसी मामूली प्रक्रिया होती है। जो स्पष्ट करता है वह फाइलेरिया के रोगाणु को नष्ट कर रहा है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। मौके पर एलएस अनिता देवी, सुचिंता देवी, विद्या रानी, शशिबाला पाठक, मीना देवी,अंजु देवी, मारगेट कुजूर, सुकृता समेत आंगनबाड़ी सेविकाएं, एएनएम व अन्य मौजूद थीं।

# 10 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाली फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में सभागार में बीएलटीएफ की बैठक बुलाई गई। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार एवं प्रखंड प्रमुख के संयुक्त अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, कृषि पदाधिकारी, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, एमटीएस पंकज कुमार पांडे, लैब टेक्नीशियन निरंजन कुमार, एमपीडब्ल्यू संजय कुमार रवि आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## बिरसा आम बागवानी के लाभुकों को नहीं मिली खाद और पौधे, गहराई चिंता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड में बिरसा आम बागवानी योजना के तहत लाभुकों को खाद और पौधों की आपूर्ति अब तक नहीं हो पाई है। क्षेत्र के केचकी, पोखरी कलां और बेतला पंचायतों के लाभुकों ने एक माह पहले गड्ढों की खुदाई पूरी कर ली थी, लेकिन आपूर्तिकर्ताओं द्वारा खाद-पौधों की आपूर्ति न होने से उन्हें भारी असुविधा हो रही है। इस विषय में पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, नीतू देवी और मंजू देवी ने गहरी नाराजगी जताई। वहीं, बीपीओ कमलेश सिंह ने बताया कि खाद व पौधों की आपूर्ति के लिए संबंधित सप्लायर अन्नपूर्णा बीज भंडार, चंदवा और वनांचल नर्सरी, अनगड़ा को स्मरण पत्र भेजा गया है।

# मेहंदी के रंगों में बही परंपरा छात्राओं ने दिखाया हुनर



- सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को पारंपरिक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने साथी छात्राओं के हाथों में एक से बढ़कर एक कलात्मक डिजाइनों से मेहंदी रचाकर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवनीकांत पाठक ने बताया कि प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोजपा विधायक जनार्दन पासवान का बालूमाथ में हुआ गर्मजोशी से स्वागत

- मनोकामना होटल में भाजपा गठबंधन कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन, विधायक बोले- 'हम सब एक परिवार'

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ (लातेहार)।** चतरा विधानसभा क्षेत्र के लोजपा विधायक जनार्दन पासवान का शनिवार को बालूमाथ में भाजपा गठबंधन कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। विधायक का काफिला रांची से चतरा लौटते समय मनोकामना होटल परिसर में थोड़ी देर के लिए रुका, जहां स्थानीय युवा कार्यकर्ताओं और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर अभिनंदन किया। विधायक पासवान ने इस मौके पर कहा कि भाजपा गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एक परिवार की तरह हैं और सभी एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की। मौके पर चंद्रिका यादव, प्रमोद यादव, विकी यादव, विश्वनाथ जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अभियुक्त के घर बारियातू पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** थाना कांड संख्या 11/25 दिनांक 10.02.25 धारा 303(2) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त मोदी नायक पिता रवि नायक ग्राम दीरीदाग थाना बालूमाथ जिला लातेहार के घर न्यायालय के निदेशार्नुसार बारियातू थाना सअनि द्वारिकानाथ पाण्डेय ने सदलबल के साथ पहुंचकर विधिवत इश्तिहार का तमिल किया। वहीं परिजनों को अविलम्ब माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण करवाने का निर्देश दिया। ससमय न्यायालय मे आत्मसमर्पण नहीं करने पर विधिसंगत अग्रेतर कार्रवाई करने की बात कही।

# टूटकर गिर रहा है करमखाड़ विद्यालय भवन, कभी हो सकता है बड़ा हादसा



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** राजकिय प्राथमिक विद्यालय करमखाड़ का भवन टूटकर गिर रहा है। भवन टूटने से विद्यालय 22 बच्चों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय में अधिकतर नांमकित बच्चे आदिम जनजातिय के बिरिजिया समुदाय से आते है। विद्यालय में न पर्याप्त शिक्षक हैं, न ही सुरक्षित भवन, छत से पानी टपकता है, दीवारों पर दरार पड़ चुका है। बच्चों की पढ़ाई जर्जर एक कमरे में सिमट कर रह गयी है। मिड-डे मील योजना प्रभावित होती है। मजबूरन कमरे के बाहर बरामदे में ही मध्याह्न भोजन बनाया जाता है। किसी अधिकारी की नजर इस पर नहीं है। इस विद्यालय में एक शिक्षक विनोद खलखो हैं कि मै प्रतिनियोजित शिक्षक हूं। जो शिक्षक इस विद्यालय में नियुक्त थे, वह रिटायर कर गये है। विनोद ने आगे बताये कि हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। जर्जर भवन की रिपोर्ट कई बार बनाकर जमा किया गया है। जंगल का क्षेत्र होने के कारण वज्रपात की घटना अधिक होती है। तड़ित चालक भवन में आज तक नहीं लगा है न ही अब तक भवन का किसी तरह मरम्मत या पुनर्निर्माण की कोई पहल हुई है।

# श्रावण मास में शिव मंदिर में रुद्राभिषेक, भक्ति में लीन रहे श्रद्धालु



- बुध बाजार स्थित शिवालय में पूजन, भजन और महाआरती के साथ बंटा प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा (लातेहार)।** श्रावण मास की अंतिम सोमवारी से पूर्व शनिवार को प्रखंड के बुध बाजार स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया। दूध, गन्ने का रस, घी एवं विविध सामग्री से पूजन संपन्न कराया गया। पूजा का संचालन पंडित गोपाल वैद्य ने विधिपूर्वक कराया। यजमान के रूप में प्रदीप कुमार साहू सपत्नीक उपस्थित रहे। इस अवसर पर भास्कर साहू समेत अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा के पश्चात महा आरती हुई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

अन्य शिवालयों में भी सावन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर समितियां पूरे श्रद्धा भाव से सेवा कार्य में जुटी हैं और शिवभक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................../दिनांक..................

आम सूचना

दिनांक 15.08.2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत सभी माँस, मदिरा, शराब (मीट, मुर्गा एवं मछली) की दुकाने बंद रहेगी। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत माँस, मदिरा, शराब (मीट, मुर्गा एवं मछली) विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को अपने सभी माँस, मदिरा, शराब की दुकानों को बन्द रखेगें। अन्यथा पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम, 2011 के तहत् कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.358836 District(25-26):D

## कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा (अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

ई–कल्याण पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति लोहरदगा के लिए महत्वपूर्ण सूचना।

PR No.- 357699

शैक्षणिक सत्र– 2024–25

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | प्रारम्भ होने की तिथि | निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 01.08.2025 | 12.08.2025 |
| 2. | DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा। | 01.08.2025 | 20.08.2025 |

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.358870 Lohardaga(25-26):D

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा (झारखण्ड)

आम सूचना

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा में सत्र 2025–26 कक्षा–एकादश (विज्ञान) में रिक्त स्थानों में नामांकन हेतु ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी ज0न0वि0,चतरा के कार्यालय से समय पूर्वाह्न 10.00 बजे से 05.00 अपराह्न तक किसी भी कार्य दिवस में आवेदन पत्र, निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र कार्यालय में दिनांक 10.08.2025 समय 05.00 बजे तक जमा किया जा सकता है।

आवेदन भरने का गुगल लिंक :– https://forms.gle/AQn87nMCJfGYMaoUA

आवेदन डाउनलोड करने का लिंक :–

http://www.navodaya.gov.in

अधिक जानकारी विद्यालय की वेबसाइट–

https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Chatra/en/home/ अथवा मोबाइल नं0 7903894849 पर संपर्क करें।

अथवा प्राचार्य ज.न.वि. से प्राप्त की जा सकता है।

प्राचार्य
ज0न0वि0,चतरा

PR 358858 School Education and Literacy (25-26)_D

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर बीडीओ ने की बैठक, दिया निर्देश




**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य की अध्यक्षता में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक की गई। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोउल्लास के साथ प्रखण्ड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा।इस अवसर पर पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सुबह 9 बजे प्रखण्ड मुख्यालय ,9 ;15बजे थाना परिसर 9:30 बजे डॉक्टर अनुग्रह नरायन प्लस टू उच्च विद्यालय में झंडोतोलन किया जाएगा इसके अलावे पंचायत भवन,स्वास्थ्य उपकेंद्र विभिन्न विद्यालय सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन किया जाएगा।झंडोतोलन के दिन देशभक्ति, राष्टगान ही बजाए किसी प्रकार का कोई भी अशोभनीय गाना न बजाए राष्ट ध्वज का सम्मान करते हुए स्वतंत्रता दिवस मानये।मौके पर अंचलाधिकारी कुमारी शिला उराँव,सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव,एस आई संजय कुमार सिंह,मुखिया सुमित्रा उराँव,सुमन उराँव प्रखण्ड अंचलकर्मी आदि उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा आयोजित

# उपायुक्त की अगुवाई में हुई बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के दिन लोहरदगा जिला में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगरपालिका क्षेत्र में अवस्थित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम होगा। इस दौरान उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों द्वारा शहर के शंख नदी के पास व समाहरणालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा, गुदरी बाजार अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा, अजय उद्यान स्थित एसपी अजय सिंह की प्रतिमा, उपायुक्त कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराम अंबेडकर की प्रतिमा, पावरगंज चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, सोमवार बाजार स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा और मैना बगीचा स्थित वीर बुधू भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु उप विकास आयुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंच में लाईट व साउंड की व्यवस्था व हॉल में वेंटिलेशन की व्यवस्था का निदेश प्रशासक, नगर परिषद को दिया गया।

नगरपालिका क्षेत्र में होनेवाले माल्यार्पण कार्यक्रम के लिए प्रतिमाओं की साफ-सफाई व रंग-रोगन की व्यवस्था करने के साथ-साथ सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित किये जाने का निदेश प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा को दिया गया। इसके अलावा प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा को बीएस कॉलेज स्टेडियम में सफाई एवं सजावट की व्यवस्था, शहरी क्षेत्र में नालियों/कूड़ा-करकट की सफाई, समाहरणालय परिसर/उपायुक्त आवास परिसर/अनुमण्डल पदाधिकारी का आवास/कार्यालय परिसर/पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर की सफाई किये जाने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन, लोहरदगा को बीएस कॉलेज में होनेवाले मुख्य कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस एवं प्राथमिक चिकित्सा एवं ग्लूकोज/ओआरएस की व्यवस्था कराने का निदेश दिया गया। हिंडाल्को प्रबंधन को बीएस कॉलेज में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए माईक एवं साउंड, वाटर प्रूफ शमियाना, कुर्सी एवं जेनरेटर की व्यवस्था किये जाने का निदेश दिया गया। बीएस कॉलेज स्टेडियम, लोहरदगा में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था किये जाने का निदेश जिला अग्निशामक पदाधिकारी को दिया गया।



### टॉपर्स और खिलाड़ियों को किया जायेगा सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्य समारोह में इस वर्ष के 10वीं व 12वीं की परीक्षा में लोहरदगा जिला के टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, वैसे खिलाड़ियों जिन्होंने बीते एक वर्ष में राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल हासिल किया हो उन्हें मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले परेड जिला आरक्षी बल की तीन टुकड़ी, महिला पुलिस बटालियन की 01 टुकड़ी, कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय की एनसीसी की छात्राओं, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट प्लस टू नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के एनसीसी की टुकड़ी, जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना की एनसीसी की एक टुकड़ी और स्काउट गाइड की एक-एक टुकड़ी भाग लेगी।

## विज्ञान सप्ताह समापन समारोह धूमधाम से संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या लोहरदगा में आयोजित विज्ञान सप्ताह का समापन समारोह आज बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूरे सप्ताह चले इस आयोजन में विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े अनेक रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "विज्ञान हमारे जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे वैज्ञानिक सोच को अपनाएं और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें।"

इस अवसर पर विज्ञान पोस्टर मेकिंग, विज्ञान प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। भौतिक शास्त्र के आचार्य राजीव कुमार सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि "छात्रों की कल्पनाशक्ति और नवाचार की क्षमता ही भविष्य का निर्माण करती है। विज्ञान पढ़ना केवल किताबों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे प्रयोगों और शोध के माध्यम से जीवन में उतारना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान संकाय प्रमुख मंजू देवी द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। रसायन विज्ञान आचार्य श्याम सुंदर कुमार ने कहा कि विज्ञान सप्ताह न केवल विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञानवर्धक अनुभव रहा, बल्कि यह उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और रचनात्मकता विकसित करने के लिए प्रेरित भी करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य वृंद का सहयोग प्राप्त हुआ ।

## रोहित उरांव के प्रयास से रांची रिम्स में सफल ऑपरेशन हुआ

**लोहरदगा।** नगर क्षेत्र अपर बाजार निवासी संजय खत्री के बहन दीप्ति सिखा खत्री गोल ब्लैडर में पथरी बीमारी से ग्रसित थे। जिसका इलाज पूर्व में भी कई संस्थानों में कराया जा रहा था। परंतु मरीज के परिजनों के द्वारा लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव से बेहतर ईलाज के लिए संपर्क किया गया। जहां सभी की सहमति से रांची रिम्स में मरीज को भर्ती किया गया एवं रिम्स प्रबंधन एवं अस्पताल के डाक्टरों से परामर्श कर अपने स्वस्थ प्रभारी सिकन्दर खान को भेज के मरीज दीप्ति सिखा खत्री का ईलाज के साथ गोल ब्लैडर पथरी का सफल ईलाज किया गया। मरीज को स्थित भी बहुत अच्छी है।

### खेलो झारखंड के तहत खेलकूद प्रतियोगिता हुआ संपन्न

## खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा के खेल प्रांगण में खेलो झारखण्ड के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को किया गया। आयोजित खेल प्रतियोगिता 14 वर्ष,17 वर्ष व 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच 100 मीटर,दो सौ मीटर,चार सौ मीटर,आठ सौ मीटर दौड़ के अलावे लम्बी कूद ऊंची कूद,गोला फेंक,भला फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता का प्रतिस्पर्धा कराया गया।

वही प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता भाग लेना है। तथा जिला स्तर के विजेता खिलाड़ी और टीम राज्य स्तर पर विभिन्न खेल प्रितयोगिता में भाग लेंगे वही बालिका वर्ग में अंजनी कुमारी, राधिका कुमारी, सोनम कुमारी,पूनम कुमारी, अमृता कुमारी, दिया कुमारी, रोशनी कुमारी,अमृता उरांव और बालक वर्ग में अभिषेक लहेरी, सुभाष कुजूर, प्रेम उरांव, पवन साहु, पंकज साहु, शाहजहां अंसारी, प्रिंस राम, तुलसी राम सहित अन्य छात्र छत्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर प्रकाश रंजन, अम्बिका पाण्डेय, रंजू साहू, अनिल उरांव, नीलिमा टेटे, सारू उरांव, अशोक भगत, बुधन राम समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर भाई ने बेची भाई के हिस्से की जमीन

- **पीड़ित मोहम्मद असलम ने सदर सीओ से लगाई कार्रवाई और न्याय की गुहार**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला में एक अजीबो-गरीब मामला प्रकाश में आया है। यहां पर भाई मोहम्मद सलाम ने अपने सगे भाई के हिस्से की जमीन को सदर प्रखंड अंतर्गत मन्हो पंचायत की मुखिया लक्ष्मी उराईन से साल 2023 में सदर अंचल क्षेत्र के कैमो मौजा की जमीन को वंशावली में सत्यापित कराकर दूसरे व्यक्ति को बेच डाला। भुक्तभोगी मोहम्मद असलम अब अंचल कार्यालय लोहरदगा पहुंचे और पूरे मामले से सीओ को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया और इंसाफ की गुहार लगाई है। मालूम हो कि वृद्ध मोहम्मद असलम विगत साल 2002 से शहरी क्षेत्र के न्यू रोड पर स्थित एक किराए के मकान में रहकर किसी तरह अपना और परिवार का जीविकोपार्जन चला रहा है। पीड़ित मोहम्मद असलम ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि हमारे भाई मोहम्मद सलाम से मेरे हिस्से के जमीन को बेचे जाने की बात बोलने पर मेरे साथ मारपीट भी तीन बार कर चुका है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर मुखिया द्वारा वंशावली फार्म को सत्यापित करने से पहले इसकी जांच पड़ताल क्यों नहीं की गई, क्या मुखिया लक्ष्मी उराईन के मिलीभगत से मोहम्मद असलम के जमीन को उसके सगे भाई मोहम्मद सलाम ने बेच डाली। बहरहाल जो भी हो लेकिन मामला अब लोहरदगा अंचलाधिकारी के समक्ष पहुंच चुका है, देखना यह दिलचस्प होगा कि पीड़ित मोहम्मद असलम को अंचल कार्यालय लोहरदगा से न्याय मिल पाता है कि नहीं और मुखिया लक्ष्मी उराईन और मोहम्मद सलाम के विरुद्ध किया कार्रवाई हो पाता है।

## पैर फिसलने से बांध में डूबा युवक, मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**किस्को/लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र के परहेपाट गांव स्थित कतारी बांध में शनिवार को दोपहर में एक हृदय विदारक घटना सामने आई। जिसमें 22 वर्षीय युवक कृष्णा साहू पिता हरिशंकर साहू की डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की दोपहर कृष्णा साहू अपने गांव के समीप स्थित कतारी बांध क्षेत्र में बकरी चराने गया था। इसी दौरान वह बांध के पास फिसलकर पानी में गिर गया और डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पानी से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किस्को पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतक युवक शारीरिक रूप से दिव्यांग था, जिससे उसके लिए पानी से बाहर निकल पाना संभव नहीं हो सका। इधर घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। कृष्णा के असामायिक मृत्यु से मां पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस बीच किस्को थाना पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई। युवक के शव को पोस्टमार्टम के पश्चात दाह संस्कार हेतु शव को सौंप दिया गया। तत्पश्चात युवक का गांव के श्मसान में दाह संस्कार किया गया।

### तीन दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

## खेल जीवन का एक अभिन्न अंग है : समीद अंसारी



**कैरो / लोहरदगा।** खेलो झारखण्ड के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के झारखण्ड आवासीय विद्यालय कैरो, डॉक्टर अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय कैरो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय हनहट, उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गराडीह समेत अन्य विद्यालयों के छात्र छात्राएं भाग लिए। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो छात्राओ को मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, कैरो पंचायत समिति सदस्य मधुलिका रानी व शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत करते हुए उत्साह बढ़ाया गया। समापन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी ने कहा कि खेल जीवन का एक अभिन्न अंग है खेल से शारीरिक मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। खेल के माध्यम से आज लोग अपना कैरियर भी बना रहे खेल के माध्यम से अपने गांव घर प्रखण्ड जिला प्रदेश और देश का नाम रौशन कर रहें हैं और जीवन मे सफलता प्राप्त कर रहे है। हमारे क्षेत्र के बहुत से होनहार खिलाड़ी जिला प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर फुटबाल,हाकी,क्रिकेट,कब्बडी,खो खो ,तीरंदाजी,लम्बी,ऊंची कूद,दौड़ के साथ साथ अन्य खेलकूद में भाग ले रहे है और सफल भी हो रहे है।

## समारोह-सह-आकांक्षा हाट स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने का प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नीति आयोग, भारत सरकार के सहयोग से संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह-सह-आकांक्षा हाट का शुभारंभ शनिवार को समाहरणालय परिसर के सामने मैदान में हुआ। यह आयोजन 6 अगस्त 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त डॉ. ताराचंद, उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, एसडीपीओ किस्को वेदांत शंकर समेत जिले के अन्य वरीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ जिले के स्थानीय कृषि, वन उत्पादों और हस्तशिल्प को पहचान देने का प्रयास है, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती भी मिलेगी। हमारे किसान, कारीगर और स्वंय सहायता समूह की महिलाएं अब अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकेंगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम स्थल पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा जानकारीपरक और सेवायुक्त स्टॉल लगाए गए हैं। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के नेतृत्व में वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श स्टॉल, कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा दस्तावेज सहायता स्टॉल तथा श्रम अधीक्षक कार्यालय की ओर से जॉब कार्ड पंजीकरण सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। आयोजन के

## 26वें जिला आपूर्ति पदाधिकारी बने मनीष कुमार

- **ज्ञान शंकर जायसवाल गुमला डीटीओ पद पर हुए स्थानांतरित**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले के 26वें जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) के रूप में मनीष कुमार ने शनिवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने उन्हें कार्यभार सौंपा। श्री जायसवाल का स्थानांतरण गुमला जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) के रूप में किया गया है। पदभार ग्रहण के अवसर पर निवर्तमान डीएसओ ने कार्यालय के कर्मियों से नए पदाधिकारी का परिचय कराया तथा विभागीय कार्यप्रणाली, गोपनीय प्रक्रियाओं और उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लोहरदगा आपूर्ति विभाग की कार्यशैली की केंद्रीय जांच टीम ने भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि विभाग ने सरकार के निर्देशों का 90 प्रतिशत से अधिक अनुपालन कर राज्य में एक अलग पहचान बनाई है। इसे बनाए रखना आवश्यक है।

मीडिया से रूबरू हुए नए डीएसओ इस मौके पर डीएसओ मनीष कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा, गरीब और जरूरतमंद लाभुकों को समय पर राशन मिलना सुनिश्चित किया जाएगा। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि राशन से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता और संवेदनशीलता से समाधान किया जाएगा। सक्षम कार्ड धारियों की पहचान कर उन्हें स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निश्चित जायसवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, एमओ अजय अग्रवाल, उदय कुमार, सचितानंद कुमार, रामकुमार दास, कुलदीप रजक, अनीता उरांव सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनजातीय मामले मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने बैठक में कहा-

# सभी विभाग आपसी समन्वय से करें कार्य, कमियों को करें दूर

- **"शिविर आयोजन व निष्पादन में झारखंड राज्य बेहतर राज्यों में है"**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जनजातीय मामले मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव बृज मोहन प्रसाद ने उपायुक्त डॉ ताराचंद व जिला की टीम के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की। बैठक में संयुक्त सचिव ने लोहरदगा जिला में जनजातीय विकास के लिए संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिये। समीक्षोपरांत संयुक्त सचिव ने कहा कि लोहरदगा जिला में जनजातीय के विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है। यह जनजातीय बहुल जिला है। शिविर के माध्यम से जनसमस्याओं के निष्पादन में झारखण्ड कई राज्यों से बेहतर स्थिति में है। जिन योजनाओं की प्रगति धीमी है उन्हें तीव्र गति देने की आवश्यकता है। योजनाएं इस तरह लागू हों जिसमें प्रत्येक गांव का व्यक्ति जुड़ जाए। पदाधिकारी जो कार्य करें वह जमीनी स्तर पर दिखाई दे। बाहरी परिदृश्य को बदलने के लिए स्वयं के अंदर परिवर्तन लाना आवश्यक है। जो भी प्रयास करें उसमें अपना सौ फीसदी दें। बैठक में जिला में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पीवीटीजी, टाना भगत के उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं और किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें पीएम जनमन अंतर्गत आवास निर्माण, विद्युत कनेक्शन, छात्रावास निर्माण, शैडो एरिया में मोबाईल टावर लगाये जाने हेतु एनओसी की समीक्षा शामिल है। वहीं छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं, खरीफ फसल बीज का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, विद्यालयों की संख्या, आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या व स्थिति, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एनएचएम की योजना, आयुष्मान कार्ड, मेडिकल वैन यूनिट, आंगनवाड़ी केंद्रों में वर्कर व हेल्पर की उपलब्धता, महिला स्वयं सहायता समूह को उपलब्ध कराये गए ऋण की स्थिति, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, वित्तीय समावेशन व बैंकिग सेवाएं, पेंशन योजनाएं, मनरेगा योजनाए, राशन कार्ड व अनाज वितरण की स्थिति, रोड कनेक्टिविटी, जलजीवन मिशन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

### उपायुक्त ने कार्यों व योजनाओं की प्रगति से कराया अवगत

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने संयुक्त सचिव को जिला में हो रहे विकास कार्यों से अवगत कराया। साथ ही बताया कि टाना भगतों के उत्थान के लिए जिला स्तर पर प्राधिकार समिति गठित है। इसमें विकास योजनाओं से टाना भगतों के लिए योजनाओं को पारित किया जाता है। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन घरों में पीने का पानी पहुंच चुका है वहां लाभुकों का जलकर समिति गठित किया जा रहा है। पीवीटीजी समूह को ससमय पीवीटीजी डाकिया योजना अंतर्गत राशन पहुंचाया जा रहा है। पेयजल की योजनाएं बनाकर उन तक योजनाएं पहुंचायीं जा रही हैं। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों को आत्मनिर्भर बनने और उन्हें दूसरे स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में एसटी, एससी को अनुदानित राशि पर योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में भारतीय रसायन शास्त्र दिवस आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा ।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में भारतीय रसायन शास्त्र दिवस अर्थात डॉक्टर प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती आयोजित की गई| इस अवसर पर वंदना सभा में डॉक्टर प्रफुल्ल चंद्र राय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन किया गया| रसायन शास्त्र के आचार्य सनोज कुमार साहू ने डॉ प्रफुल्ल चंद्र रे की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डाक्टर प्रफुल्लचन्द्र राय भारत के महान रसायनज्ञ, उद्यमी तथा महान शिक्षक थे। आचार्य राय केवल आधुनिक रसायन शास्त्र के प्रथम भारतीय प्रवक्ता (प्रोफेसर) ही नहीं थे बल्कि उन्होंने ही इस देश में रसायन उद्योग की नींव भी डाली थी। उन्होंने आगे कहा कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं है, भविष्य में कुछ करना है तो मेहनत करना ही होगा| महाविद्यालय के प्राचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि हमें प्राचीन वैज्ञानिकों की जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए और खोज की प्रवृत्ति हर भैया बहनों में होनी चाहिए| कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी, युगेश कुमार साव, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित आचार्य, दीदी जी और भैया-बहन उपस्थित थे|

# गुमला में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षी हाट का हुआ आयोजन

● चार प्रमुख क्षेत्रों में लक्ष्य प्राप्त कर जिले ने रचा नया कीर्तिमान

नवीन मेल संवाददाता



डुमरी प्रखंड को जिला स्तर पर कांस्य पदक से नवाजा गया जबकि गुमला उपायुक्त को राज्य स्तर पर कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा

**गुमला।** नीति आयोग के मार्गदर्शन में गुमला जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षी हाट का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले की उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया, साथ ही जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सेविकाओं और महिला समूहों के योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आकांक्षी जिला एवं प्रखंडों में सतत प्रगति, नवाचार, सेवा प्रदायगी की उत्कृष्टता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। नीति आयोग द्वारा निर्धारित कुल 39 संकेतकों में गुमला जिले और डुमरी प्रखंड ने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कृषि जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर अपनी प्रभावशाली कार्यप्रणाली का परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार सहित कई विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान "आकांक्षी हाट" का उद्घाटन किया गया, जहां स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक कारीगरी का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। रागी, मांदर, बांस कला, सेनेटरी पैड, हस्तशिल्प और ग्रामीण खाद्य उत्पादों की बिक्री ने महिलाओं और युवाओं के स्वरोजगार व सशक्तिकरण को मजबूती दी। विद्यालय के छात्रों द्वारा सोहराई और पारंपरिक पेंटिंग्स की प्रस्तुति ने स्थानीय संस्कृति की गौरवशाली छवि को सामने लाया। जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने कहा कि यह सम्मान केवल प्रखंड या जिला नहीं, समूचे समुदाय की मेहनत और जागरूकता का परिणाम है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने बेहतर टीम वर्क को सफलता की कुंजी बताया और नीतिगत क्रियान्वयन की मजबूती पर बल दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों, महिला समूहों, विभागों, सेविकाओं और स्कूली बच्चों को उनके महत्वपूर्ण योगदान और अनुकरणीय प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया गया। साथ ही जिले के समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

### उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

# क्षेत्र में भौतिक संरचनाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए

● संबंधित भवनों एवं केंद्रों के पंजी, रजिस्टर, रिकॉर्ड आदि की नियमित जांच अनिवार्य रूप से की जाए

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आज उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हाल ही में विभिन्न प्रखंडों में किए गए क्षेत्र भ्रमण की जांच रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान भौतिक संरचनाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित भवनों एवं केंद्रों के पंजी, रजिस्टर, रिकॉर्ड आदि की नियमित जांच अनिवार्य रूप से की जाए। उपायुक्त ने सभी वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीस) की दुकानों का नियमित निरीक्षण करें तथा सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के निराकरण हेतु ठोस कदम उठाएं। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य जांच हेतु एक रोस्टर प्रणाली तैयार की जाए ताकि बच्चों की स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने "बिरसा हरित ग्राम योजना" की प्रगति की भी जानकारी लेते हुए मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वरीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सामने आए निष्कर्षों, कमियों एवं सुधारात्मक सुझावों की जानकारी उपायुक्त को दी गई।

इस विशेष बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), अनुमंडल पदाधिकारी (चैनपुर), अनुमंडल पदाधिकारी (बसिया), भूमि सुधार उप समाहर्ता (बसिया), जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों से नियमित फील्ड विज़िट करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की सतत निगरानी करने हेतु निर्देशित किया।



## जारी प्रखंड में अंचल दिवस का सफल आयोजन

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शनिवार को जारी प्रखंड मुख्यालय में अंचल दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपायुक्त की उस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा है, जिसके तहत हर शनिवार को विभिन्न प्रखंडों में सीधे जनता से संवाद और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाता है। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने आम नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकांश मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया।

# बाधित हो रही है बच्चों की डिजिटल शिक्षा

### रायडीह प्रखंड में स्मार्ट क्लास सिर्फ कागजों पर सीमित, बिजली और नेटवर्क नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**रायडीह (गुमला)।** डिजिटल युग की ओर तेजी से बढ़ते देश में आज भी ऐसे विद्यालय हैं जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव बच्चों के भविष्य के रास्ते में दीवार बनकर खड़ा है। रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र के राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंजकुर की स्थिति इसका जीता-जागता उदाहरण है।

विद्यालय में कंप्यूटर सिस्टम और प्रशिक्षित शिक्षक तो हैं, लेकिन बिजली और नेटवर्क की गैरमौजूदगी के कारण कंप्यूटर शिक्षा महज थ्योरी तक सिमट कर रह गई है। कंप्यूटर शिक्षिका जानकी कुमारी ने बताया कि बच्चों को केवल किताबों के माध्यम से कंप्यूटर पढ़ाया जा रहा है, क्योंकि प्रैक्टिकल क्लास के लिए न बिजली है, न ही इंटरनेट की सुविधा। इससे बच्चों की शिक्षा सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शुभचिंता लकड़ा ने कहा कि विभाग द्वारा स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर उपकरण तो दिए गए हैं, लेकिन बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुपलब्धता के कारण इनका लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। सिस्टम मौजूद है, सुविधा नहीं, यह हालात सरकार की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करता है।

स्थानीय स्तर पर बीएसएनएल का नेटवर्क उपलब्ध है, लेकिन वह भी महज दिखावे के लिए। कभी-कभार दो-चार दिन नेटवर्क आ जाता है, फिर गायब हो जाता है। यही हाल बिजली का भी है। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ घोषणाएं होती हैं, ज़मीनी हकीकत अब भी वैसी की वैसी है। विद्यालय प्रबंधन एवं ग्रामीणों ने सरकार एवं शिक्षा विभाग से अपील की है कि विद्यालय में जल्द से जल्द स्थायी रूप से बिजली और इंटरनेट नेटवर्क की सुविधा बहाल की जाए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा से वंचित न रहना पड़े। यह सिर्फ एक विद्यालय की नहीं, बल्कि उन सैकड़ों बच्चों की आवाज़ है जो आधुनिक भारत में भी सुविधाओं के अभाव में अधूरी शिक्षा प्राप्त करने को मजबूर हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ तब तक अधूरा है जब तक अंतिम छोर के विद्यालय तक रोशनी और नेटवर्क की पहुंच न हो।

## सब्जी विक्रेता महिला से युवक की ठगी, पुलिस से की गई शिकायत

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग स्थित भरनो ब्लॉक चौक ओवरब्रिज के नीचे सब्जी बेचने वाली महिला दुलारी एक्का के साथ शनिवार को 1050 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, शातिर अपराधी किस्म का एक युवक महिला के पास सब्जी खरीदने के बहाने पहुंचा और 2 किलो लहसुन लेने के बाद 500 रुपये नकद भी महिला से यह कहकर ले लिया कि वह मोबाइल से फोनपे के माध्यम से भुगतान करेगा। लेकिन इसके बाद वह तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल से भरनो चट्टी रोड की ओर फरार हो गया। बगल में बैठी दूसरी सब्जी विक्रेता महिला को युवक की हरकतों पर शक हुआ, उसने युवक का फोटो भी मोबाइल में कैद कर लिया। पीड़िता दुलारी एक्का, जो भरनो के गढ़ाटोली गांव की रहने वाली है, ने बताया कि वह सब्जी बेचकर गुजारा करती है और रोज ब्लॉक चौक पर ही बैठती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही एवं पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम मौके पर पहुंचे और पीड़िता से घटना की जानकारी लेकर हर संभव सहायता का भरोसा दिया। महिला ने इस संबंध में भरनो थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब प्राप्त फोटो और जानकारी के आधार पर आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है।

## विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भरनो (गुमला)।** विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर भरनो प्रखंड के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, महिला सुपरवाइजर उर्मिला जयसवाल एवं सुमन देवी ने आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा कर गर्भवती महिलाओं व माताओं को स्तनपान के महत्व और शिशु-मातृ स्वास्थ्य के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने कहा कि माँ का दूध शिशु के लिए अमृत के समान होता है। इससे न केवल नवजात कई बीमारियों से सुरक्षित रहता है, बल्कि माँ के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान प्रारंभ करना और छह माह तक केवल माँ का दूध देना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को हरी साग-सब्ज़ियाँ, पोषक आहार एवं आयरन युक्त खाद्य सामग्री का वितरण भी किया गया, जिससे वे पोषण संबंधी आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर सकें। इस अवसर पर संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## चुंगी वसूली पर रोक को लेकर पड़हा प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन



● 7 दिनों के भीतर वार्ता की मांग

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड में प्रचलित पारंपरिक पड़हा व्यवस्था से जुड़े प्रतिनिधियों ने शनिवार को गुमला उपायुक्त, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत एवं अनुमंडल पदाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए अगले 7 दिनों के भीतर वार्ता के लिए समय की मांग की है। यह ज्ञापन अंचल कार्यालय में सौंपा गया। पड़हा प्रतिनिधि बेल शतीस उरांव ने बताया कि बीते कुछ महीनों से बैग, पुजार और महतो भंडारी के द्वारा प्रखंड के साप्ताहिक बाजारों में पारंपरिक रूप से चुंगी वसूली की जा रही थी, लेकिन हाल ही में प्रखंड एवं पुलिस प्रशासन ने इसे असंवैधानिक बताते हुए प्रतिबंधित कर दिया है। प्रतिनिधियों का कहना है कि चुंगी वसूली पड़हा व्यवस्था की पारंपरिक पहचान का हिस्सा रही है और इसे रोकने से स्थानीय स्वशासन की परंपरा प्रभावित हो रही है। उन्होंने इस संदर्भ में सभी आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने की मांग की है। ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सात पड़हा दीवान कुलदीप उरांव, बेल शिशुपाल उरांव, महतो चंनेश्वर उरांव, दीपलाल नगेसिया, सहेंद्र उरांव, शंकर उरांव और सुनीत उरांव सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## मांगे नहीं मानी गईं तो मध्याह्न भोजन रहेगा बंद



● 4 से 7 अगस्त तक धरना प्रदर्शन की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला (सिसई)।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया-संयोजिका अध्यक्ष संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सिसई प्रखंड में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष संतोषी देवी एवं सचिव सरिता देवी ने किया। बैठक में आगामी 4 अगस्त से 7 अगस्त तक रांची विधानसभा के समक्ष होने वाले धरना-प्रदर्शन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

संघ ने स्पष्ट किया कि मांगों की अनदेखी के विरोध में धरना के दौरान मध्याह्न भोजन पूरी तरह से बंद रहेगा। किसी भी रसोइया या संयोजिका द्वारा भोजन बनाने की स्थिति में संगठनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिला की सभी रसोइया-संयोजिका अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे 4 अगस्त को सुबह 10 बजे तक रांची के कुटे मैदान में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और अपनी मांगों को मजबूती से रखने के लिए भारी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करें। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार इस सत्र में भी न्यूनतम वेतन की घोषणा नहीं करती, तो रसोइयों द्वारा मध्याह्न भोजन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। बैठक में बसंती देवी, सालेन तिर्की, सुचिता तिर्की, पुनी देवी और बबली देवी समेत कई सदस्यों ने भाग लिया और आंदोलन को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से एकजुट रहने का संकल्प लिया। रसोइया-संयोजिका संघ की यह चेतावनी आगामी दिनों में शिक्षा व्यवस्था पर असर डाल सकती है, जिसे लेकर प्रशासन और सरकार की भूमिका अहम होगी।

## प्रफुल्ल चंद्र रे की जयंती पर विज्ञान सप्ताह का समापन

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में 25 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित विज्ञान सप्ताह का समापन भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. प्रफुल्ल चंद्र रे की 164वीं जयंती के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान की भावना और भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। समापन अवसर पर विद्यालय के शिशु खंड में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सौरमंडल, वर्षा चक्र, ज्वालामुखी, जल संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित आकर्षक वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपने मॉडल के पीछे के वैज्ञानिक सिद्धांतों की व्याख्या कर उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों को प्रभावित किया। सप्ताहभर की गतिविधियों में प्रतिदिन वंदना सभा के दौरान छात्रों ने भारतीय वैज्ञानिकों के जीवनवृत्त, उनके सांझा किए गए अनछुए पहलुओं और प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को सरल, रोचक एवं प्रेरणादायक रूप में प्रस्तुत किया।

# 1,689 आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्तनपान जागरूकता अभियान का आयोजन

● 14 हजार से अधिक माताएं हुईं लाभान्वित

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** विश्व स्तनपान सप्ताह (1 से 7 अगस्त) के अवसर पर गुमला जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के मार्गदर्शन में जिले भर के 1,689 आंगनवाड़ी केंद्रों पर एक साथ स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में 14,000 से अधिक माताओं और गर्भवती महिलाओं ने सहभागिता की, जो जिले में जन-जागरूकता और स्वास्थ्य सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं और परिवारों को स्तनपान के महत्व, लाभ और उससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना था। जिला बाल विकास परियोजना एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं की सक्रिय भागीदारी से प्रत्येक केंद्र पर जानकारीपूर्ण और संवादात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं।

जन्म के पहले घंटे में माँ का पहला दूध (कोलोस्ट्रम) देना शिशु के लिए अत्यंत आवश्यक है।

6 माह तक केवल माँ का दूध ही शिशु के लिए सम्पूर्ण आहार है।

स्तनपान से शिशु को कुपोषण, डायरिया, निमोनिया जैसी बीमारियों से बचाया जा सकता है।

## नशे की हालत में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिसई (गुमला)।** थाना क्षेत्र के सकरौली गांव निवासी स्व बाकेश्वर उरांव का 22 वर्षीय पुत्र किशुन उरांव ने शनिवार सुबह 10.30 बजे के आस पास अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की मां रोपनी देवी ने बताया कि सुबह में वे मवेशियों के लिए घास काटने गई थी किशुन उरांव घर में अकेला था। तभी मृतक की मां ने एक बच्ची को घर से चाय बनाकर लाने के लिए भेजी बच्ची जब घर पर आई तो कमरे का दरवाजा और खिड़की बंद था । बच्ची ने जब डंडे से दरवाजा को धकेला तो वह खुल गया। बच्ची ने देखा कि किशुन कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ है। बच्ची शोर मचाते हुए बाहर दौड़ी आस पास के लोगों ने बच्ची की शोर सुनकर किशुन के घर पहुंचे और किशुन उरांव को फंदे से नीचे उतारा और उसे तुरंत रेफरल अस्पताल सिसई लेकर आए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद किशुन उरांव को मृत घोषित कर दिया।

## माइनिंग चालान अवरुद्ध होने से ट्रक मालिकों की बढ़ी परेशानियां



**बिशुनपुर (गुमला)।** गुमला जिला अंतर्गत ऊपर पाट क्षेत्र की बॉक्साइट खदानों में अचानक माइनिंग चालान निर्गत न होने से हज़ारों ट्रक चालकों, खलासियों, लोडर-अनलोडरों और ट्रक मालिकों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ट्रक ऑनर एसोसिएशन का कहना है कि गुमला जिला खनन कार्यालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए माइनिंग चालान रोक देने से छह दिनों से हजारों ट्रक खदानों में लोड लेकर खड़े हैं। बरसात के कारण वैसे भी ट्रिप मिलना मुश्किल हो गया है, ऐसे में चालान न मिलने से ट्रक मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कवलजीत सिंह ने बताया कि चालान निर्गत न होने के कारण न सिर्फ ट्रक मालिक बल्कि हज़ारों श्रमिकों, ड्राइवरों, दुकानदारों और आश्रित परिवारों की रोज़ी-रोटी पर संकट आ गया है। वहीं सरकार को भी राजस्व हानि हो रही है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किसानों के लिए साबित हो रही वरदान

# किसान गोष्ठी में प्रखंडों के 325 किसानों ने लिया भाग

● पीएमएफटीएफ किसानों के जीवन में स्थायीत्व और आत्मनिर्भरता लाने में मील का पत्थर साबित हो रही है

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की प्रमुख योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत गुमला जिला स्थित विकास भवन परिसर में एक विस्तृत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव (विकास भारती) महेंद्र भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में गुमला, घाघरा, बिशुनपुर, भरनो और सिसई प्रखंडों के कुल 325 किसानों ने भाग लिया।

महेंद्र भगत ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के जीवन में स्थायीत्व और आत्मनिर्भरता लाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि यह योजना किसानों को बीज, खाद और कीटनाशी जैसे कृषि आदानों की खरीद में सीधा वित्तीय सहयोग प्रदान करती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला द्वारा की गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने योजना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत छोटे और सीमांत किसानों को प्रति वर्ष 6000 की राशि तीन किस्तों में सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। उन्होंने किसानों से अपने भूमि दस्तावेज, आधार कार्ड और बैंक विवरण अद्यतन रखने की अपील की ताकि योजना का लाभ बाधारहित रूप से मिल सके।

खरीफ फसलों में कीट प्रबंधन विषय पर आयोजित तकनीकी सत्र में विशेषज्ञ अतल बिहारी तिवारी, नीरज कुमार, निशा तिवारी, विनोद कुमार और सुनील कुमार ने किसानों को धान, मक्का, अरहर, उड़द आदि फसलों में होने वाले कीटों से निपटने की जैविक एवं रासायनिक तकनीकों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने एकीकृत कीट प्रबंधन की उपयोगिता बताते हुए ट्राइकोग्रामा, एनपीवी, फेरोमोन ट्रैप और नीम आधारित कीटनाशकों के उपयोग पर बल दिया, जिससे किसानों की लागत घटे और पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहे। गोष्ठी के अंत में किसानों के सवालों का जवाब विशेषज्ञों ने विस्तार से दिया।


# बैंक ऑफ इंडिया ने बैंकिंग सेवाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए बीसी के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में आज शाखा प्रबंधक संदीप कुमार की अध्यक्षता में बैंक के बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना और ग्राहकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था।बैठक के दौरान, शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने सभी बीसी को अपने कार्य को पूरी निष्ठा के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीसी से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, और अटल पेंशन योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड ऋण के लिए लीड जनरेट करने, केसीसी ऋण धारकों से ऋण की राशि जमा करवाने और ग्राहकों की केवाईसी अपडेट करवाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई। शाखा प्रबंधक ने बीसी से इन सभी कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संदीप कुमार ने उन सभी बीसी को भी आदेश दिया, जिन्हें पंचायत स्तर पर कार्य करने का लोकेशन मिला है, कि वे अपने-अपने पंचायतों में बैठकर कार्य करें ताकि ग्रामीणों को बैंक की सेवाओं का लाभ लेने में आसानी हो। इसके साथ ही, उन्होंने एनपीए खातों वाले ग्राहकों को बैंक लाने पर भी जोर दिया, ताकि उनके ऋण को नियमित किया जा सके। इस बैठक में सभी पंचायत के बैंक बीसी और बैंक के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# सावन के झूले



सावन की जब हम बातें करते हैं तब चारों ओर हरे भरे वृक्षों के संग स्वच्छ धवल पादपों और पल्लवों के लुभावने नजारों के साथ ही साथ हरी-भरी वसुंधरा का जो मनभावन चित्र हमारे मन मस्तिष्क में उभरता है वह है झूला। सावन के साथ झूला तो इस प्रकार से जुड़ गया है, जैसे सावन जब आए तो झूला झूलना ही है। बड़े-बड़े पेड़ों की मजबूत डालों में रस्सियों से बाँधकर बनाए गए झूले और उस पर सखियों के साथ झूलते हुए, कजरी गाना, यह सारा कुछ सावन के साथ इस तरह से जुड़ा हुआ है कि इसके बिना तो लगता है सावन की कल्पना ही नहीं कर सकते हैं। और जब झूले की बात आती है तो कृष्ण राधा की छवि भी अनायासी मानस पटल पर उभर आती है। झूले पर बैठे प्रेम रस में डूबे हुए राधकृष्ण जैसे इस सृष्टि को प्रीत का ही गहरा संदेश देते हुए प्रतीत होते हैं। जाने कितने ही झूले और कजरी के गीत हम सबकी जुबान पर चढ़े हुए हैं। बड़े-बड़े महान कवियों की लेखनी भी इससे अछूती नहीं रह सकी है। उन्होंने भी झूले और कजरी पर जाने कितनी ही मनभावन पंक्तियां रची हैं, जिन पंक्तियों के साथ हमारा मन भी हिंडोले लेने लगता है। सावन के इन झूलों का आनंद हम में से बहुतों ने बचपन में अवश्य ही लिया होगा। रिमझिम बारिश में भीगना, सखियों के साथ झूले झूलना और अपने-अपने प्रेमी और प्रियतम की बातें करना एक रोमांचक अनुभूति दे जाता है। कुछ प्रेमी युगल भी इस झूले का आनंद साथ-साथ लेते हैं। जब झूले में बैठी प्रेमिका को उसका प्रेमी हौले-हौले पीछे से झूला झुलाता है, तब झूले की इस डोर के माध्यम से उनके मन की डोर भी जुड़ती और मजबूत होती चली जाती है। झूला झूलने की प्राचीन प्रथा मात्र सखी सहेलियों या प्रेमी-प्रेमिका के साथ ही नहीं है। इसे एक पारिवारिक उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। घर में झूले लगाकर परिवार के सदस्य आपस में मिलकर उत्सव मनाते हुए एक दूसरे को झूला झुलाते हैं।



रुणा रश्मि 'दीप्त'

कृष्ण-राधा और राम-सीता ही नहीं शिव-पार्वती के प्रेम से भी झूले की इस प्रथा को जोड़ा जाता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं पूरे सावन मास शिव की आराधना अत्यंत की भक्ति भावना के साथ की जाती है। ऐसे में कई मंदिरों में भी झूले का आयोजन होता है, जहाँ पर बैठकर शिव पार्वती के प्रेम प्रसंगों को सुनाया जाता है। भक्तगण उन प्रसंगों को पूर्ण भक्ति भाव से सुनते हुए, अपने-अपने दांपत्य जीवन में भी इस प्रेम को पाने और बनाए रखने की कामना करते हैं। वैज्ञानिकों का भी मानना है कि झूला एक प्रकार से मनुष्य के लिए मूड बूस्टर का काम करता है अर्थात उसकी मनोदशा को उल्लासित करता है। झूला झूलते समय शरीर के अंदर हैप्पी हॉर्मोस का सिक्रिशन बढ़ जाता है जिससे मनुष्य के मन का अवसाद काम होता है और आनंद की अनुभूति करते हुए उसका स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है।

किंतु आधुनिकीकरण के इस दौर में हमारी अनेकानेक पुरानी परंपराओं के साथ ही सावन के झूलों की यह मनभावन परंपरा भी विलुप्तप्राय ही हो गई है। अब तो सावन के झूलों की बातें हम पुस्तकों में ही पढ़ते हैं या गीतों में ही सुनते हैं। यह मात्र हमारी कल्पनाओं में ही रह गया है। आज की दौड़ती भागती दिनचर्या और शहरों की ऊँची इमारतों के मध्य न तो मनुष्य के मन में और न ही कहीं किसी आँगन में इस झूले के लिए कोई स्थान बच सका है। अपने छत या घर की बालकनी में, लोहे या लकड़ी के बने खूबसूरत झूले में अकेले बैठकर कोई सावन के उन विशेष त्यौहार रूपी झूलों के आनंद की कल्पना भी नहीं कर सकता है। इसकी विशेष अनुभूति को तो वही समझ सकता है जिसने इन पलों को मूर्त रूप में जीया है।




मंजुला शरण 'मनु'

सावन का महीना हर भारतीय के लिए कृषि और धार्मिक महत्व के कारण बहुत विशेष माना जाता है। सावन भगवान शिव को समर्पित एक पवित्र महीना है। पौराणिक कथा के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में इसी महीने में पाया था। इस लिए सावन में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में एक है और 52 शक्तिपीठों में 18 श्रेष्ठ शक्तिपीठों में भी एक है। यहाँ माता पार्वती की भ्रामरी रूप में पूजा होती है।

मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग को श्री शैलम मंदिर और दक्षिण का कैलाश भी कहा जाता है। यह आंध्रप्रदेश के कृष्णा जिले में श्री शैलम नामक स्थान पर स्थित है; जो नल्लामाल पर्वत श्रृंखला में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है।

# मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग





मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग की कथा का संबंध कार्तिकेय से है। माता-पिता ने अपने दोनो पुत्रों को पृथ्वी की प्रदक्षिणा के लिए कहा। कार्तिक मयूर वाहन से चले, और गणेश ने अपने मूषक वाहन से माता- पिता की प्रदक्षिणा करके प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया। इससे गणेश का पहले विवाह हो गया। नाराज हो कर कार्तिकेय क्रौंच पर्वत चले गए। माता पार्वती उन्हें मनाने क्रौंच पर्वत गयीं। कार्तिकेय और दूर चले गए। तब पुत्र वियोग में शिव-पार्वती साथ वहाँ पहुँचे। भगवान शिव वहाँ साक्षात हो कर ज्योति रूप प्रकट हुए और माता पार्वती उसी ज्योति में समा गयीं। इसी से इस स्थान को ज्योतिर्लिंग कहा गया। एक पौराणिक कथानुसार सती की गर्दन का भाग यहाँ गिरा था।

मल्लि का अर्थ है मालिका जो माता पार्वती का नाम है, अर्जुन भगवान शिव हैं। मल्लिका चमेली के फूल को कहते हैं। मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग को श्री शैलम मंदिर और दक्षिण का कैलाश भी कहा जाता है। यह बहुत प्राचीन मंदिर है। शिलालेखों के अनुसार यह दूसरी शताब्दी पूर्व का है। चालुक्य साम्राज्य ( 624--848 ई0 ) और काकतीय ( 953--1323 ई0 ) ने मल्लिकार्जुन मंदिर के विकास में योगदान दिया। फिर इसका जीर्णोद्धार विजयनगर शासनकाल के दौरान 1336 से 1678 तक हुआ। 1874 ई0 में छत्रपति शिवाजी ने भी मंदिर का जीर्णोद्धार एवं पुनरुद्धार किया।

यह एकमात्र मंदिर है जो ज्योतिर्लिंग के साथ शक्तिपीठ भी है। यहाँ शैव और शाक्त एक भाव से पूजा करते हैं।

यह विशाल मंदिर द्रविड़ वास्तुकला का अद्भुत स्वरूप है। इसकी मोहक और जटिल नक्काशी बहुत विशेष है। इस मंदिर में चार प्रमुख द्वार हैं जिसे गोपुरम कहा जाता है। मंदिर का शिखर सोने से बनाया गया है। गर्भगृह में आठ अंगुल ऊंचा शिव लिंग स्थापित है जिसके ऊपर पंचमुखी नाग का छत्र है। गर्भ गृह से पहले बाईं ओर गणपति की अद्भुत उज्जवल मूर्ति स्थापित है। दो कदम की दूरी पर गर्भगृह है, जहाँ भगवान शंकर लिंग रूप में स्थापित हैं। गर्भगृह बहुत छोटा जिसके कारण श्रद्धालुओं को बहुत लंबी लाइन में लग कर अपनी बारी की प्रतीक्षा करनी पड़ती है, और दर्शन की अवधि बहुत छोटी मिलती है।

गर्भगृह के पीछे विशाल प्रांगण है। प्रांगण के पीछे की दीवार पर पंक्तिबद्ध आठ दिक्पालों की मूर्तियाँ हैं, जो आठो दिशाओं के रक्षक देवता हैं। ये भी मूर्तियाँ धार्मिक महत्व के साथ, साथ स्थापत्य कला का अनूठा उदाहरण भी हैं।

गर्भगृह के पीछे एक बड़ा सा प्रांगण है, जहाँ चंदन का बड़ा सा पेड़ है, नीचे व्यवस्थित रूप से प्राचीन शिलापट्टियों में नागों की आकृति और उनकी जाति-वंशावली उत्कीर्ण है। चंदन वृक्ष पर सांप होना एक मिथक है।

इसी प्रांगण में एक और चकित करने वाला वृक्ष है। जिसके फल हूबहू मिट्टी की हांडियों जैसे दिखते हैं। लगता है जैसे बड़ी-बड़ी हांडियो को रस्सी से बांध कर लटका दिया गया हो। ये फल आकार में तो बड़े होने के साथ काफी सख्त भी होते हैं। यदि किसी के सिर पर गिर जाए तो सिर फूटना निश्चित है। ये हिंदू धर्म का धार्मिक वृक्ष है। पुडुचेरी का यह राजकीय पुष्प है। इस पेड़ को वनस्पति विज्ञान में " कैनन बॉल फ्रूट " कहा जाता है।

पौराणिक ग्रन्थ के अनुसार भगवान शिव यहाँ अमावस्या के दिन प्रकट हुए थे और देवी पार्वती पूर्णिमा के दिन। शिवरात्रि के दिन यहाँ मेला लगता है और विशेष पूजा साज-सज्जा भी होती है।

श्री शैलम के लिए विजयवाड़ा और हैदराबाद से जाने का मार्ग है। हैदराबाद से सड़क मार्ग घने जंगलों के बीच से होकर है। यह जंगल कभी चंदन तस्कर वीरप्पन का स्वघोषित साम्राज्य था। पर अब सरकार ने वीरप्पन और उसके आतंक दोनों को समाप्त कर दिया है। अब इसी जंगल पर सड़क मार्ग बना दिया है पूरे मार्ग में सुन्दर जीव जंतुओं को देखने को मिलते हैं। सूर्यास्त के बाद प्रवेश वर्जित है। क्योंकि शाम के बाद खतरनाक जंगली जानवरों का खतरा हो सकता है। श्री शैलम मंदिर धार्मिक स्थल साथ प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी विशेष है।

# नैना की इच्छा



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

आज तो तुम्हारे चेहरे पर अलग सी चमक दिखाई दे रही है। नैना क्या बात है?

"मां ! मैं आज बहुत खुश हूं। मेरे विद्यालय से जो राखियां बनाकर देश के जवानों के लिए भेजी जाती थीं तो मैं भी भेजा करती थी। आप तो जानती हैं, मां।"

"हां, मेरी बिटिया।"

"मैंने राखियों के साथ पत्र भी लिख कर भेजा था। पिछले साल पत्र लेखन कक्षा में सिखाया गया था तो मैंने पत्र में विनती किया था कि मैं सभी जगह केवल अपने हाथों से बनाई राखियां भेजती हूं लेकिन राखी कभी किसी की कलाई पर नहीं बांध पायी हूं। मैं जो पांच राखियां देश के रक्षकों को भेज रही हूं यानी अपने पांच भाइयों को भेज रही हूँ। एक भाई भी मुझसे अपनी कलाई पर राखी बँधवा लें। मेरी इच्छा है कि एक भाई भी देश की रक्षा के साथ इस बहन की इच्छा को पूरा करें।"

"ओह ! मेरी बिटिया।"

"आगे सुनो तो मां.....!"

"ठीक है मैं चुप रहूंगी, अब बताओ।"

"मेरे विद्यालय में प्रधानाध्यापिका अपने पास बुलवा कर शाबाशी देते हुए गले लगायीं और बताया कि रक्षाबंधन के दिन मुझे आपके साथ स्कूल जाना है।"

"क्यों ?"

"वहां मेरा पत्र जिन्होंने पढ़ा उन्होंने यह निर्णय लिया कि एक सैनिक भाई मुझसे अपनी कलाई पर राखी बँधवाने हर वर्ष आएंगे।"

"यह तो बहुत खुशी की बात है, आज स्वयं देश के रक्षकों ने एक बहन की इच्छा का सम्मान किया है।"

"मां! जल्दी-जल्दी अपने हाथों की स्वादिष्ट मिठाइयां बना दो। मैं भी आपकी मदद करूँगी।"

दस साल की नैना के आंखों में खुशी की चमक देख लेने के बाद स्वयं के आजीवन गर्भवती नहीं होने की पीड़ा में एक मरहम महसूस करते हुए नैना की मां ने अपने खुशी के आंसू पोंछते हुए कहा,

"बिल्कुल बिटिया ! अभी से तैयारी में लग जाती हूं।"

## रक्षाबंधन



मनोज कुमार झा 'मनु'

कहती है- भाई! खुश रहना,
गर्वित प्रमुदित सीना चौड़ा,
भाई की बाँछें खिल जाती,
हर संकट हर लूँगा तेरा,
आज शपथ खाता हूँ, बहना!
सरहद पर सीना तान खड़ा,
वह मातृभूमि की रक्षा में,
अरि की हरकत पर नज़र
रखे, वह सुख्खों-शान
सुरक्षा में,
मधिमय सने कच्चे धागे, री
बहना! पावन-प्रीत अमर,
उपहार सीता दे, हुआ विदा,
छल-छद्म-शत्रु-प्रतिरक्षा में।
कच्चे धागे का बंध प्रबल,
यह बहन-प्रेम का दर्पण है,
भाई का वादा रहे अटल,
यह मंत्र-सुरक्षा-अर्पण है,
है अद्भुत रक्षासूत्र कलित,
भाई की ललित कलाई पर,
इच्छ-दूजे-हित मंगल-प्रतीक,
यह अनुपम प्रेम-समर्पण है।

सर्वत्र सुहाना बँधा सकल है,
सावन की रिमझिम छाई है,
घनमाला के ढोल-थाप पर,
रिमझिम-किरकन भायी है,
बाँधी सखी इंद्रधनुष की,
चंद-कलाई पर पायल ने,
मोहिनी प्रकृति ने
विहँस-उछल, चंचल चपला
चमकाई है।
लिए आरती-थाल हाथ
में, शुभ तिलक करती है
बहना,
बाँध कलाई रेशम-धागे,

## काव्य कोना

## क्षणिक अवसाद

कंधा ढूंढने चला है, वो
शहर-शहर घूमकर ढूंढने चला है, वो
आशा की मड़ईयां में बैठा
उत्साह के पतंग पर उड़ता
उल्लासित, वह बढ़ता चला है
फिर भी क्या कहें!
कैसे बतलायें!
कंधा ढूंढने चला है, वो।
साहसी कर्तव्यनिष्ठ हैं
निराशा और परेशानी पास फटकती नहीं
आकर्षित हैं ज़िंदगी से
सम्बल दूसरे का बनता चला है
कैसे समझाऊं - कैसे बतलाऊं
कंधे मिलेंगे, तुम्हें भी जरूर
होगा जब आशा- निराशा, उत्साह-भय से परे
दूर पथ का राही बनेगा
एक नहीं चार मिलेगा
पर,अभी इतनी जल्दी
तू कैसे कमजोर पड़ा है
अभी तू कहां, कंधा ढूंढने चला है।

नाग मणि

## एक समीक्षात्मक आलेख

# यथार्थवादी उपन्यास गबन



डॉ. गीता सिन्हा गीतांजलि



गबन का प्रारंभ होता है इन पंक्तियों से ------ "बरसात का दिन है,सावन का महीना, आकाश में सुनहरी घटाएँ छाई हुई हैं। रह रहकर रिमझिम रिमझिम बरसा होने लगती है। अभी तीसरा पहर है, पर ,ऐसा मालूम हो रहा है, शाम हो गई। ग्रामों के बागों में झूला पड़ा है। लड़कियां भी झूल रही हैं, उनकी माताएं भी। दो-चार झूल रही हैं दो-चार झूला रही है। कोई कजरी गाने लगती है कोई बारहमासा। इस ऋतु में महिलाओं की बाल-स्मृतियाँ जाग उठती हैं। यह फुहारें मानो चिंताओं को ह्रदय से धो डालती है, मानो मुरझाए हुए मन भी हरा देती है। सबके दिल उमंगों से भरे हुए हैं यानी साड़ियों ने प्रकृति की हरियाली से नाता जोड़ा है।"

यह तो है ग्रामीण यथार्थ का वर्णन। पढ़ कर ऐसा लगता है झूला झूलने वालियों और झुलानेवालियों के बीच हम भी हैं। यह उपन्यास उन्नीस सौ एकतीस में लिखा गया था। उस समय की ग्राम वासिनी भारत माता की हम साक्षात जैसे दर्शन कर लेते हैं।

गबन में मध्य वर्ग की वास्तविक स्थिति तथा खोखले आदर्श का चित्रण है रमानाथ अपनी पत्नी जालपा के साथ समक्ष बड़ी-बड़ी बातें करता है, जबकि सत्य है कि वह छोटी सी नौकरी के लिए भटक रहा होता है।

जालपा के पति रमानाथ की जब शादी नहीं हुई थी, वह बेरोजगार था।

प्रेमचंद के शब्दों में.... " इधर दो साल से रमानाथ बेकार था। दोस्तों के बदौलत उसका शौक पूरा होता।......किसी से सूट मांग कर पहन लिया ....तो किसी से कलाई घड़ी मांग कर बाँध ली......"

शादी ब्याह में उन दिनों भी दिखावा के लिए खर्च होता था। बैंड बाजा, समियाना, नाच गाना, जेवरात का चढ़ावा.....वगैरह वगैरह। बाद में सुनार, बाजा वाला, नाच गाना वाला जब घर में पैसे मांगने पहुँचते थे तो पता चलता था कि घर में पैसे की जोड़-तोड़ लगी है। नई ब्याह कर आई बहू से सब बातें छुपा कर रखी जाती थी। इसका सटीक यथार्थपरक चित्रण लेखक ने किया है। कैसे रमानाथ अपनी नवविवाहिता पत्नी के संदूक से सारे गहने उड़ा लेता है। रात के अंधेरे में "चोर चोर "चिल्लाता है। यह सब वह आर्थिक फटेहाली के कारण ही करता है। फिर जालपा के शौक से तंग आकर सरकारी रुपए गबन कर गहने बनवा देता है।

उन्नीस सौ एकतीस में स्वतंत्रता आंदोलन बहुत ही सक्रिय था। ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीति के विरुद्ध जहाँ तहाँ क्रांतिकारियों का दल सक्रिय हो उठा था। इसका मुख्य अड्डा था बंगाल। आंदोलन अपने शुरुआती दौर में ब्रिटिश पुलिस के भय से दबा दबा था। ब्रिटिश पुलिस सूंघ सूंघकर क्रांतिकारियों को पकड़ने में लगी हुई थी। इसका वर्णन उपन्यास में बखूबी हुआ है।

प्रेमचंद के शब्दों में..... "कलकत्ते में रमानाथ अपने हितैषी देवादीन खटिक के यहां कुछ दिनों तक रुकने के बाद चाय की दुकान खोल देते हैं।........ एक दिन जब वे नाटक देख कर लौट रहे थे, पुलिस उन्हें शुबहे में पकड़ लेती है। रमानाथ घबराहट में अपने गबन इत्यादि के बारे में सारी कथा बता देते हैं। पुलिस वाले उन्हें निर्दोष जानकर भी नहीं छोड़ते। क्रांतिकारियों पर चल रहे एक मुकदमे के गवाह के रूप में पेश कर देते हैं...।"

उन दिनों जब (2*मार्च 19*1)शहीद भगत सिंह एवं उसके दोनों साथी सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा दे दी गई थी। यह वर्ष उनीस सौ इकतीस ही था जब यह उपन्यास (गबन) लिखा जा रहा था, अंग्रेजों के पिछलग्गू पुलिसकर्मियों का बुरा चरित्र लेखक ने उजागर किया है।

यह उपन्यास सिर्फ रमानाथ और जालपा (पति -पत्नी ) का प्रेम वर्णन या जालपा का आभूषणप्रियता का वर्णन नहीं है। मध्यवर्गीय समाज का आर्थिक पिछड़ापन का वर्णन भी नहीं है। यह उपन्यास आँखों में उंगली डालकर दिखाता है.... स्वतंत्रता आंदोलन की प्रारंभिक चरण को,जो उस समय देश का सबसे बड़ा यथार्थ (सच) था। उन्नीस सौ बयालीस की क्रांति का आगाज था।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## बरसात और चांद



दीपक वर्मा दीप

आज कई दिनों बाद
आसमान में चाँद दिखा।
मैंने पूछा,
कैसे कट रहे हैं मामू
बरसात में!
कहीं बोर तो नहीं हो जाते हो
भीगी रात में!
चाँद ने मुस्कुराकर कहा,
अजी,वीरियत की क्या बात है!
बरसात के दिनों में तो मुझे,
बादलों का मिलता साथ है।
मैं उनकी ओट से
जी भर कर
अपनी प्यारी वर्षा को
निहारता हूँ,
नेपथ्य में रह कर
उसकी ख़ातिर,
खुद को संवारता हूँ।
पर, बेचारी चाँदनी!
मेरी और वर्षा रानी की
आंख मिचौली से
बहुत जलती है।
क्योंकि इन
भीगी-भीगी रातों में
उसकी ज़रा भी,
दाल नहीं गलती है।
और इस बात से अक्सर,
आहत होते रहते
उसके जज़्बात हैं।
मैंने तो उसे
कई बार समझाया कि,
अरी बावरी!
ये महज़ कुछ दिनों की बात है।
और याद रख!
जब तक ये बरसात है।
तभी तक तो लोग
वर्षा के प्रेम में,
हर पल गुज़ारेंगे।
उस पर ही
गीत-गज़ल लिखेंगे,
उसे ही संवारेंगे,
बाकी पूरे वर्ष तो,
बस हमें ही निहारेंगे।

# सावन : प्रकृति, प्रेम और काव्य का उत्सव

सावन न केवल प्रकृति का उत्सव है, बल्कि हिंदी साहित्य का भी अत्यंत प्रिय और जीवंत विषय रहा है। भारतीय काव्य-परंपरा में सावन मात्र एक ऋतु नहीं, बल्कि मन की एक भाव-स्थिति है — जहाँ प्रेम, विरह, अनुराग और आत्म-आलाप की धाराएँ एक साथ बहती हैं।

भक्तिकाल में सावन का भावात्मक रूप:

तुलसीदास के दोहों में सावन ईश्वर और आत्मा के मिलन की प्रतीकात्मक भाषा में आता है —

"सावन के पावस झड़ी, तुलसी बिरवा रोय।"



चारुमित्रा

यहाँ सावन आत्मा की उस व्याकुल प्रतीक्षा का प्रतीक है, जो प्रभु के मिलन की बाट जोह रही है।

मीरा के भजनों में सावन विरह की वेदना का पर्याय बन जाता है। उनके लिए यह ऋतु प्रियतम श्रीकृष्ण के बिना अधूरी है —

"सावन के झूले पड़े, सखी री राधे रे द्वार।"मीरा के गीतों में सावन मिलन की तीव्र इच्छा का समय है, जो विरहिणी के कष्ट को और गहरा कर देता है।

सूरदास के काव्य में सावन ब्रज की रास-लीलाओं, राधा-कृष्ण के संयोग और उस मधुर स्मृति से भरा हुआ है - "सावन आयो, रस बरसायो। वृज बिहारी की प्रीति जगाए।"उनके लिए सावन रस, रंग और रचना का उल्लास है।

छायावाद में सावन का आत्मिक रूप:

महादेवी वर्मा सावन को स्त्री-मन के अंतर्द्वंद्व और अकेलेपन का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत करती हैं। उनके लिए यह ऋतु एक अंतरात्मा की पुकार है -

"मैं नीर भरी दुख की बदली।"

जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' और सुमित्रानंदन पंत जैसे कवियों ने सावन को श्रृंगार और प्रकृति के गहरे संबंधों का वाहक बनाया।

पंत लिखते हैं —

"पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,



आओ रे सब मुझे घेर कर गाओ सावन,
इंद्रधनुष के झूले में झूलें मिल सब जन,
फिर-फिर आए जीवन में सावन मन-भावन!"

प्राचीन और आधुनिक संदर्भों में सावन:

कालिदास ने 'मेघदूत' में वर्षा ऋतु का अत्यंत सुंदर और कलात्मक वर्णन किया है, जहाँ बादल संदेशवाहक बनकर प्रेम की यात्रा करते हैं।

नीरज की पंक्तियाँ सावन के साथ जुड़ी करुणा और विडंबना को सामने लाती हैं —

"अब के सावन में ये शरारत मेरे साथ हुई,
मेरा घर छोड़कर सारे शहर में बरसात हुई।"

दिनकर सावन को देखकर हृदय की जलन और प्रकृति की माया का अनुभव करते हैं —

"जेठ नहीं, यह जलन हृदय की, उठकर ज़रा देख तो लो,
जगती में सावन आया है मायाविनी! सपने घोलें।"

गुलज़ार के शब्दों में बारिश आते ही शहर की संवेदना जाग उठती है —

"बारिश आती है तो मेरे शहर को कुछ हो जाता है।"

विश्व साहित्य में सावन जैसी ऋतुओं का सौंदर्य:

रूमी लिखते हैं —

"अपनी आवाज नहीं, शब्दों को उठाओ;
बादलों की गरज नहीं, बारिश उपजाती है फूलों को।"

यह हमें उस गहराई की ओर ले जाता है जहाँ प्रकृति की कोमलता ही सृजन का मूल है।

स्त्री-साहित्य और समकालीन स्वर:

छोटे शहरों की लड़कियों पर लिखी कविता बताती है कि सावन की तरह वे भी किसी दिन चुप्पी तोड़ेंगी और समाज की बंदिशों से बाहर आएँगी —

"मौका मिलते ही फव्वारों-सी फूटती हैं
एक दिन पी-सी फटेंगी
छोटे शहर की लड़कियाँ!"

कवि लाल्टू (हरजिंदर सिंह) सावन को उस जगह से जोड़ते हैं जहाँ सौंदर्य, कल्पना और सृजन की धारा बहती है —

"शायद वह अपनी हँसी वहीं से पैदा करता है
जहाँ चाँद का ज़िक्र बनता है।"

सावन केवल एक ऋतु नहीं, एक जीवंत अनुभव है — प्रेम, विरह, चेतना और आत्म-चिंतन का समन्वित रूप। हिंदी साहित्य में यह विविध कवियों की संवेदनाओं से होकर एक गहरा सांस्कृतिक और भावनात्मक प्रतीक बन गया है। यह ऋतु जीवन को नई दृष्टि, नई भाषा और नई अनुभूतियों से समृद्ध करती है।

## आज का दोहा

कभी तने की शाख थे, हम बेहद मजबूत।
झुकी डाल पर झूलने लगे समय के 'ऊत'।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राहुल गांधी का दावा, 'हमारे पास मतदाता सूची में हेराफेरी के पुख्ता सबूत'

**एजेंसी। नई दिल्ली**




कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'वार्षिक लीगल कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था नहीं रह गई है और हमारे पास यह साबित करने के लिए पक्के सबूत हैं कि चुनावों में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हुई हैं। इस कार्यक्रम का विषय था 'संवैधानिक चुनौतियां – दृष्टिकोण और रास्ते,' जिसमें करीब 1,500 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कई वकील शामिल थे।राहुल गांधी ने अपने भाषण में दावा किया कि कांग्रेस पार्टी के पास अब "पूरे देश को दिखाने लायक सबूत" हैं, जो यह साबित करते हैं कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है और चुनाव आयोग की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध रही है।"राहुल गांधी ने कहा, "मेरे सहयोगी पहले कहते थे कि हां, कुछ गड़बड़ी हुई है, लेकिन हमारे पास कोई प्रमाण नहीं है अब मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हमारे पास प्रमाण है।"उन्होंने बताया कि पार्टी ने 6 महीने तक एक जांच अभियान चलाया, जिसमें चुनाव आयोग से मिली बूथवार मतदाता सूचियों का विश्लेषण किया गया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने जानबूझकर ऐसी मतदाता सूचियां दीं जिन्हें स्कैन या कॉपी करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा, "आखिर चुनाव आयोग मतदाता सूची को इस तरह क्यों सुरक्षित रखना चाहता है?"उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने 6.5 लाख मतदाताओं की तस्वीरें और नाम एक-एक कर मिलाए, जिसमें 1.5 लाख फर्जी नाम पाए गए। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें 2014 से चुनावों में गड़बड़ी की आशंका थी, लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की अचानक हार के बाद उन्हें शक और पुख्ता हो गया।

## राहुल को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखना चाहिए : नीरज



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रवक्ता नीरज कुमार ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राजनीति में एटम बम जैसे बयानों के बजाय तथ्यों और रणनीतियों पर ध्यान देना चाहिए। नीरज कुमार ने राहुल गांधी से उनकी भाषा पर संयम बरतने और उनके सहयोगी तेजस्वी यादव के चुनाव बहिष्कार संबंधी बयान पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दूसरी ओर राहुल गांधी की पार्टी जहां जीतती है, वहां सब ठीक रहता है, चुनाव आयोग से लेकर ईवीएम तक ठीक। लेकिन, हारने पर आरोप लगाए जाते हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में क्या मृतकों को वोटर लिस्ट में रहने दिया जाए, क्या राहुल गांधी यही चाहते हैं?उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार, एक मतदाता को केवल एक वोट देने का अधिकार है। राहुल गांधी देश की सबसे पुरानी पार्टी के नेता हैं, इसीलिए, जिम्मेदारी के नाते बयान दें। पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करने पर उन्होंने पीएम मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसानों के बैंक खातों में सीधे राशि हस्तांतरित करना किसानों के प्रति सम्मान और समर्थन का प्रतीक है।

## राहुल के पास सबूत हैं तो सार्वजनिक करें : राम कदम



**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा के वरिष्ठ नेता राम कदम ने राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि अगर उनके पास ठोस सबूत हैं तो सार्वजनिक करना चाहिए। आईएएनएस से बातचीत के दौरान भाजपा नेता ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर राहुल गांधी लंबे समय से आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि अगर राहुल गांधी के पास वाकई कोई 'एटम बम' जैसा ठोस सबूत है, तो वे उसे छिपाकर क्यों रख रहे हैं। एटम बम घर में रखने के लिए नहीं होता है। कदम ने सुझाव दिया कि अगर राहुल गांधी को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है, तो उन्हें अपने सबूत न्यायपालिका के सामने पेश करने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने पहले महाराष्ट्र सहित अन्य चुनावों में राहुल के आरोपों का प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए विस्तृत जवाब दिया है। फिर भी राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं। अगर राहुल गांधी अभी भी विस्फोटक सबूत होने का दावा कर रहे हैं, तो उन्हें इसे सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बिहार चुनाव में संभावित हार का बहाना बनाने के लिए राहुल गांधी इसे छिपाए रखना चाहते हैं। मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के बयान पर उन्होंने कहा कि सच्चाई छिपाई नहीं जा सकती है। कांग्रेस ने सनातन हिंदू धर्म और भगवा को आतंकवाद से जोड़कर बदनाम करने की साजिश रची।

## हरियाणा में कांवड़ियों से झगड़े के बाद सीआरपीएफ जवान की हत्या

**एजेंसी। हरियाणा**



● तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

हरियाणा के सोनीपत में 28 जुलाई को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुछ दिन पहले ही हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान अपने ही गाँव के कुछ लोगों के साथ हुए झगड़े में उसका हाथापाई हुई थी। जवान कृष्ण कुमार की हत्या के सिलसिले में तीन आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जवान कृष्ण लगभग 30 साल का था और छुट्टी पर था। सोमवार तड़के घर लौट रहे कृष्ण पर गोली चलाने के बाद दोनों संदिग्ध फरार हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर लाल सिंह ने बताया, कुछ दिन पहले कांवड़ यात्रा के दौरान गाँव के कुछ युवकों का उससे झगड़ा हो गया था। उनकी पहचान कर ली गई है। कृष्ण की हत्या की साजिश कथित तौर पर हरिद्वार तीर्थयात्रा पर जाने से पहले ही रची गई थी। पुलिस ने इंडिया टुडे टीवी को बताया कि कृष्ण के अलावा, आरोपियों ने आनंद उर्फ पहिया नामक एक और व्यक्ति की हत्या की भी योजना बनाई थी। पुलिस ने हत्या के मामले में निशांत और अजय को मुख्य आरोपी के रूप में पहचाना है। कंवर जाने से पहले, अजय ने अपनी बिना लाइसेंस वाली बंदूक मोहित नाम के एक व्यक्ति के पास छोड़ दी थी।

## जेल में मुझे इतना प्रताड़ित किया जाता था, जिसके लिए शब्द नहीं हैं : प्रज्ञा ठाकुर

**एजेंसी। मुंबई**




महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए की विशेष अदालत से 17 साल बाद बरी होने के बाद पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने जेल में बिताए अपने दिनों को याद करते हुए कहा कि मुझ पर इतना अत्याचार किया गया कि इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि एटीएस अधिकारियों ने मुझे 13 दिनों तक अवैध रूप से रखा। इस हिरासत के दौरान मुझे जितनी यातनाएं दी गईं, ऐसे अत्याचार किए गए जिसके लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। शब्दों की भी अपनी मर्यादा होती है। उन्होंने कहा, "मुझे नरेंद्र मोदी, योगी आदित्यनाथ, मोहन भागवत, सुदर्शन, इंद्रेश, रामजी माधव जैसे लोगों के नाम लेने के लिए मजबूर किया जाता था। वे कहते रहे कि इन लोगों के नाम लो तो हम तुम्हें नहीं मारेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य मुझे प्रताड़ित करना था। मुझसे सब कुछ असत्य बोलने के लिए कहा जा रहा था। इसलिए मैंने किसी का नाम नहीं लिया। इन लोगों ने प्रताड़ित करके बहुत कुछ कहलवाना चाहा, लेकिन हम असत्य बोलेंगे नहीं। राष्ट्र को भयभीत होने की जरूरत नहीं है।

**पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उठाए गए सवालों पर विपक्ष को घेरा, कहा**

# भारत पर जो वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा : पीएम मोदी

**एजेंसी। वाराणसी**



● कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से विपक्ष को "पेट में दर्द" हो रहा है।

● भारत की सैन्य शक्ति और जवाबी कार्रवाई पर बल : "जो भारत पर वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा।"

● सिंदूर को 'तमाशा' कहने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया : "क्या सिंदूर तमाशा हो सकता है?"

● विपक्ष पर सवाल : "क्या आतंकवादियों को मारने के लिए सपा से फोन करके पूछूं ?"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठाने पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि वो इस नाम पर परेशान हो रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि भारत पर जो वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को वाराणसी के सेवापुरी में 2183.45 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही पीएम मोदी काशी से दूसरी बार देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भेजी। इसके बाद उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्षी दलों को कटघरे में खड़ा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हमारे देश के कुछ लोगों को भी पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेस पार्टी, उनके चेले-चपाटे, उनके दोस्त इस बात को पचा नहीं पा रहे कि भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि आज महादेव की नगरी में विकास और जनकल्याण के इतने काम हुए हैं। शिव का अर्थ ही यही होता है- कल्याण। लेकिन, शिव का दूसरा रूद्र रूप है। सामने जब आतंक और अन्याय होता है तो हमारे महादेव रूद्र रूप धारण करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने भारत का यही रूप देखा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत पर जो वार करेगा, वो पाताल में भी नहीं बचेगा। मोदी ने कहा कि शिव का एक रूप कल्याण है, तो दूसरा रूप रुद्र रूप भी है।

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर काशी में पीएम मोदी बोले**

## जब आतंक और अन्याय होता है, तब रुद्र रूप धारण करते हैं हमारे महादेव...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां उन्होंने भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को महादेव के चरणों में समर्पित किया और इसे वादा पूरा हुआ बताया। ऑपरेशन सिंदूर, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की नृशंस हत्या का जवाब था। मोदी ने कहा कि आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। जब 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। 26 निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उनकी परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, उन बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से भर गया था। नरेंद्र मोदी ने कहा कि तब मैं बाबा विश्वनाथ से यही मना रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को इस दुख को सहने की हिम्मत दें। काशी के मेरे मालिकों, मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है।

## मोदी ने वाराणसी पहुंचकर 2200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा किया। सेवापुरी के बनौली (कालिकाधाम) में आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त भी जारी की गई। इस योजना के तहत, देश भर के 10 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 21,000 करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी का दौरा कर लगभग 2,183.45 करोड़ रुपए की 52 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने पीएम-किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भी जारी की, जिसके तहत देश भर के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सेवापुरी ब्लॉक के बनौली गांव में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर, तिपहिया साइकिल और सहायक उपकरण वितरित किए।कार्यक्रम में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने स्थानीय बोली में कहा, हम काशी के हर परिवार-जन को प्रणाम करते हैं। इसपर उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियां बजाईं।

**राहुल को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा**

## अगर उनके पास सबूतों का परमाणु बम है तो तुरंत परीक्षण करें...



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत में चुनावों में धांधली का आरोप लगाने के लिए निशाना साधा और कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता के पास अपने दावे को पुष्ट करने के लिए कोई सबूत नहीं है। राजनाथ सिंह ने पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा वोटों की धांधली पर सबूतों का एक परमाणु बम तैयार किया है... अगर उनके पास सबूतों का परमाणु बम है, तो उसका तुरंत परमाणु परीक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सच तो यह है कि उनके पास कोई सबूत या प्रमाण नहीं है। रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी से देश की संवैधानिक संस्थाओं को अपना कर्तव्य निभाने देने की भी अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सनसनीखेज दावे करना उनकी आदत है। पहले भी उन्होंने इसी तरह के बयान दिए हैं। संवैधानिक संस्थाओं को अपना कर्तव्य निभाने दें। राहुल गांधी से मेरी यही अपील है। यह कांग्रेस के स्वास्थ्य के लिए और लोकतंत्र के लिए भी अच्छा है। वहीं, उन्होंने कहा कि बिहार तो भारत ही नहीं पूरे विश्व में लोकतंत्र की जननी है।

## जमानत मिलने के बाद केरल की दो नन छत्तीसगढ़ की दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद शनिवार को केरल की दो ननों को दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। जेल के बाहर से प्राप्त तस्वीरों में देखा जा सकता है किवाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसदों, भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर समेत केरल के कई नेताओं ने कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए)-अदालत) सिराजुद्दीन कुरैशी की विशेष अदालत ने मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार दोनों ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को इस शर्त पर जमानत दे दी कि वे अपने पासपोर्ट जमा कर दें तथा देश छोड़कर न जाएं। बचाव पक्ष के वकील अमृतो दास ने बताया कि अन्य शर्तों में 50 हजार रुपये का मुचलका जमा करना, देश नहीं छोड़ना और अपना पासपोर्ट जमा करना शामिल है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है| आज कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा और कृषि कार्यों में प्रगति होगी| अगर आज आप कोई काम शुरू करना चाहते हैं , तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।आज प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा ,साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए|

**वृष :** इस राशि वालों के लिए आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा| आज आपको व्यापारिक दृष्टी से अच्छा धन लाभ होगा| आज आपको ऑफिस में प्रमोशन मिलने की खुशखबरी मिल सकती है| आज आपके परिवार में ख़ुशी का वातावरण रहेगा, जिससे आपको सुकून मिलेगा|आज आप अधिक सोचने से बचें, जिससे आप व्यर्थ की उलझन से दूर रहेंगे|

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है| आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे और परिवार के सदस्य आपकी सराहना करेंगे| आज आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोत्तरी होगी| आज आप राजनीती से जुड़े व्यक्तियों के साथ ताल-मेल बनाकर रखेंगे|

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा| आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है| आज कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी| इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा|

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है| आज आप अपने करियर को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे| इस राशि के एम.टेक के छात्र किसी टॉपिक को समझने के लिए सीनियर की मदद ले सकते हैं| आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा और आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी|

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा| आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता मिलेगी , जिससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी| आज आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा| आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए व्यक्तियों से मुलाकात हो सकती है, जिनके माध्यम से आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी|

**तुला :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा| आज प्राइवेट जॉब कर रहे व्यक्तियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा| आज पारिवारिक सुख- समृद्धि में वृद्धि होगी| आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं, लेकिन आप अपनी जरूरत का सामान रखना न भूलें|

**वृश्चिक :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा| आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी और कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी| आज आपके व्यापार में वृद्धि होगी और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेंगें| आज सेल्स में कार्यरत व्यक्तियों की आय में बढ़ोत्तरी होगी| आज आप दोस्तों के साथ पार्टी का आयोजन कर सकते हैं|

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है| आज आपको सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया जायेगा| आज आपको स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से राहत मिलेगी| आज आप जीवनसाथी के साथ ताल - मेल बनाकर रखें, जिससे आप दोनों के बीच अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी|

**मकर :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा| आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिलने की संभावना है| आज आपकी बेटी का किसी मनचाही फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं| आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा|

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा| आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगें, जिनका लाभ उठाकर आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं| आज राजनीति में कार्यरत व्यक्तियों की कार्यभार से सम्बंधित जिम्मेदारी बढ़ सकती है| आज वैवाहिक जीवन में ताल-मेल बना रहेगा , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा|

**मीन :** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है| आज आप सबके प्रति स्नेहपूर्वक व्यवहार करेंगें और बातों को भी अच्छे से समझेंगें| आज आपके लिए आय के नए स्रोत खुलेंगें, जिससे आपके आर्थिक हालात में सुधार आएगा| आज छात्र मन लगाकर पढाई करेंगें और किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं|

## बिहार में मतदाता सूची जारी होने के बाद राजनीतिक दलों ने नहीं दर्ज कराई आपत्ति : चुनाव आयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को बिहार राज्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 को लेकर विस्तृत जानकारी दी। आयोग ने एक प्रेस नोट जारी किया, जिसमें 1 अगस्त दोपहर 3 बजे से 2 अगस्त दोपहर 3 बजे तक के आंकड़ों और घटनाक्रमों का विस्तृत ब्यौरा दिया गया है। प्रेस नोट के अनुसार, 24 जून से 25 जुलाई तक चले गणना चरण के बाद बिहार की प्रारूप मतदाता सूची 1 अगस्त को आम जनता के लिए प्रकाशित कर दी गई। राज्य के सभी 38 जिलों के डीएम ने 243 विधानसभा क्षेत्रों के कुल 90,712 मतदान केंद्रों पर यह सूची तैयार कर साझा की। यह सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 1 अगस्त को प्रदान कर दी गई है। जो मतदाता 24 जून की मतदाता सूची में दर्ज थे, लेकिन 1 अगस्त की प्रारूप सूची से उनका नाम हट गया है, उनके नामों की अलग से सूची तैयार कर सभी राजनीतिक दलों को दी गई है ताकि वे उसका परीक्षण कर सकें। इस विशेष सत्यापन अभियान में भाग लेने के लिए 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नियुक्त किए गए करीब 1.6 लाख बूथ लेवल एजेंट्स भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। आयोग ने बताया कि जन सामान्य को इस प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए अखबारों, टेलीविजन और सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। मतदाता सूची को और अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए हर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय और शहरी निकाय कार्यालय में 1 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसमें लोग आकर अपने नाम की पुष्टि कर सकते हैं या फिर दावा व आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मतदाता अपने एपिक नंबर के माध्यम से निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर भी प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकते हैं। यदि नाम सूची में नहीं है या किसी सुधार की जरूरत है, तो उसी पोर्टल से दावा या आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

## बिहार में पांच साल के आपराधिक घटनाओं पर पुलिस की निगाह

**पटना।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था का मुद्दा गरमाया हुआ है। विपक्ष इसको लेकर सरकार पर हमलावर है। वहीं, बिहार पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए अपनी ओर से तैयारियां तेज कर दी हैं।

इस क्रम में पिछले पांच साल के अंदर हुई आपराधिक घटनाओं के इतिहास खंगाले जा रहे हैं तथा अपराधियों की कुंडली जुटाई जा रही है। पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी जिलों के अधिकारियों को साफ तौर पर कहा गया है कि जेल में बंद कुख्यात अपराधी भी अपराध की साजिश रचते हैं, इसलिए उन पर नजर बनाए रखना जरूरी है। जेल से हाल ही में छूटे अपराधियों जैसे सुपारी किलर, लुटेरे, डकैत और गंभीर अपराधों में शामिल लोगों की एक लिस्ट तैयार करने का निर्देश भी दिया गया है। थाना स्तर पर इन अपराधियों की गतिविधियों की लगातार निगरानी करने को कहा गया है।

## तेजस्वी के मतदाता सूची में 'नाम नहीं होने' के दावे पर पटना जिला प्रशासन ने दिया जवाब, जदयू भी भड़का

**एजेंसी। पटना**



बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से उनका नाम गायब है। इस दावे को पटना जिला प्रशासन ने सिरे से नकारते हुए कहा कि तेजस्वी का नाम मतदाता सूची में है। मतदाता सूची का प्रारूप जारी किया है, जिसमें उनका नाम है। दरअसल, राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में दावा कर दिया कि उनका वोटर लिस्ट से नाम गायब है; अब वे किस तरह से चुनाव लड़ पाएंगे? तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरा नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। उन्होंने सवाल पूछा है कि अब मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा? तेजस्वी यादव के इस दावे के बाद पटना जिला प्रशासन ने बाकायदा मतदाता सूची का वह प्रारूप भी जारी किया है, जिसमें तेजस्वी की फोटो के साथ उनका नाम, उम्र, पिता का नाम, मकान संख्या दर्ज है। पटना जिला प्रशासन ने कहा, "कुछ समाचार माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का नाम विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रारूप मतदाता सूची में नहीं है। इस बारे में जिला प्रशासन, पटना द्वारा जांच की गई। इसमें यह स्पष्ट हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष का नाम प्रारूप मतदाता सूची में दर्ज है। वर्तमान में उनका नाम मतदान केन्द्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, क्रम संख्या 416 पर अंकित है। पूर्व में उनका नाम बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, मतदान केन्द्र संख्या 171, क्रम संख्या 481 पर दर्ज था।" इसके साथ जिला प्रशासन ने मतदाता सूची का प्रारूप भी जारी किया है। इधर, जदयू ने भी राजद नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार निशाना साधा। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव को राजनीति का फरेबी बताते हुए कहा कि राजनीति का जालसाज पकड़ा गया। तेजस्वी यादव ने कहा कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में उनका नाम नहीं है। लेकिन यह फरेब है, झूठ है। उन्होंने आगे कहा कि सच यह है कि उनका नाम मतदाता सूची में है, जिसमें उनके नाम के साथ मकान संख्या 110, उम्र 36 दर्ज है।

**सरकार की योजना** किसानों को मिली 'सम्मान निधि,' कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले-

# केंद्र कृषकों की आय बढ़ाने के लिए कई योजना चला रही

● योजना के तहत किसानों के लिए पेंशन का भी प्रावधान है।

**एजेंसी। पटना**




### युवाओं के संघर्ष और जेपी आंदोलन की गूंज

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, "यह वही पवित्र धरती है, जहां भगवान बुद्ध और महावीर ने तपस्या की। यह आचार्य कौटिल्य की बुद्धिमत्ता का उदाहरण है और चंद्रगुप्त मौर्य का शौर्य है। यह वही धरती है, जहां किसानों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ बापू ने चंपारण में पहला आंदोलन शुरू किया, जहां महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और गलत शिक्षा के खिलाफ यहां के नौजवानों ने आंदोलन का शंखनाद किया, और लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसका नेतृत्व किया।

पीएम मोदी ने वाराणसी से 9.7 करोड़ किसानों के लिए 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना' की 20वीं किस्त जारी की। इसे लेकर पटना स्थित बापू सभागार में 'किसान उत्सव दिवस' का आयोजन किया गया, जहां कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, "केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 10 करोड़ किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपए से ज्यादा डीवीटी के माध्यम से ट्रांसफर किए। उन्होंने कहा, "ऐसी अनेकों योजनाएं हैं, जो किसानों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार चला रही है, और बिहार सरकार योगदान दे रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों के लिए पेंशन का भी प्रावधान है। कृषि मंत्री ने कहा, "इसके अलावा, लगभग 2 लाख करोड़ की फर्टिलाइजर सब्सिडी भी भारत सरकार किसानों को प्रदान कर रही है। केसीसी और अन्य संस्थाओं की ओर से भी किसानों को करीब 25 लाख करोड़ रुपए मिल रहे हैं। कृषि क्षेत्र में यह वृद्धि हो रही है।उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत, जब से यह योजना 2016 में शुरू हुई, अब तक 1,83,000 करोड़ रुपए किसानों के खाते में भेजे गए हैं। पानी के साधनों के विस्तार, सिंचाई योजनाओं और कोशी जैसी परियोजनाओं पर काम हो रहा है।" शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस और राजद के काल में कोई भी सहायता राशि नहीं दी जाती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए की सरकार हमेशा किसानों के हित में सोचती है। भारत सरकार किसानों के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

## 7 साल के बच्चे पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का केस दर्ज, मानवाधिकार संगठन ने की निंदा

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने बलूचिस्तान में सात साल के बच्चे पर आतंकवाद का केस दर्ज किए जाने की निंदा की है। उसने इस कदम को 'मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन' और देश में आतंकवाद विरोधी कानूनों का दुरुपयोग बताया है। 'एचआरसीपी' की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, "बलूचिस्तान के तुर्बत में एक 7 साल के नाबालिग बच्चे पर आतंकवाद की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करना बेहद निंदनीय और मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह कदम न केवल कानून की भावना के विपरीत है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा से संबंधित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का भी घोर उल्लंघन है। बयान में आगे कहा गया, "यह घटना तब हुई जब एक मासूम बच्चे ने यूट्यूब पर एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें मानवाधिकार कार्यकर्ता गुलजार दोस्त का एक भाषण शामिल था। महज एक वीडियो शेयर करने को आतंकवाद करार देना, राज्य की शक्ति के असंतुलित इस्तेमाल का एक उदाहरण है।

## कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे ने दी थी रिश्वत, अदालत ने अब सुनाई 12 साल की सजा

**बोगोटा** । कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रिश्वत से जुड़े एक मामले में कोर्ट ने उनको 12 साल की कड़ी सजा सुनाई है। उन पर मुकदमा चलने के दौरान केस से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने और रिश्वत देने का आरोप था। इस आपराधिक मामले में अब अल्वारों को 12 वर्षों की नजरबंदी की सजा सुनाई गई है। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद उरीबे ने कहा कि वे इस सजा के खिलाफ अपील करेंगे। वहीं, यह सजा लगभग छह महीने तक चली सुनवाई के बाद सुनाई गई, जिसमें अभियोजन पक्ष ने अदालत में सबूत पेश किए कि उरीबे ने उन गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी जिन्होंने उन पर 1990 के दशक में अर्धसैनिक समूहों से संबंध रखने का आरोप लगाया था। हालांकि उरीबे ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि यह मुकदमा राजनीति से प्रेरित है।

# 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' को बढ़ावा देने के लिए नौ देशों में चार प्रोजेक्ट्स शुरू

### विकासशील देशों के लिए सहयोग का नया मॉडल




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'साउथ-साउथ कोऑपरेशन' यानी दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत और संयुक्त राष्ट्र ने नौ साझेदार देशों में चार कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोजेक्ट्स के पहले चरण की शुरुआत की है। यह पहल 'इंडिया-यूएन ग्लोबल कैपेसिटी बिल्डिंग इनिशिएटिव' के तहत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजीएस) को हासिल करने में देशों की मदद करना है। इस पहल का शुभारंभ शुक्रवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने किया। इन नौ सहयोगी देशों में जाम्बिया, लाओस, नेपाल, बारबाडोस, बेलीज, सेंट किट्स एंड नेविस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो और दक्षिण सूडान शामिल हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के मिशनों के प्रमुख, संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शॉम्बी शार्प, राजनयिक, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईटीईसी) की कार्यान्वयन संस्थाओं के अधिकारी, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां और अन्य साझेदार संगठनों ने भी हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर लिखा, "एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' को बढ़ावा! 'इंडिया-यूएन ग्लोबल कैपेसिटी बिल्डिंग इनिशिएटिव' के तहत नौ साझेदार देशों में चार परियोजनाओं के पहले चरण की सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने शुरुआत की। मिशनों के प्रमुख, यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शॉम्बी शार्प, राजनयिक, आईटीईसी संस्थाओं के अधिकारी, यूएन एजेंसियां और अन्य साझेदार संगठन कार्यक्रम में शामिल हुए। ये परियोजनाएं खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, व्यावसायिक प्रशिक्षण और जनगणना की तैयारियों पर केंद्रित हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तन्मय लाल ने कहा कि "एसडीजी-17 और प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना में, वैश्विक क्षमता निर्माण के लिए यह नई भारत-संयुक्त राष्ट्र पहल और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। इसका उद्देश्य एसडीजी से संबंधित प्रमुख क्षेत्रों में अनुभव साझा करना और वैश्विक दक्षिण साझेदारों को सशक्त बनाना है।

### भारत-यूएन साझेदारी से एसडीजी को मिलेगी रफ्तार

'इंडिया-यूएन ग्लोबल कैपेसिटी बिल्डिंग इनिशिएटिव' के तहत, संयुक्त राष्ट्र अपनी वैश्विक पहुंच का उपयोग करते हुए भारत की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों और संस्थानों को अन्य देशों से जोड़ने में मदद करेगा, ताकि सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजीएस) को हासिल करने की गति तेज की जा सके। इस पहल में स्किल्स ट्रेनिंग, नॉलेज एक्सचेंज, और साझेदार देशों में पायलट प्रोजेक्ट्स जैसी कई गतिविधियां शामिल हैं, जिन्हें नए 'यूएन इंडिया एसडीजी कंट्री फंड' और आईटीईसी कार्यक्रम के जरिए लागू किया जाएगा। यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शॉम्बी शार्प ने कहा, "वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है)।

- **नौ सहयोगी देश शामिल :** जाम्बिया, लाओस, नेपाल, बारबाडोस, बेलीज, सेंट किट्स एंड नेविस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, दक्षिण सूडान।
- **कार्यक्रम में कई अहम संस्थाएं व प्रतिनिधि शामिल हुए :** मिशनों के प्रमुख, यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर शॉम्बी शार्प, राजनयिक, आईटीईसी संस्थाएं, यूएन एजेंसियां और अन्य साझेदार संगठन।
- **विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का बयान :** 'दक्षिण दक्षिण सहयोग' को बढ़ावा देने और एसडीजी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।



## वियतनाम में आई बाढ़ से आठ लोगों की मौत, तीन लापता

**हनोई (आईएएनएस)**

वियतनाम के उत्तरी प्रांत डिएन बिएन में बीते कुछ दिनों से हो रही मूसलधार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण भारी तबाही मची है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल के कुछ दिनों में 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 3 लोग लापता हैं। शनिवार सुबह 6 बजे तक की रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ और भूस्खलन के कारण करीब 60 घर बह गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। डिएन बिएन प्रांत के करीब 30 गांवों का संपर्क बाहरी दुनिया से टूट गया है, क्योंकि बाढ़ के कारण सड़कें और पुल नष्ट हो गए हैं। वियतनाम डिजास्टर एंड डाइक मैनेजमेंट अथॉरिटी के अनुसार, लापता लोगों की तलाश और राहत कार्यों के लिए करीब 700 से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों, मिलिट्री, स्थानीय स्वयंसेवकों और संगठनों के सदस्यों को लगाया गया है। ये टीमें बचे हुए लोगों को बचाने और राहत सामग्री पहुंचाने में दिन-रात जुटी हैं। शनिवार को वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा ने हालात का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी नागरिक को भूखा, सूचनाविहीन या अलग-थलग न रहने दिया जाए।

## जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई रहा सबसे गर्म महीना

**टोक्यो (आईएएनएस)**

जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा। मौसम एजेंसी के अनुसार, इस बार तापमान सामान्य से 2.89 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने शुक्रवार को बताया कि जुलाई में देश भर का औसत तापमान 1898 से अब तक का सबसे अधिक रहा, जो 2024 के पिछले रिकॉर्ड से 2.16 डिग्री सेल्सियस अधिक था। मौसम अधिकारियों ने बताया कि इस साल का तापमान सामान्य से बहुत ज्यादा था और देश में असामान्य रूप से उच्च तापमान का सामना करना पड़ा।

30 जुलाई को जापान के ह्योगो प्रान्त के ताम्बा शहर में तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो देश में अब तक का सबसे अधिक तापमान है।

# भारी स्कूल बैग बच्चों की रीढ़ की हड्डी के लिए है घातक

**ब्यूरो**


एआई जेनरेटेड

- **हो रहीं स्कोलियोसिस काइफोसिस व अन्य रीढ़ संबंधी विकृतियां**
- **भारी बैग कुबड़ापन या रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन पैदा कर सकते हैं**

**नई दिल्ली।** इनदिनों स्कूली बच्चों को बड़े व भारी स्कूल बैग ढोते , कभी इस कंधे कभी उस कंधे करते देखना आम बात है। लेकिन क्या आपको पता है कि इतना भारी बैग या स्कूल बैग न सिर्फ़ पीठ दर्द का कारण बन रहा है, बल्कि स्कोलियोसिस या रीढ़ की हड्डी की अन्य विकृतियों सहित अन्य प्रकार की क्षति भी पैदा कर रहा है। एक औसत स्कूली बच्चा एक दिन में लगभग 8 अलग-अलग विषय पढ़ता है। इसका मतलब है कि बच्चे कम से कम 8 अलग-अलग स्कूली किताबें ढोते हैं, और इसमें अन्य नोटबुक, वर्कशीट व अन्य ज़रूरी चीज़ें शामिल नहीं होतीं। समय के साथ भारी बैग ढोने के कारण अक्सर बच्चों को पीठ दर्द का अनुभव होता है, लड़कियों को आमतौर पर लड़कों की तुलना में ज़्यादा दर्द होता है। विशेष रूप से भारी स्कूल बैग ढोने वाले बच्चों का सिर अक्सर आगे की ओर झुक जाता है, जिससे पीठ पर पड़े भारी वज़न को संतुलित करने और संतुलित करने के लिए शरीर कूल्हों पर आगे की ओर झुक जाता है, जिससे आसन का अप्राकृतिक संरेखण होता है। चूंकि बच्चे पूरे दिन अपना बैग नहीं ढोते, शुक्र है कि इससे उनके विकास पर कोई खास असर नहीं पड़ता या बहुत कम असर पड़ता है। हालांकि भारी बैग कुबड़ापन या रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन पैदा कर सकते हैं, लेकिन इससे रीढ़ की हड्डी में स्थायी विकृति या स्कोलियोसिस नहीं होना चाहिए, जब तक कि बच्चे को पहले से ही ये समस्याएँ न हों। इसका मतलब है कि यदि किसी बच्चे को स्कोलियोसिस जैसी रीढ़ की हड्डी की समस्या पहले से ही है, लेकिन माता-पिता को इस स्थिति के बारे में पता नहीं है, तो रोजाना भारी बैग ढोने से रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन या झुकाव हो सकता है और बैग के अतिरिक्त वजन के कारण पहले से ही टेढ़ी या विकृत रीढ़ की हड्डी और भी खराब हो सकती है। लेकिन बच्चों को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है या उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है, खासकर जब बात उन छोटी-मोटी समस्याओं की आती है, जैसे कि यह समस्या, लेकिन असल में ये महत्वपूर्ण मामले हैं जिन पर ध्यान देने की ज़रूरत है। कुछ माता-पिता इस बात से पूरी तरह अनजान होते हैं कि उनके बच्चे हर दिन अपने बैग में कितना वज़न ढो रहे हैं, और जब उनके बच्चे पीठ दर्द की शिकायत करने लगते हैं, तो उन्हें इसका कारण पता भी नहीं चलता या हो सकता है, क्योंकि उन्होंने उस समय इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया या फिर ध्यान ही नहीं दिया। बच्चे के बैग का वज़न उसके वज़न और कद के हिसाब से होना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए, 30-40 किलो वज़न वाले बच्चे द्वारा ढोया जाने वाला बैग 2 किलो से ज़्यादा नहीं होना चाहिए। कई बच्चे 5 किलो तक वज़न वाले स्कूल बैग ढोते हैं, जिससे आगे चलकर बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ने की संभावना रहती है। इसलिए, यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर माता-पिता को ध्यान देना चाहिए और विकल्प तलाशने चाहिए। शैक्षणिक संस्थानों को भी इस समस्या को सुलझाने के उपायों पर विचार करना चाहिए, जैसे कि कक्षा में स्कूली किताबें रखने की अनुमति देना, जिससे आगे की समस्याओं को कम किया जा सके।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट 5 बच्चों की मौत, 12 घायल

**पेशावर** । पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत ज़िले में शनिवार को घातक विस्फोट हुआ है। यह धमाका एक पुराने मोर्टार शेल में हुआ। इस घटना में 5 बच्चों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पाकिस्तान पुलिस ने दी है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब बच्चों के एक समूह को पहाड़ियों में एक बिना फटा मोर्टार शेल मिला और वे उसे अपने गांव ले आए। पुलिस के अनुसार, वे बच्चे इस बात से अनजान थे कि वह एक बम है और खेलते समय शेल में विस्फोट हो गया। विस्फोट में पांच बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 12 अन्य घायल हो गए।

## यूक्रेन से युद्ध लड़ते-लड़ते एचआईवी एड्स का शिकार हुई पुतिन की सेना

**नई दिल्ली** । एक तरफ जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस को धमका रहे हैं। वहीं अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 रूस के नजदीकी क्षेत्रों में परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने टूथ पर लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्रों मेदवेदेव के अत्यधिक भड़काऊ बयानों को देखते हुए, मैंने एहतियातन दो परमाणु पनडुब्बियों को उपयुक्त क्षेत्रों में तैनात करने का आदेश दिया है।


# हमारे पास समुद्र में अमेरिका से ज्यादा परमाणु पनडुब्बियां : रूसी सांसद का ट्रंप पर पलटवार

**मॉस्को (आईएएनएस)**



एक वरिष्ठ रूसी सांसद ने दावा किया है कि रूस के पास वर्तमान में दुनिया के महासागरों में अमेरिका से ज्यादा परमाणु पनडुब्बियां तैनात हैं। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने दो परमाणु पनडुब्बियों को 'उपयुक्त क्षेत्रों' में भेजने की बात कही थी। ट्रंप का यह बयान पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की हालिया टिप्पणी के बाद सामने आया था। राज्य ड्यूमा की सीआईएस मामलों, यूरेशियन एकीकरण और प्रवासी संबंध समिति के पहले उपाध्यक्ष विक्टर वोडोलात्स्की ने कहा कि ट्रंप ने जिन जहाजों को 'उपयुक्त क्षेत्रों' में भेजने का आदेश दिया, वे पहले से ही नियंत्रण में हैं। मॉस्को को अमेरिकी राष्ट्रपति की बातों पर प्रतिक्रिया देने की कोई जरूरत नहीं है।

रूसी सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने वोडोलात्स्की के हवाले से कहा, "दुनिया के महासागरों में हमारी (न्यूक्लियर) पनडुब्बियां काफी ज्यादा हैं, (और उनके पास) सबसे मजबूत, सबसे शक्तिशाली हथियार हैं। इसलिए (ट्रंप की) दो नावें अगर घूम भी रही हैं, तो वह लंबे समय से हमारी निगरानी में हैं। हमारी ओर से कोई जवाब नहीं हो सकता, क्योंकि हम अच्छी तरह समझते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप कौन हैं। बीते कुछ महीनों में यह स्पष्ट हो गया है कि वह हर 24 घंटे में अपना मन बदलते रहते हैं।" मेदवेदेव के 'बेहद भड़काऊ बयानों' के जवाब में ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस कदम का ऐलान किया।




# 'द केरल स्टोरी' की टीम को मिले दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, फिल्म को लेकर छिड़ गया विवाद

### कांग्रेस ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

*71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में बॉलीवुड के लिए 'द केरल स्टोरी' सबसे बड़ी विजेताओं में से एक रही। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ छायांकन के लिए दो पुरस्कार जीते। हालांकि, फिल्म की टीम जश्न मना रही थी, लेकिन इस जीत पर राजनीतिक विवाद छिड़ गया। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार निर्णायक मंडल द्वारा फिल्म द केरल स्टोरी के लिए सुदीप्तो सेन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सहित दो पुरस्कार देने के फैसले की केरल में तीखी आलोचना हुई है।*




कहानी फिल्म जगत की

मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा "केरल की छवि धूमिल करने और सांप्रदायिक नफ़रत के बीज बोने के स्पष्ट इरादे से ज़बरदस्त ग़लत सूचना फैलाने वाली एक फ़िल्म को सम्मानित करके, राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों के निर्णायक मंडल ने संघ परिवार की विभाजनकारी विचारधारा में निहित एक कथानक को वैधता प्रदान की है। केरल, एक ऐसी भूमि जो हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के ख़िलाफ़ सद्भाव और प्रतिरोध का प्रतीक रही है, इस फ़ैसले से घोर अपमानित हुई है। कांग्रेस नेता के. सी. वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि फिल्म 'द केरल स्टोरी' को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना इस बात का एक उदाहरण है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किस तरह नफरत को प्रायोजित करती है और बढ़ावा देती है। पार्टी महासचिव ने कहा, ''यह फिल्म 'कूड़ेदान' में फेंक दिए जाने लायक है।

## पिछड़ों के हित की चिंता है, तो निकाय चुनाव में 27% आरक्षण की घोषणा करे राज्य सरकार

# कांग्रेस का चाल, चरित्र व चेहरा पिछड़ा विरोधी : आदित्य साहू

● कहा, पिछड़ों का विरोध कांग्रेस पार्टी के डीएनए में शामिल है

**नवीन मेल संवाददाता**

### भाजपा सरकार पिछड़ों के कल्याण के लिए समर्पित



सांसद आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों के कल्याण के लिए समर्पित है। आज 11 वर्षों से पिछड़ा समाज से आने वाले गरीब का बेटा भारत का लोकप्रिय प्रधानमंत्री है। उनके कैबिनेट में दर्जनों मंत्री पिछड़े समाज से हैं। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया।

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के बयान पर शनिवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी फिर से पिछड़ा समाज का हितैषी बनने का दिखावा कर रही है। जबकि, कांग्रेस पार्टी का चाल, चरित्र और चेहरा पिछड़ा विरोधी है। पिछड़ों का विरोध कांग्रेस पार्टी के डीएनए में शामिल है।

सांसद आदित्य साहू ने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने पिछड़ा वर्ग आयोग को कभी भी संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसे वीपी सिंह की सरकार ने लागू किया। उन्होंने कहा कि एक परिवार को महिमा मंडित करने में अनेक विद्वान और जनाधार वाले पिछड़े नेताओं को कांग्रेस पार्टी ने बार-बार अपमानित किया है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी पिछड़ों की हितैषी बनने का नाटक कर रही है, जबकि कांग्रेस समर्थित हेमंत सरकार में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया बिना पिछड़ा समाज के आरक्षण के संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तो पिछड़ों के आरक्षण को मुस्लिम समाज केलिए आरक्षित कर रही है। और, झारखंड में पिछड़ों के हित की बात कर रही है। यह तो साफ तौर पर उसकी नीयत को दिखाता है।

आदित्य साहू ने कहा कि आज तक राज्य सरकार ने ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया, जो आरक्षण के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए पहली संवैधानिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदीप यादव जी को पता होगा कि बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में, जिसमें वे स्वयं भी शामिल थे, पिछड़ों के आरक्षण को बढ़ाने की कोशिश की गई थी। लेकिन, कोर्ट के निर्देश में उसे लागू नहीं किया जा सका।

सांसद साहू कहा कि कांग्रेस पार्टी को अगर पिछड़ों की चिंता है, तो राज्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिलाना सुनिश्चित करे। केवल बयानबाजी से पिछड़े समाज का कल्याण नहीं होगा। उसे धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार की है।

# कृषि मंत्री दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल पहुंची मंत्री रामदास के स्वास्थ्य की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल पहुंचकर झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। रामदास सोरेन वर्तमान में अस्पताल में इलाजरत हैं। इस मौके पर मंत्री शिल्पी ने डॉक्टरों की टीम से मुलाकात कर चिकित्सा स्थिति और उपचार प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और चिकित्सकों की टीम लगातार निगरानी में है। अस्पताल में मौजूद शिक्षा मंत्री के पुत्र सोमेश सोरेन से भी मंत्री शिल्पी ने मुलाकात की। और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करेगी भाजपा : मनोज सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**




- 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में निकलेगी तिरंगा यात्रा
- 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं, युद्ध स्मारकों के लिए होगा स्वच्छता अभियान
- 13 से 15 अगस्त तक हर घर तक लगेगा तिरंगा
- 14 अगस्त को पार्टी मनाएगी विभाजन विभीषिका दिवस
- 3 से 5 अगस्त तक विभिन्न जिलों में और 6 से 8 अगस्त तक मंडलों में होगी कार्यक्रम की तैयारी बैठक

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के साथ तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने दी। कार्यक्रम केलिए नन्द जी प्रसाद, शशांक राज, बबलू भगत,और सीमा सिंह को सह संयोजक बनाया गया है। आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि तैयारियों को लेकर 3 अगस्त से 5 अगस्त तक विभिन्न जिलों में और 6 से 10 अगस्त तक मंडलों में कार्यशालाएं आयोजित होंगी। विभिन्न जिलों की आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के नेता शामिल होंगे।

बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 3 अगस्त को रांची महानगर की बैठक में शामिल होंगे जबकि संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 5 अगस्त को रामगढ़, 3 अगस्त को प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू लोहरदगा, डॉ प्रदीप वर्मा रांची ग्रामीण जिला, 4 अगस्त को प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह लातेहार में,प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद 6 अगस्त को जमशेदपुर महानगर, विकास प्रीतम 5 अगस्त को चतरा, 6 अगस्त को गढ़वा, आरती कुजूर खूंटी, बड़ कुंवर गगराई पूर्वी सिंहभूम, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी धनबाद महानगर और ग्रामीण की कार्यशाला में 5 अगस्त को शामिल होंगे। बताया कि 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों, प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बताया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों,पर कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराने का आग्रह किया जाएगा। कहा कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को पार्टी विभाजन विभीषिका दिवस भी मनाएगी।

## 17 से 19 सितंबर को होगा डिफेंस एक्सपो, बोले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

# राज्य को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर

**नवीन मेल संवाददाता**

### बी क्लास सीटी में पहली बार आयोजन




**रांची।** रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रांची में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रक्षा और एमएसएमई से जुड़े सेक्टर भाग लेंगे और अपनी प्रदर्शनी भी लगाएंगे। शनिवार को दोपहर एक बजे होटल रामदा में प्रेस वार्ता हुई जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री का वीजन भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इसी संकल्प के तहत रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है जिसमें झारखंड को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की भूमि में ईस्ट टेक 2025 पूर्वी भारत का चौथा डिफेंस एक्सपो रांची में 17 सितंबर से लेकर 19 सितंबर तक ठाकुर विश्वनाथ इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

यह एक्सपो पूर्वी भारत का चौथा दो बार कलकत्ते और एक बार गुवाहाटी में आयोजन किया गया था। झारखंड में इसकी तैयारी पिछले चार महीने से चल रही थी। इसका उद्देश्य रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो जो इंडस्ट्री क्षेत्र है उसे बूस्ट अप देना है। डिफेंस एक्सपो में भाग लेने के लिए 200 से ज्यादा कंपनियों और 50 एमएसएमइ ने रजिस्ट्रेशन कराया है। झारखंड के एमएसएमई इंडस्ट्रीज के, ट्रेड इंडस्ट्री, कॉमर्स इंडस्ट्रीज के लोग जुड़ें, चैंबर के लोग जुड़ें एक माहौल क्रिएट होगा तब जाकर यहां एक मौका मिलेगा। झारखंड सरकार का भी सहयोग मिल रहा है सभी एमएसएमई, स्टॉटअप, डीआरडीओ एक प्लेटफार्म में आए। स्कूल, कॉलेज के बच्चे भी इस कार्यक्रम में भाग लें। अभी का एरा जय जवान,जय किसान और और जय विज्ञान का है। जय जवान ऑपरेशन सिंदूर की विजय ऑपरेशन महावीर की विजय, जय किसान 81 करोड़ लोगों को फ्री अनाज यही अन्नदाता दे रहे हैं और जय विज्ञान जहां हमलोग स्पेस में वॉक कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री का संकल्प आत्मनिर्भर रक्षा मंत्रालय है यही आत्मनिर्भरता की गूंज ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला। दुनिया अचंभित है कि भारत ने अपने स्वदेशी हथियारों के दम पर चाहे वह ड्रोन हो, मिसाइल, एअर डिफेंस सिस्टम या ब्रह्मोस हो, कुछ ही मिनटों में काम तमाम कर दिया। लोगों का यकीन नहीं हुआ कि 22 मिनट में ही ऑपरेशन सिंदूर ने 9 आतंकी अड्डे 11 एअरबेस ध्वस्त कर दिए और कई आतंकी मारे। झारखंड के युवाओं को रोजगार का सुनहरा यही अवसर है सेना में युवा अपना भविष्य देखें। अब यह पुराना भारत नहीं कि इंपोर्ट करता रहे यह नया भारत है जो एक्सपोर्ट की भूमिका में है। यह गर्व की बात है कि डिफेंसे प्रोडक्शन पिछले साल 1,27,000 करोड़ रूपए का हुआ वहीं डिफेंस एक्सपोर्ट 23,622 करोड़ रूपए का हुआ और दुनिया के 92 देशों में हम एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि मेरा रक्षा राज्य मंत्री बनना तब सार्थक होगा जब झारखंड में रक्षा औद्योगिक गलियारे की स्थापना हो जो मेरा सपना है। यही मौका है झारखंड को आगे बढ़ने के। झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने बहुत बड़ा मौका दिया है। यह बहुत बड़ा स्टेप है डिफेंस एक्सपो का। बी क्लास सीटी में पहली बार यह आयोजन हो रहा है ,बी क्लास में भी कैपेबीलीटी है हुनर इसे साबित करना है। अभी शुरूआत है आगे दूर तक जाना है। हुनर वाली रांची बनाना है, वह दिन दूर नहीं जब झारखंड में डिफेंस कारिडोर की स्थापना होगी। वहीं विश्वास दिलाया कि एचईसी के दिन बहुरेंगे।

# मानवता को शर्मसार करने वाले निजी अस्पताल पर हो सख्त कार्रवाई : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष ने एक निजी अस्पताल के द्वारा किए गए जघन्य अपराध पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री मरांडी ने कहा कि रांची के एक निजी अस्पताल में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नवजात शिशु की मृत्यु के बाद भी उसे चार दिनों तक वेंटिलेटर पर रखकर परिजनों से लगातार पैसे वसूले गए। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पुष्टि हो चुकी है कि बच्चे की मौत पहले ही हो चुकी थी, बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों ने परिजनों को अंधेरे में रखकर इलाज के नाम पर मोटी रकम की उगाही की। कहा कि इस अमानवीय हरकत ने न केवल चिकित्सा पेशे की गरिमा को कलंकित किया है, बल्कि एक दुःखी परिवार की भावनाओं के साथ भी क्रूर मज़ाक किया है। जानकारी के अनुसार, डॉक्टरों ने झूठ बोलकर बच्चे को वेंटिलेटर पर ज़िंदा बताया और मृत शरीर के लिए लाखों रुपये का बिल थमा दिया।

# भवनाथपुर विधायक से मिले पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, स्वस्थ होने की दी शुभकामनाएं

**रांची।** भवनाथपुर, विधायक अनंत प्रताप देव की तबीयत खराब है।




उन्हें इलाज के लिए रांची स्थित मेडिका अस्पताल भरती किया गया है। विधायक के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने के बाद से ही समर्थक और शुभचिंतक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे है। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने शनिवार को मेडिका अस्पताल पहुंचकर अनंत प्रताप देव से मुलाकात की। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया विधायक के साथ एक फोटो पोस्ट किया। अपने पोस्ट में मिथिलेश ठाकुर ने लिखा मां गढ़देवी की कृपा से उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, जो हम सबके लिए सुखद बात है।

## नेत्रदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों को किया सम्मानित

# अंगदान के लिए समाज में फैलानी होगी जागरूकता : डॉ राजकुमार

**नवीन मेल संवाददाता**



**चार नेत्रदाताओं के परिवारों को किया सम्मानित :** स्व. ईश्वर सिंह, स्व. राम रतन राम, स्व. शारदा वोरा और स्व. हराधन महतो के परिवारों को एसओटीटीओ झारखंड ने सर्टिफिकेट व शॉल देकर सम्मानित किया।

**रांची।** स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एसओटीटीओ) झारखंड ने शनिवार को एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें नेत्रदान करने वाले दिवंगत महानुभावों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज में अंगदान के महत्व को रेखांकित करते हुए जागरूकता का संदेश भी दिया गया। इस समारोह में विशेष उल्लेख दिवंगत सुशांत सिंह का किया गया, जिनके परिवार ने वर्ष 2023 में लंदन में उनके अंग दान किए थे। सुशांत सिंह के पिता ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मेरा बेटा आज भी जीवित है। उसके अंगों के माध्यम से कई लोगों को नई जिंदगी मिली है। कार्यक्रम में रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार, डीन प्रो (डॉ) शशि बाला सिंह, नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार, एसओटीटीओ झारखंड के नोडल पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में निदेशक डॉ राजकुमार ने कहा, जब किसी व्यक्ति को ब्रेन डेड घोषित कर दिया जाता है, तो अंगदान को लेकर हिचक क्यों? आज भी ब्रेन डेथ की पुष्टि के बाद अंगदान नहीं हो पा रहा है। यही स्थिति कुछ वर्ष पहले रक्तदान को लेकर भी थी, लेकिन जागरूकता आने के बाद स्थिति बदली। अब अंगदान के लिए भी हमें समाज में जागरूकता फैलानी होगी। मीडिया और आम जनता को इसमें अहम भूमिका निभानी चाहिए। जब अंग दूसरों को जीवन दे सकते हैं, तो उन्हें व्यर्थ क्यों जाने दें? उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रिम्स प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान, रिम्स क्विज सोसायटी के वर्ष 2022 बैच के छात्रों द्वारा पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। यह आयोजन छात्रों ने अंगदान जैसे संवेदनशील विषय पर अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जागरूकता फैलाई।

# न्यायालय परिसर की सफाई और गरिमा बनाए रखना आवश्यक : न्यायायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सार्वजनिक स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देने के संदेश के साथ रांची के न्यायायुक्त ने जिले के सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ मिलकर शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। यह विशाल स्वच्छता अभियान झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान की हालिया निरीक्षण यात्रा के बाद प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में प्रारंभ किया गया है। यह पहल रांची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और कई अधिवक्ताओं के सहयोग से चलाई जा रही है।

इस अभियान की शुरुआत न्यायायुक्त, रांची द्वारा की गई, जिसमें न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने झाड़ू उठाकर स्वच्छता के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की। कोर्ट परिसर में इतने व्यापक स्तर पर सफाई कार्य इससे पहले कभी नहीं हुए थे। इससे समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का नया मानक स्थापित हुआ है।

सभा को संबोधित करते हुए न्यायायुक्त ने कहा कि न्यायालय परिसर की सफाई और गरिमा बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि यह संस्था की प्रतिष्ठा को दर्शाता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने भी इसी भावना को दोहराया और अधिवक्ताओं व कर्मचारियों से अपने आस-पास की स्वच्छता की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। यह पहल बार और बेंच दोनों द्वारा प्रतिबद्धता और उत्साह के एक नए स्तर को दर्शाती है और एक सामान्य उद्देश्य के लिए सर्वोत्तम समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची के सचिव ने कहा कि यह अभियान 10 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें सभी कोर्ट ब्लॉक, प्रतीक्षा क्षेत्र, रिकॉर्ड कक्ष और आसपास के रास्तों की सफाई की जाएगी। कोर्ट स्टाफ, पैरा लीगल वॉलेंटियर्स और बार के सदस्यों सहित कई स्वयंसेवकों ने इस नागरिक जिम्मेदारी में भाग लेने की शपथ ली है। यह स्वच्छता अभियान केवल एक प्रतीकात्मक पहल नहीं है, बल्कि न्याय व्यवस्था के भीतर निरंतर सामूहिक प्रयास और नागरिक अनुशासन का आह्वान है।

## पृष्ठ एक के शेष

**किसानों और छोटे उद्योगों का कल्याण...**

देश का भला चाहते हैं और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखना चाहते हैं, उन्हें अपने मतभेदों को भुलाकर 'स्वदेशी' उत्पादों के लिए संकल्प लेना चाहिए। हम केवल वही चीजें खरीदेंगे, जो भारतीयों द्वारा बनाई गई हैं। हमें वोकल फॉर लोकल को अपनाने की जरूरत है।

**हजारीबाग पुलिस ने किया...**

रखा गया। इस दौरान उदय कुमार ने वादी के गरीब पिता को अमेरिका से कॉल कर और पैसे की मांग की। विवश होकर वादी के पिता ने अपनी पैतृक जमीन बेचकर लगभग 45 लाख रुपए की राशि उदय कुमार के रिश्तेदारों को अलग-अलग माध्यम से दी। वादी को मेक्सिको सिटी होते हुए सैन डियागो भेजा गया, लेकिन अमेरिकी बॉर्डर पर उसे पकड़कर डिटेंशन सेंटर में डाल दिया गया। वहां वह लगभग चार महीने तक रहा। मार्च 2025 में उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। घर लौटने के बाद जब वादी ने अपनी रकम की मांग की, तो उदय कुमार और उनके भाई चोहान प्रसाद द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। डर के कारण वादी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस पर टाटीझरिया थाना कांड संख्या 32/25 दिनांक-31/07/2025 धारा-338/336(2)/340(2)/61(2)(ए)/ 318(2)/ 143(2)/126(2)/115(2)/351(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया। छापामारी दल में बैजनाथ प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़, सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी, टाटीझरिया, पुअनि पवन कुमार (अनुसंधानकर्ता), टाटीझरिया, कुणाल किशोर, थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना, आरक्षी संजय कुमार, रिजर्व गार्ड, आरक्षी टिंकू कुमार, रिजर्व गार्ड, आरक्षी कादिर हुसैन अंसारी, तकनीकी शाखा एवं आरक्षी मोनू कुमार, तकनीकी शाखा शामिल थे।

**तालीम व इतिहास की समझ, हर...**

की पहल का उल्लेख किया गया। उन्होंने सैयद अर्शे आला फरीदी और एडवोकेट अमजद खान के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में महाराष्ट्र की एनजिओ स्कूल मैनेजमेंट फेडरेशन को भी शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया गया। फेडरेशन की ओर से प्रिंसिपल नाज़ खान, कोषाध्यक्ष सईद खान, रईस खान और इस्तियाक सर ने यह सम्मान प्राप्त किया, जो सांसद संजय सिंह और उत्तर प्रदेश की विधायक शाईदा खातून के हाथों प्रदान किया गया। बोर्ड के प्रवक्ता बादशाह खान ने बिहार विधानसभा और महाराष्ट्र निकाय चुनाव के लिए ईमानदार सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी के रूप में सामने लाने की घोषणा की।

बोर्ड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमजद खान ने अपने संबोधन में कहा कि बोर्ड देश में सियासी जागरूकता फैलाने और बेकसूर कैदियों की रिहाई के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। वहीं, मिल्लत टाइम्स के सीईओ शम्स तबरेज कासमी ने शिक्षा को हर व्यक्ति के लिए आवश्यक बताते हुए अफवाहों से सावधान रहने की अपील की।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव रोहित पांडे ने कहा, "क्या अन्याय के खिलाफ केवल उलेमा ही आवाज उठाएंगे? क्या आम नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती?"

बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मौलाना नौशाद अहमद सिद्दीकी और यूथ विंग के अध्यक्ष के तौर पर हाफिज सरताज नवाज़ की नियुक्ति की गई।

कन्वेंशन में जयपुर से हाजी नईम कुरैशी, आगरा से पत्रकार अज़हर उमरी, महाराष्ट्र से संपादक तौफीक उमरी और गुजरात से मुस्तफा खोड़ा समेत देशभर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गुजरात हज कमेटी के चेयरमैन इकबाल मियां ने भी बोर्ड को अपनी सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि उनकी अध्यक्षता में गुजरात हज कमेटी देश में नंबर 1 बनी।

सांसद संजय सिंह ने अपने वक्तव्य में शिक्षा को समाज की बुनियाद बताया और कहा कि इतिहास की सच्चाई को समझना भी उतना ही ज़रूरी है, क्योंकि कुछ ताकतें इसे बदलने की कोशिश कर रही हैं।

विधायक शाईदा खातून ने कहा, "महिलाओं को राजनीति में अनेक रुकावटों का सामना करना पड़ता है—अपने भी और पराए भी रोड़ा अटकाते हैं—लेकिन हमें मेहनत और नीयत से आगे बढ़ते हुए देश की सेवा करनी है।"

प्रिंसिपल शबाना खान ने अपने भाषण में शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षित करना ही उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए स्कूल और कॉलेज की स्थापना आवश्यक है।

**जीर्णोद्धार** | उन्नत तकनीक का उपयोग कर लद्दाख के बौद्ध मठों का बनेगा विस्तृत संरचनात्मक मानचित्र

# बौद्ध मठों के संरक्षण में सीयूजे दे रहा महत्वपूर्ण योगदान

- तीन प्रोफेसरों की एक टीम कर रही है परियोजना का नेतृत्व
- परियोजना तीन साल चलेगी, डीएसटी ने दिए हैं 1.14 करोड़ रुपए

**नवीन मेल संवाददाता**

### सीयूजे के कुलपति ने शोधकर्ताओं के दृढ़ प्रयासों की सराहना की



झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने सीयूजे के शोधकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने भारत के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धरोहरों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के उनके दृढ़ प्रयासों की सराहना की।

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के तीन प्रोफेसरों की एक टीम बौद्ध मठों के संरक्षण के लिए एक परियोजना का नेतृत्व कर रही है। इस परियोजना का नाम 'फील्ड बेस्ड 3डी लेजर स्कैनर स्ट्रक्चरल (एक्सटीरियर एंड इंटीरियर) मैपिंग एंड मॉनीटरिंग ऑफ बुद्धिस्ट मॉनेस्ट्रीज फॉर कंजरवेशन प्लानिंग इनकॉरपोरेटिंग नेचुरल हजाड्र्स इन पार्ट्स ऑफ लाहौल-स्पीति लद्दाख, कोल्ड डेजर्ट रीजन ऑफ इंडिया' है।

यह परियोजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा विज्ञान एवं विरासत अनुसंधान पहल (साइंस एंड हेरिटेज रिसर्च इनिशिएटिव, एसएचआरआई) के अंतर्गत भू-सूचना विज्ञान विभाग, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची को स्वीकृत की गई है। इस डीएसटी-एसएचआरआई की यह पहल लद्दाख क्षेत्र में संवेदनशील विरासत स्थलों के संरक्षण एवं उनके सतत विकास की योजना बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना तीन साल चलेगी, जिसके अंतर्गत डीएसटी द्वारा 1.14 करोड़ रुपए दिए गए हैं। परियोजना के प्रधान शोधकर्ता प्रो अरविंद चंद्र पांडे ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य लिडार (एलआईडीएआर) प्रौद्योगिकी और उन्नत 3डी लेजर स्कैनिंग का उपयोग करके बौद्ध मठों के विस्तृत संरचनात्मक मानचित्र (बाहरी और आंतरिक) को बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि यह क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के तहत प्राकृतिक खतरों का आंकलन करता है। डीएसटी ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लामायुरु मठ और करशा मठ (जांस्कर) में दो स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस) की स्थापना के लिए वित्त प्रदान किया है।

हाल ही में परियोजना के सभी शोधकर्ताओं ने लद्दाख का दौरा किया और जलवायु डाटा प्राप्ति के लिए सुरक्षित स्थान और दृश्य क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए इन मठों के निकट पहला स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित किया।

सीयूजे के भू-सूचना विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ चंद्रशेखर द्विवेदी, सह-प्रमुख अन्वेषक ने परियोजना के परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में प्राकृतिक खतरों के तहत मानचित्रित मठों के सतत विकास के लिए संरक्षण योजना और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने में मदद करेगी और इन प्रतिष्ठित मठों और उनके आसपास के भू-पर्यावरण के अनुसार सतत विकास में योगदान देगी।

एक अन्य सह-प्रमुख अन्वेषक डॉ कोंचक ताशी, सहायक प्रोफेसर, सुदूर-पूर्व भाषा विभाग, सीयूजे, जो इस क्षेत्र के निवासी भी हैं, ने कहा कि दीर्घकालिक जलवायु डाटा और जलवायु परिवर्तन प्रभाव विश्लेषण के अनुसार, ये दो मठ/क्षेत्र, लद्दाख में बादल फटने के लिए हॉटशॉट क्षेत्रों में आते हैं। ये दोनों मठ लगभग हजार साल पुराने और लद्दाख के सबसे पुराने मठों में से हैं, जहां बौद्ध धर्मग्रंथ अच्छी तरह से संरक्षित हैं। यही कारण है कि इन मठों को जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं से विशेष सुरक्षा की आवश्यकता है।

डॉ ताशी ने आगे कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं, त्रिपिटक, इन मठों में अच्छी तरह से संरक्षित हैं, जो मूल रूप से संस्कृत और पाली में उपलब्ध हैं और अब मठों में तिब्बती में अनुवादित संस्करण में उपलब्ध हैं। ये सभी लेखन पारंपरिक 'ताड़पत्र' (पत्ते से बना प्राचीन कागज) पर संरक्षित हैं। शोधकर्ताओं और उनकी टीम का जांस्कर के भिक्षुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया, तथा उन्हें सम्मान और आतिथ्य के प्रतीक पारंपरिक स्कार्फ 'खटक' से सम्मानित किया।

# फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद मेसी का हो सकता है दीदार



**एजेंसी। कोलकाता**

अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दीदार का मौका मिलेगा जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेसी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा, 'सब कुछ तय हो गया है और हमें मेसी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आयेगी।' कार्यक्रम के अनुसार मेसी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे जहां वह दो दिन और एक रात रूकेंगे। कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जाएंगे जहां दोपहर 12 से डेढ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा।

सूत्र ने कहा, 'वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे, जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिए टिकट की न्यूनतम दर 3500 रूपये होगी। हमें उम्मीद है कि 68000 की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेसी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं। मेसी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे जहां सीसीआई पर शाम 3.45 पर 'मीट एंट ग्रीट ' कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5.30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिए वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है। मीडिया रपटों में कहा गया था कि मेसी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एम एस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया।



**कोलकाता दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद में दिखेगा भौकाल**

- 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे

## लक्ष्य और मन्नेपल्ली की हार, खत्म हुआ भारतीय अभियान

**एजेंसी। मकाऊ**



लक्ष्य सेन और थारुन मन्नेपल्ली अपने-अपने पुरुष एकल सेमीफाइनल गंवा बैठे, जिसके साथ 'मकाऊ ओपन' में भारत का अभियान शनिवार को समाप्त हो गया। लक्ष्य को पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई शटलर अल्वी फरहान के खिलाफ 39 मिनट में 16-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह के खिलाफ एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

यह 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में लक्ष्य सेन का अब तक का सबसे सफल अभियान रहा। इस सीजन में वह पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे। पिछले साल के अंत में सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतने के बाद से उन्होंने 10 बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट खेले, लेकिन किसी में सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सके थे। इस सीजन में लक्ष्य को दो बार दूसरे राउंड और छह बार पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें चाइना ओपन जैसी बड़ी प्रतियोगिता भी शामिल है।

लक्ष्य ने गुरुवार को कड़े मुकाबले में जीत के बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और उसके बाद चीन के झू झुआन चेन पर तीन गेम से जीत दर्ज की। 23 वर्षीय थारुन मन्नेपल्ली के लिए मकाओ ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचना करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

उन्होंने चीनी शटलर हू झे आन को 21-12, 13-21, 21-18 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले थारुन ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए हांगकांग के टॉप सीड ली चिउक यियू को जबरदस्त वापसी करते हुए हराया था। ओपनिंग गेम में थारुन ने तेज शुरुआत करते हुए 11-6 की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर मलेशियाई खिलाड़ी होह ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 पर ला दिया। हालांकि, थारुन ने संयम बनाए रखते हुए गेम को अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई खिलाड़ी होह ने लगातार बढ़त बनाए रखी, हालांकि थारुन भी बराबरी की टक्कर देते रहे।

# ओवल टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को दिया 374 रनों का टारगेट



**118 रनों की शानदार पारी खेली**

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का आखिरी टेस्ट मैच लंदन के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहा है. इस मुकाबले का आज (2 अगस्त) तीसरा दिन है. भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 396 रन बनाए. यानी भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का टारगेट दिया है। इस मैच में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 224 रन बनाए. जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 247 के स्कोर पर सिमटी. यानी इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली. यह मैच भारतीय टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है. भारतीय टीम पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज को तभी बराबर कर पाएगी, जब वो ये मैच जीतेगी. अगर ओवल टेस्ट ड्रॉ रहा या इंग्लैंड ने जीत हासिल की तो शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम सीरीज गंवा देगी। भारतीय टीम के लिए दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने तूफानी बैटिंग की. यशस्वी जायसवाल ने 7 चौके और दो छक्के की मदद से महज 44 गेंदों पर ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया. हालांकि यशस्वी को इस दौरान दो जीवदान भी मिलो. उधर केएल राहुल (7 रन) और साई सुदर्शन (11 रन) कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। फिर तीसरे दिन के खेल के पहले सेशन में नाइटवॉचमैन आकाश दीप और यशस्वी जायसवाल ने पारी को आगे बढ़ाया. दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 107 रनों की पार्टनरशिप हुई. आकाश दीप ने इस दौरान 9 चौके की मदद से 70 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया. अपने इंटरनेशनल करियर में आकाश दीप ने पहली बार अर्धशतक जड़ा. जेमी ओवर्टन ने आकाश दीप को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. आकाश दीप ने 94 गेंदों पर 66 रन बनाए, जिसमें 12 चौके शामिल रहे। इसके बाद भारतीय टीम ने तीसरे दिन के दूसरे सेशन में कप्तान शुभमन गिल का विकेट सस्ते में गंवा दिया. गिल को 11 रनों के निजी स्कोर पर गस एटकिंसन ने चलता किया. गिल के आउट होने के कुछ देर बाद यशस्वी ने अपना छठा टेस्ट शतक जड़ा. यशस्वी ने 11 चौके और दो छक्के की मदद से 127 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. यशस्वी के टेस्ट करियर का छठा शतक रहा. करुण नायर (17 रन) कुछ खास नहीं कर पाए और उन्हें गस एटकिंसन ने आउट किया। यशस्वी जायसवाल आउट होने वाले अगले बल्लेबाज रहे, जिन्हें जोश टंग ने चलता किया. यशस्वी ने 14 चौके और दो छक्के की मदद से 164 गेंदों पर 118 रन बनाए. इसके बाद ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने सातवें विकेट के लिए 50 रनों की पार्टनरशिप की।

## जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए महिला टीम हुई रवाना



**रांची।** 12 अगस्त 2025 तक काकीनाडा आंध्रप्रदेश में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए झारखंड जूनियर महिला हॉकी टीम आज अहले सुबह टाटा से काकीनाडा के लिए रवाना हुई। हॉकी झारखंड और खेल विभाग के अधिकारियों ने झारखंड टीम को जीत की शुभकामनाएं दी है। झारखंड टीम इस प्रतियोगिता में ए डिविजन में है पूल ए में हॉकी कर्नाटक और हॉकी छत्तीसगढ़ के साथ है, पहला मैच 5 अगस्त को कर्नाटक के साथ तथा 06 अगस्त को हॉकी छत्तीसगढ़ के साथ है।

## उद्घाटन मैच में नगड़ी अचीवर्स लायंस टीम ने नगड़ी अचीवर्स पैंथर्स को 43 रनों से हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी के कोलांबी मैदान में आज नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी — 2 प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व खिलाड़ी एवं नगड़ी क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष संजय मिश्रा , कोच एवं सचिव सौमित्र पटनायक, पूर्व खिलाड़ी उदय शर्मा उर्फ टारजन ,समाजसेवी गौतम सिंह, अंबर इंडस्ट्रीज के निदेशक अंबर कुमार व समाजसेवी चारो उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में नगड़ी अचीवर्स लायंस और नगड़ी अचीवर्स पैंथर्स के बीच में हुआ। पैंथर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। लायंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 141/7 रन बनाया। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पैंथर्स की टीम 19 ओवर में 98 रन बना कर ऑल आउट हो गई।और लायंस की टीम ने मैच 43 रनों से जीत लिया। मैच के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए लायंस के ऑलराउंडर खिलाड़ी अभिषेक उरांव को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। प्लेयर ऑफ द मैच का इनाम संजय मिश्रा एवं उदय शर्मा ने संयुक्त रूप से दिया।



# ट्रेड डील के बाद अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच अच्छे संबंध : ट्रंप

**एजेंसी। वाशिंगटन**



- "हमारा दक्षिण कोरिया के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है
- अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के लिए शुल्क दर 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी है

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच रिश्ते बेहद अच्छे हो गए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच हुए नए व्यापार समझौते के बीच ट्रंप का ये बयान सामने आया है। यह समझौता कई महीनों से चल रही टैरिफ वार्ताओं के बाद हुआ है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह टिप्पणी एक पत्रकार के सवाल के जवाब में की। पत्रकार ने उनसे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ होने वाली बैठक के बारे में पूछा था। ट्रंप ने कहा कि यह बैठक दो हफ्तों के भीतर व्हाइट हाउस में होगी। एजेंसी के मुताबिक, ट्रंप ने कहा, "हमारा दक्षिण कोरिया के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है।" बुधवार को ट्रंप ने इस व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत अमेरिका ने कोरिया पर लगाए जाने वाले "रेसिप्रोकल टैरिफ" को 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इसके बदले में दक्षिण कोरिया ने अमेरिका में निवेश करने और कुछ अन्य वादे किए हैं। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति दो हफ्तों के अंदर व्हाइट हाउस आएंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून ने भी कहा कि इस बैठक के लिए तारीख तय करने पर बातचीत चल रही है। वित्त, उद्योग और कृषि मंत्रालयों ने प्रेस रिलीज में कहा, "कोरिया-अमेरिका व्यापार समझौता चावल से जुड़ा नहीं है।" गुरुवार को हुए इस समझौते के अनुसार, अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के लिए शुल्क दर 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी है। इसके बदले में दक्षिण कोरिया ने वादा किया है कि वह आने वाले चार वर्षों में अमेरिका में 350 अरब डॉलर का निवेश करेगा और 100 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद खरीदेगा। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका ने दक्षिण कोरिया पर यह दबाव डाला था कि वह अपने चावल और बीफ बाजार के द्वार उनके लिए खोले, खासकर 30 महीने से अधिक उम्र की गायों से बने अमेरिकी बीफ उत्पादों पर लगे प्रतिबंध को हटाने की बात की गई थी।

### बीसीआई टाइटेनियम के गठन के छह माह पूरे, मासिक व्यापारिक प्रगति पर चर्चा

# एक दूसरे का रिफ्रेंस देकर कारोबार को दे रहे बढ़ावा: किशोर मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) टाइटेनियम रांची की बैठक शनिवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ प्लेटिनम के अध्यक्ष हिमानी गुप्ता ने कहा कि सदस्यों के सहयोग पिछले माह बीसीआई टाइटेनियम के सदस्यों ने करोड़ों का कारोबार किया है। यह हमारे संगठन के लिए एक सुखद प्रयास है। मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि बीसीआई टाइटेनियम के गठन के छह माह हो गये हैं। इन छह माह में सदस्यों के सहयोग से अपने कारोबार को नई गति दे रहे हैं। सदस्य एक दूसरे का रिफ्रेंस देकर कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे ही एक दूसरे का सहयोग करेंगे तो सदस्यों का कारोबार निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। मिलने जुलने से कारोबार बढ़ता है। एक दूसरे के व्यापार को जानने और समझने का अवसर प्राप्त होता है। बैठक में सभी सदस्यों ने पिछले एक माह के व्यापारिक प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की और व्यापार बढ़ाने को लेकर अनुभव साझा किए। बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। बैठक में शहर के जाने-माने फिजिशियन और डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ आशुतोष सिंह ने फिट रहने के गुर बताएं। बैठक में कई नए विज़िटर्स ने भी भाग लिया। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। इस अवसर पर निदेशक धीरज ग्रोवर, शिव कुमार, बीसीआइ टाइटेनिमय की उपाध्यक्ष डॉ शिप्रा साह, सचिव अनूज अग्रवाल, अभिषेक रंजन, सुबोध कुमार, अनुमप गुप्ता, प्रियंका शास्त्री, नीरज कुमार रंधीर सिंह, विवेक बाजोरिया समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## अमेरिका-रूस तनाव से कच्चे तेल की कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं

**एजेंसी। मुंबई**



अमेरिका-रूस तनाव से कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान पड़ने का खतरा पैदा हो गया है जिससे कारण ब्रेंट क्रूड की कीमतें 80 से 82 डॉलर प्रति बैरल के बीच पहुंच सकती हैं। यह जानकारी शनिवार को विश्लेषकों की ओर से दी गई। विश्लेषकों के अनुसार, ब्रेंट ऑयल के अक्टूबर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट का शॉर्ट-टर्म टारगेट 72.07 डॉलर से बढ़कर 76 डॉलर हो गया है। 2025 के अंत तक, ब्रेंट क्रूड की कीमत 80-82 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। नीचे की ओर समर्थन 69 डॉलर पर है। डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल के सितंबर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट, जो अभी 69.65 डॉलर पर है, का शॉर्ट-टर्म टारगेट 73 डॉलर है। 2025 के अंत तक, डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 76-79 डॉलर तक पहुंच सकती है। नीचे की ओर समर्थन 65 डॉलर पर है। इस सप्ताह की शुरुआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए 10-12 दिन की समय सीमा दी थी। ऐसा न करने पर रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त प्रतिबंध और सेकेंडरी टैरिफ लगाए जा सकते हैं, जिससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं।

ट्रंप ने पहले घोषणा की थी कि सेकेंडरी टैरिफ 500 प्रतिशत तक हो सकते हैं। रूस से कच्चे तेल के आयात पर निर्भर देशों को अब डिस्काउंटेड प्राइस और अमेरिका को निर्यात पर हाई टैरिफ के बीच संतुलन बनाना चाहिए।

वेंचुरा सिक्योरिटीज में कमोडिटीज और सीआरएम प्रमुख एनएस रामास्वामी ने कहा, "इससे अतिरिक्त उत्पादन क्षमता में कमी और आपूर्ति में कमी के कारण तेल बाजार में अचानक बदलाव आ सकता है, जिससे 2026 तक बाजार में कच्चे तेल का सरप्लस कम हो जाएगा।"

## आरबीआई अगस्त एमपीसी बैठक में रेपो रेट में कर सकता है 25 आधार अंक की कटौती

**एजेंसी। मुंबई**



आरबीआई वैश्विक अस्थिरता और महंगाई में कमी के कारण आने वाली मौद्रिक नीति कमेटी की बैठक में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। यह जानकारी शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया कि आरबीआई अगस्त एमपीसी बैठक में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। अगर यह रेट कट होता है तो इससे क्रेडिट ग्रोथ को वित्त वर्ष 26 के फेस्टिव सीजन शुरू होने से पहले बड़ा बूस्ट मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि ऐतिहासिक तौर पर जब भी फेस्टिव सीजन शुरू होने से पहले ब्याज दरों में कटौती की जाती है तो क्रेडिट ग्रोथ के बड़ा बूस्ट मिलता है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि केंद्रीय बैंकों के नीति निर्माताओं को बहुत देर से कार्रवाई करके प्रभावी हस्तक्षेप का अवसर गंवाने से बचना चाहिए। साथ ही कहा गया, "बैकलोडिंग या टाइप II गलती करने का कोई मतलब नहीं है।"टाइप II गलती तब होती है जब केंद्रीय बैंक शून्य परिकल्पना को अस्वीकार करने में विफल रहता है, यह मानते हुए कि महंगाई में कमी अस्थायी है, और इसलिए दरों में कटौती नहीं करता है, लेकिन वास्तव में, महंगाई लगातार कम बनी रहती है और आउटपुट गैप कमजोर होता रहता है।

## ऑटोपायलट क्रैश केस में अमेरिका में टेस्ला पर लगा 240 मिलियन डॉलर से अधिक का जुर्माना

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

अमेरिका में एक फेडरल जूरी ने अरबपति कारोबारी एलन मस्क के नेतृत्व वाली इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला पर 2019 में हुई एक दुर्घटना के पीड़ितों को 240 मिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया है। यह दुर्घटना कथित तौर पर कंपनी की खराब "ऑटोपायलट" ड्राइवर असिस्टेंस टेक्नोलॉजी के कारण हुई थी। पीड़ितों के अनुसार, जूरी ने टेस्ला के सिस्टम को दुर्घटना के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार पाया।2019 में हुई इस दुर्घटना में एक टेस्ला मॉडल 3 कार ने देर रात सड़क किनारे तारों को निहार रहे प्रेमी युगल नाइबेल बेनावाइड्स लियोन और डिलन एंगुलो को टक्कर मार दी थी, इसमें 22 वर्षीय लियोन की मृत्यू हो गई थी, जबकि एंगुलो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटनाग्रस्त टेस्ला कार के ड्राइवर ने अपने मोबाइल फोन के कारण ध्यान भटकने की बात स्वीकार की है।